

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 64 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 13 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## किसानों को बड़ी राहत: 2026 के लिए खोपरा एमएसपी में 445 रुपये तक की बढ़ोतरी



समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में 2026 सीजन के लिए खोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी गई है। यह निर्णय किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और नारियल उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

किसानों को लाभकारी कीमतें देने हेतु, सरकार ने 2018-19 के केन्द्रीय बजट में घोषणा की थी कि सभी अनिवार्य फसलों का एमएसपी पूरे भारत में उत्पादन की औसत लागत के कम से कम 1.5 गुना स्तर पर तय किया जाएगा। वर्ष 2026 सीजन के लिए मिलिंग खोपरा के उचित औसत गुणवत्ता (फेयर एवरेज क्वालिटी) का एमएसपी 12,027 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल खोपरा का एमएसपी 12,500 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

वर्ष 2026 सीजन के लिए एमएसपी पिछले सीजन की तुलना में मिलिंग खोपरा के लिए 445 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल खोपरा के लिए 400 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। सरकार ने विपणन सीजन 2014 के लिए मिलिंग खोपरा और बॉल खोपरा का एमएसपी क्रमशः 5,250 रुपये प्रति क्विंटल और 5,500 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर विपणन सीजन 2026 के लिए क्रमशः 12,027 रुपये प्रति क्विंटल और 12,500 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जिसमें क्रमशः 129 प्रतिशत और 127 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

अपेक्षाकृत अधिक एमएसपी न सिर्फ नारियल उगाने वालों को बेहतर मुनाफा दिलाएगा, बल्कि किसानों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नारियल के उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए खोपरा का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित भी करेगा।

नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नाफेड) और नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन (एनसीसीएफ) मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत खोपरा की खरीद के लिए केन्द्रीय नोडल एजेंसियों (सीएनए) के तौर पर काम करते रहेंगे।

## यूपी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव पर बढ़ी सरगर्मी

**14 दिसंबर को दिया जाएगा निर्वाचन प्रक्रिया को अंतिम रूप**

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए प्रदेश





अध्यक्ष के चुनाव को लेकर संगठन में गहमागहमी तेज हो गई है। तीन दिन चलने वाली इस चुनावी प्रक्रिया का अंतिम परिणाम 14 दिसंबर को सामने आएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नए अध्यक्ष के चुनाव हेतु 400 से अधिक प्रांतीय सदस्य लखनऊ पहुंच रहे हैं, जो औपचारिक रूप से मतदान करने वाले प्रतिनिधि हैं।

**प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 13 दिसंबर से आरंभ होगी**

## पीएम मोदी की 3 देशों की यात्रा से पश्चिम एशिया और अफ्रीका में बढ़ेगा भारत का निर्यात : फियो



समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 15 से 18 दिसंबर तक जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान का प्रस्तावित तीन-देशों का दौरा भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस (फियो) ने शुक्रवार को कहा कि यह यात्रा पश्चिम एशिया और अफ्रीका में भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए बड़े अवसर प्रदान करेगी।

**भारतीय निर्यातकों को नए बाजारों तक पहुंच और दीर्घकालिक व्यापारिक सहयोग बढ़ाने में मिलेगी मदद**

फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा, "प्रधानमंत्री का तीन देशों का यह दौरा भारत के पश्चिम एशिया और अफ्रीका के प्रमुख साझेदारों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को सुदृढ़ करने का संकेत है। इन देशों के साथ साझेदारी को और गहरा करने से भारतीय निर्यातकों को नए बाजारों तक पहुंच और दीर्घकालिक व्यापारिक सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी।"

**जॉर्डन पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण गेटवे**

उन्होंने बताया कि जॉर्डन पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण गेटवे है। भारत का जॉर्डन के साथ कुल द्विपक्षीय व्यापार अप्रैल से अगस्त 2025-26 के दौरान 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें केवल पांच महीनों में करीब 461 मिलियन डॉलर का निर्यात शामिल है। जॉर्डन के साथ आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने से फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग सामान, वस्त्र, आईटी सेवाएं और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार के अवसर बढ़ेंगे। अनुमान है कि 2030 तक भारत का निर्यात 5 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

**मोदी 16-17 दिसंबर को इथियोपिया जाएंगे**

प्रधानमंत्री मोदी 16-17 दिसंबर को इथियोपिया जाएंगे, जो अफ्रीका की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और भारत का महत्वपूर्ण साझेदार भी। फियो प्रमुख के अनुसार, इथियोपिया अफ्रीकी क्षेत्र का एक अहम सदस्य है, ऐसे में यह दौरा व्यापार, निवेश और विकास साझेदारियों को और गहरा करेगा। भारतीय निर्यातक-विशेषकर ऑटोमोबाइल, मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स और शिक्षा सेवाओं के क्षेत्र में इथियोपिया के बढ़ते बाजार में बड़ी संभावनाएं देखते हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 550 मिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है।

**ओमान भारत के सबसे विश्वसनीय आर्थिक साझेदारों में से एक**

रल्हन ने आगे कहा कि ओमान भारत के सबसे विश्वसनीय आर्थिक साझेदारों में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी का ओमान दौरा व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रसद, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा और एमएसएमई सहयोग जैसे क्षेत्रों में नए अवसर तलाशने का बेहतरीन मौका है। (इनपुटः आईएएनएस)

## वीर सावरकर ने रखी 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की नींव: अमित शाह

समाज जागरण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर ने 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की अवधारणा की नींव रखी। वे श्री विजयपुरम में सावरकर की कविताओं के संग्रह 'सागर प्राण तळमळा' के 115 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**सावरकर की विचारधारा को देशभर में प्रसारित किए जाने की आवश्यकता**

अमित शाह ने कहा कि सावरकर की विचारधारा को देशभर में प्रसारित किए जाने की आवश्यकता है और माता-पिता को इसे अपने बच्चों से साझा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भी इसी विचारधारा से प्रेरणा लेती है।



**गृह मंत्री ने सावरकर को एक लेखक, योद्धा, जन्मजात देशभक्त और दूरदर्शी बताया**

गृह मंत्री ने सावरकर को एक लेखक, योद्धा, जन्मजात देशभक्त और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि बहुत कम साहित्यकार ऐसे होते हैं जो गद्य और पद्य दोनों में समान रूप से दक्ष हों, और सावरकर उनमें से एक थे। उन्होंने कहा, "मैंने उनका साहित्य ध्यानपूर्वक पढ़ा है और आज भी यह तय नहीं कर पाता कि वे बेहतर कवि थे या लेखक, क्योंकि वे दोनों ही रूपों में अद्वितीय थे। बाद में वे महान भाषाविद भी बने। उन्होंने कई नए शब्द गढ़कर भाषा को समृद्ध किया। ऐसे लगभग 600 से अधिक शब्द सावरकर द्वारा निर्मित हैं।"

**सावरकर की प्रतिमा का अनावरण**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा सावरकर की प्रतिमा के अनावरण का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि यह प्रतिमा वीर सावरकर के बलिदान, संकल्प और देशभक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों को सावरकर के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र की एकता एवं सुरक्षा के संकल्प से प्रेरित करेगी।

**सावरकर के कारण यह स्थान पूरे देशवासियों के लिए एक तीर्थस्थल बन गया**

गृह मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता से पहले सेल्युलर जेल भेजे गए कैदियों को परिवार अक्सर भूल जाता था और यह उम्मीद नहीं की जाती थी कि वे कभी लौट सकेंगे। आज यही स्थान सावरकर के कारण पूरे देशवासियों के लिए एक तीर्थस्थल बन गया है।

**आजाद हिंद फौज ने सबसे पहले अंडमान-निकोबार को मुक्त कराया था**

उन्होंने बताया कि यह स्थान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की ऐतिहासिक यादों से भी जुड़ा है। आजाद हिंद फौज ने सबसे पहले अंडमान-निकोबार को मुक्त कराया था और सुभाष बाबू यहां दो दिन रुके थे। उन्होंने इन द्वीपों का नाम 'शहीद' और 'स्वराज' रखने का सुझाव दिया था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने लागू किया।

**अंडमान-निकोबार की यह पवित्र भूमि वह स्थान है जहां भारत के हर प्रांत से आए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण न्योछावर किए**

अमित शाह ने कहा कि अंडमान-निकोबार की यह पवित्र भूमि वह स्थान है जहां भारत के हर प्रांत से आए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण न्योछावर किए।


उन्होंने कहा, "इस पवित्र धरती पर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत द्वारा सावरकर की प्रतिमा का अनावरण होना इसे और अधिक स्मरणीय बना देता है।" (इनपुटः आईएएनएस)

## 2500 करोड़ का देसी 'बाहुबली', अब दागेगा 120 KM रेंज वाले रॉकेट, दुनिया हुई भारत के 'पिनाक' की दीवानी

समाज जागरण

नई दिल्लीः भारतीय सेना अपनी ताकत को कई गुना बढ़ाने जा रही है. 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सेना ने अपनी लॉन्ग रेंज आर्टिलरी को और मजबूत करने का फैसला किया है. इसके तहत सेना ने 120 किलोमीटर तक मार करने वाले पिनाक रॉकेट को अपने बेड़े में शामिल करने का प्रस्ताव तैयार किया है.

यह प्रोजेक्ट करीब 2500 करोड़ रुपये का है. अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता है तो दुश्मन के ठिकाने अब 120 किलोमीटर दूर से ही तबाह किए जा सकेंगे. रक्षा अधिकारी बताते हैं कि इन



रॉकेट्स को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) विकसित करेगा. खास बात यह है कि इसके ट्रायल बहुत जल्द शुरू होने वाले हैं.

**2500 करोड़ का मेगा प्रोजेक्ट, डीआरडीओ कैसे तैयार करेगा मौत का सामान?**

रक्षा सूत्रों के मुताबिक सेना ने इस प्रोजेक्ट के लिए मंजूरी मांगी है. रक्षा अधिग्रहण परिषद बहुत जल्द इस पर फैसला ले सकती है. इस प्रोजेक्ट की लागत 2500 करोड़ रुपये आंकी गई है. डीआरडीओ इस गाइडेड रॉकेट को डेवलप करेगा. सबसे पहले इसका डिजाइन और प्रोटोटाइप तैयार होगा. इसके बाद इसके ट्रायल किए जाएंगे. ट्रायल सफल होने के बाद इसके उत्पादन के लिए पार्टनर चुने जाएंगे. यह चयन एक बिडिंग प्रोसेस के जरिए होगा. राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय स्वदेशी हथियारों को लगातार बढ़ावा दे रहा है. पिनाक सिस्टम इसी मुहिम का एक शानदार उदाहरण है.

## आज से नही बजेगी शहनाइयां, लाखों रहेंगे कुंवारे

(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

जैतो, 12 दिसंबर :12 दिसंबर की रात से शुक्र ग्रह अस्त होने जा रहा है, और यह 1 फरवरी, 2026 तक इसी स्थिति में रहेगा। इस दौरान भारत में सनातन धर्म को मानने वाले लोग अपने बच्चों की शादियां नहीं कर पाएंगे। जाने-माने ज्योतिषाचार्य दिवंगत पंडित कल्याण स्वरूप शास्त्री 'विद्यालंकार' के पुत्र पंडित शिवकुमार शर्मा के



अनुसार, प्रसिद्ध हिंदू धार्मिक पुस्तक'मुहूर्त चिंतामणि' में कहा गया है कि जब बुध, शुक्र और बृहस्पति वक्री या अस्त होते हैं, तो विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, देवी-देवताओं या तीर्थ स्थलों की पहली यात्रा, तालाब और कुएं खोदने और प्राण प्रतिष्ठा जैसे शुभ और मंगलिक कार्य करना वर्जित है। उन्होंने कहा कि अब लाखों कुंवारों को अपनी शादी की शहनाइयों के लिए 1 फरवरी, 2026 तक इंतजार करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म को मानने वाले लोग अपने बच्चों की शादियां केवल शुभ समय में ही करना चाहते हैं।

## नोएडाः गुलशन मॉल में फिल्म देखने के दौरान युवकों पर हमला, 4 दबंगों ने किया मारपीट

समाज जागरण

नोएडा, 12 दिसंबर 2025। नोएडा के गुलशन मॉल में फिल्म देखने के दौरान एक विवाद के चलते चार दबंगों ने दो युवकों को जमकर पीटा। घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी, और मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने बताया कि विवाद की शुरूआत फिल्म देखने के दौरान सामान्य बहस से हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।

## भूमाफियाओं के खिलाफ एक बार फिर विधायक का एक्शन

समाज जागरण

लोनी, 12 दिसंबरः क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के नाम पर हो रही खुलेआम धोखाधड़ी पर शुक्रवार को लोनी विधायक का बड़ा एक्शन देखने को मिला। विधायक की दबंग कार्य प्रणाली का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्होंने दो पीड़ितों की शिकायत पर स्वयं मौके पर पहुंचकर भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर के जनता दरबार के दौरान एक महिला और एक अन्य बुजुर्ग



व्यक्ति ने बताया कि कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने उनसे 50-50 गज के प्लॉट के नाम पर एक लाख और सात लाख रुपये वसूल लिए. मगर इसके बावजूद आज तक न तो रजिस्ट्री की और न ही प्लॉट पर कब्जा।

शिकायत पर गंभीर होते हुए विधायक गुर्जर तुरंत पीवी क्षेत्र पहुंचे, जहां गौर सिटी नाम से अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। इसके बाद वे राम पार्क स्थित डिफेंस कॉलोनी गए, जहां दूसरे पीड़ित से धोखाधड़ी हुई थी। लेकिन विधायक के पहुंचने की भनक लगते ही आरोपी भू-माफिया मौके से फरार हो गए।

विधायक ने कड़े शब्दों में कहा कि यह सब विकास प्राधिकरण और बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। रजिस्ट्री की जांच किए बिना प्लॉटों पर मीटर लगा देना और अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई न करना सीधे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो और कड़े कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर अनेक स्थानीय पीड़ित नागरिक उपस्थित रहे।

## हरियाणा किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चे ने किया ऐलान 23, 24, 25 फरवरी को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर होगा महापड़ाव मोर्चा

### मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त जींद को सौंपा मांग पत्र

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)

चंडीगढ़ ,12 दिसम्बरः भारतीय किसान एकता (बीकेई) हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एम.एस.पी. पर फसलों की खरीद व किसानों-मजदूरों की संपूर्ण कर्जा माफी को लेकर हरियाणा किसान-मजदूर संघर्ष मार्च के किसान नेताओं ने जाट धर्मशाला जींद में हुई मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर संघर्ष का बिगुल बजा दिया है। पूरे हरियाणा में कर्ज माफी व फसलों के पूरे दाम के लिए मोर्चा यात्राओं के माध्यम से किसानों मजदूरों को एकजुट करके अपनी मांगों को लेकर 23, 24 और 25 फरवरी 2026 को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर किसानों मजदूरों व आमजन का जमावड़ा होगा। हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चे से जगदीप सिंह औलख, मनदीप सिंह नथवान, लखविंदर सिंह औलख, अमरजीत सिंह मोहड़ी, अशोक बलहारा, जगबीर घसौला, उम्मेद फौगाट, दलबीर सिंह सोनीपत, प्रिंस वडैच, मेवात मोर्चे से हाफिस सिराजुद्दीन ने किसानों को संबोधित किया। जाट धर्मशाला जींद में हुई मीटिंग के बाद किसानों-मजदूरों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम उपायुक्त जींद को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें स्वामीनाथन आयोग के फामूर्ले सी2+50 के तहत





फसलों की एमएसपी तय करके फसल खरीद गारंटी कानून बनाया जाए, किसानों और मजदूरों की संपूर्ण कर्जा माफी की जाए, हरियाणा में धान खरीद घोटाला व बाजार भावांतर योजना में हुए घोटाले की निष्पक्ष जांच एजेंसी से जांच करवाई जाए, किसान आंदोलन व अन्य संगठनों में किसानों मजदूरों पर दर्द मुकदमे रद्द की जाए, अमेरिका व अन्य देशों के दबाव में किसान, मजदूर व आमजन विरोधी किए जा रहे एग्रीमेंट रद्द किये जाएं, भारत में खेती सेक्टर को डब्लूटीओ से बाहर निकाला जाए, बिजली शोध बिल रद्द किया जाए, हरियाणा सरकार द्वारा ट्रैक्टर पर बढ़ाया गया रजिस्ट्रेशन टैक्स वापस लिया जाए, पुरानी गाडिड्डों पर 10-12 साल वाली शर्त हटाई जाए, प्रधानमंत्री फसल योजना बीमा योजना में सुधार किया जाए।

# लोको पायलटों की कार्य-आराम नीति पर पुनर्विचार की सख्त जरूरत




चिंता इस बात से जुड़ी है कि रेल चालकों (लोको पायलट) में थकान का प्रबंधन कैसे किया जाता है और दिनोंदिन व्यस्त होते रेल तंत्र में सुरक्षा के लिए यह क्या मायने रखता है

विमानन क्षेत्र में उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) दिशानिर्देश प्रभावी होने के बाद इंडिगो में हुई उथल-पुथल के बाद भारतीय रेल में लंबे समय से चली आ रही मगर अनसुलझी चिंता फिर उभर आई है। यह चिंता इस बात से जुड़ी है कि रेल चालकों (लोको पायलट) में थकान का प्रबंधन कैसे किया जाता है और दिनोंदिन व्यस्त होते रेल तंत्र में सुरक्षा के लिए यह क्या मायने रखता है। रेल चालक अभी भी ह्यकाम के घंटे और आराम की अवधिह्ण (एचओईआर) ढांचे के तहत काम करते हैं जिसमें प्रति सप्ताह औसतन 52 घंटे तक कार्य करने की अनुमति है।

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की मांग है कि यात्री रेलगाड़ियों के लिए कार्य का समय छह घंटे और मालगाड़ियों के लिए आठ घंटे तक रखा जाए, साथ ही प्रत्येक यात्रा के बाद 16 घंटे का आराम, दैनिक आराम के अलावा साप्ताहिक आराम और चालकों के लिए निर्धारित कार्य वितरण योजना (क्रू शेड्यूलिंग) में थकान-जोखिम ढांचे का इस्तेमाल किया जाए। इन प्रस्तावों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए। ये मोटे तौर पर वैश्विक स्तर पर प्रचलित श्रेष्ठ कार्य व्यवहार को दशार्ते हैं जिसमें काम के घंटे और आराम के नियम इस वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित होते हैं कि थकान मानव की कार्यक्षमता को किस हद तक प्रभावित करते हैं।

भारतीय रेल में कर्मचारियों की कमी से समस्या और गंभीर हो गई है। 1 मार्च 2024 तक रेलवे में रेल चालक के लगभग 15 फीसदी पद रिक्त थे। दक्षिण रेलवे में कर्मचारियों की कमी के कारण यात्रियों की भारी मांग के बावजूद अतिरिक्त सेवाओं की शुरूआत में देरी हुई है। रेलवे ने 1,20,000 से अधिक रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा जरूर की है मगर यह धीमी है और इसका लाभ मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। तब तक मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ अधिक रहेगा।

सुरक्षा से जुड़े आंकड़े इस बात का स्पष्ट उल्लेख करते हैं कि यह विषय क्यों इतना महत्त्वपूर्ण है। वर्ष 2024-25 में 31 रेल हादसे हुए जिनमें 20 से ज्यादा मामले रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने से जुड़े थे। रेल चालकों में थकान अधिकांश मामलों में एक मात्र कारण नहीं हो सकता लेकिन इसे सुरक्षित परिचालन में एक बड़ा जोखिम माना गया है। इसकी अनदेखी करने से मामूली गलतियां भी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक दशक में महिला चालकों की संख्या काफी बढ़ी है जिससे अनुमानित कार्य समय-सारणी, पर्याप्त आराम और बुनियादी सुविधाएं जैसे विषय और महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। इनकी अनदेखी करने या इन पर पर्याप्त ध्यान नहीं देने से भारतीय रेल प्रतिभावान लोगों को जोड़े रखने और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने में पिछड़ सकता है। इसके अलावा, यह सिद्धांत रेल चालकों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेल तंत्रों ने इस दिशा में निर्णायक रूप से कदम बढ़ाए हैं। यूरोपीय संघ (ईयू) सख्त कार्य-आराम नियमों को लागू करता है। अमेरिका में ह्यसेवा के घंटेह्ण कानून के तहत न्यूनतम अवकाश के घंटे का प्रावधान अनिवार्य है और दुनिया के विकसित रेल तंत्र आंकड़े और तकनीक आधारित औपचारिक थकान-प्रबंधन प्रणालियों की मदद लेते हैं।

भारतीय रेल की माली हालत पूरा मामला और जटिल बना देती है। वर्ष 2025-26 में 98.43 फीसदी अनुमानित परिचालन अनुपात बनाए रहने और लगभग 95 फीसदी तक पूंजीगत व्यय के लिए केंद्रीय समर्थन पर निर्भरता के कारण भारतीय रेल के पास कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के लिए सीमित वित्तीय गुंजाइश बच रही है। 8वां वेतन आयोग लागू होने से यह दिक्कत और बढ़ सकती है जिससे कर्मचारियों पर खर्च और बढ़ जाएगा। यह अंतर पाटने के लिए वृद्धिशील समायोजन से अधिक की आवश्यकता होगी।

संस्थागत प्राथमिकताओं में स्पष्ट रूप से चालक प्रशिक्षण और थकान की निगरानी को मूल सुरक्षा उपायों के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। इसे तकनीक समर्थित चालकों की कार्य समय-सारणी, काम के घंटों की वास्तविक समय में निगरानी, रिक्तियों की पारदर्शी तरीके से घोषणा और त्वरित भर्ती और प्रशिक्षण योजनाओं द्वारा और मजबूत बनाया जाना चाहिए। रेल तंत्र का विस्तार जारी रहने और मार्गों पर व्यस्तता बढ़ने के साथ परिचालन सुरक्षा का दारोमदार मानव की कार्यक्षमता सीमा पर बढ़ता जाएगा।

# हिन्दुओं की आस्था को रौंद कर आगे बढ़ने की कट्टरपंथी सोच

हिन्दुस्तान मुसलमानों की जहनियत में पिछले चार-पाँच दशकों से काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान से चलता है, लेकिन अब देश के मुसलमानों में भारत के प्रति वैसी वफादारी नहीं दिखती जैसी उनके मन में शरीयत के प्रति है। कहने को तो शरीयत कुरान की ही सोच है, लेकिन हकीकत यह है कि कट्टरपंथियों ने शरीयत में कुरान के कई संदेशों को अनदेखा कर दिया है। इसलिए देश में कभी वंदेमातरम और भारत माता की जय पर बवाल होता है तो कभी हिन्दुओं के प्रति घृणा फैलाई जाती है। उनकी भावनाओं को आहत किया जाता है।उत्तर प्रदेश के एक छोटे से कस्बे में, तीन साल पहले की वह सुबह भूलना मुश्किल है। ईद की नमाज के बाद सड़क पर उमड़ी भीड़ अचानक नारों से गूंज उठी। ह्यभारत माता की जयह्ण बोलने वाले हिंदू पड़ोसियों को घेर लिया गया। पत्थर चले, गाड़ियां जलाई गईं। वजह? बस एक पुरानी मस्जिद के पास लगे राष्ट्रगान के पोस्टर। स्थानीय मुस्लिम युवाओं का कहना था कि वे ह्यकाफिरों के नारेह्ण नहीं बर्दाश्त करेंगे। पुलिस ने बाद में पकड़े गए 40 लोगों में से ज्यादातर को जमानत मिल गई, लेकिन वह घटना पूरे इलाके में दरार डाल गई। आज भी वह कस्बा दो खेमों में बंटा है। यह एक छोटी सी मिसाल है उस बदलाव की, जो आजादी के बाद भारत के मुसलमानों की सोच में आया है।

बात 1947 की है, जब आजादी की दहलीज पर खड़ा भारत दो टुकड़ों में बंट गया। मुहम्मद अली जिन्ना की ज़िद्द ने पाकिस्तान को जन्म दिया, इस्लाम के नाम पर। हिंदुओं, सिखों के लिए बचा भारत। बंटवारे का सिद्धांत साफ था, मुसलमान पाकिस्तान जाएँगे। लेकिन लाखों मुसलमानों ने इनकार कर दिया। उनका तर्क था, हम भारत से मोहब्बत करते हैं। यहाँ लोकतंत्र है, संविधान बनेगा, कानून राज करेगा। शरीयत की हुकूमत नहीं चाहिए। नेहरू, पटेल जैसे नेताओं ने इन्हें आश्वासन दिया। नतीजा? 1947 में भारत में 3.5 करोड़ मुसलमान रह गए, जबकि पाकिस्तान चला आधा करोड़। आज यह संख्या 20 करोड़ के पार पहुँच चुकी है।तत्पश्चात पहले दो दशक शांतिपूर्ण गुजरे। मुसलमानों ने भारतीय सेना में हिस्सा लिया, बॉलीवुड सितारे बने, खिलाड़ी हुए। लेकिन 1970 के बाद हवा बदली। खाड़ी युद्धों ने पैसे लाए, सऊदी से वहाबी विचारधारा घुस आई। मदरसों की संख्या 1981 में 900 से बढ़कर 2023 तक 2.7 लाख हो गई। इनमें से 25 हजार से ज्यादा बिना पंजीकरण के चलते हैं। आजकल शरीयत की माँग, ह्यगजवा ए हिंदह्ण के नारे सुनाई देते हैं। सोशल मीडिया पर हिंदू देवताओं के खिलाफ नफरत भरी पोस्टें वायरल होती हैं। वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे नारे तक असंवैधानिक बता दिए जाते हैं। तुष्टिकरण की सियासत करने वाले नेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा इस तरह की गतिविधियों से मुंह मोड़ लिया जाता है।

भारतीय राजनीति में यह सब कई दशकों तक साफ दिखता है। हिन्दू वोटरों को जाति के नाम पर बाँट दिया जाता था और मुस्लिमों को एकजुट किया जाता रहा, लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव से भारत की सियासत की तस्वीर काफी बदल गई। अब मुस्लिमों की तरह हिन्दू भी एकजुट होकर वोटिंग करने लगे हैं। यही वजह थी कि 2014 में देश में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी। इसके बाद यही पैटर्न कई विधानसभा चुनाव में भी दिखाई दिया, जहाँ हिन्दू बहुमत में भाजपा को समर्थन देते हैं, वहाँ मुसलमान एकजुट होकर विरोध करते हैं।परंतु गैर भाजपाई दलों ने हिंदुओं को बांटने की कोशिश छोड़ी नहीं। कभी बीजेपी के खिलाफ यादव-मुस्लिमों को एकजुट करने की कोशिश होती तो कभी दलित-मुसलमानों को एक बैनर तले लाने की नाकाम कोशिश की जाती। 2019 लोकसभा में 27 फीसदी मुस्लिम बहुल सीटों पर विपक्ष ने सिर्फ. इसलिए जीत हासिल की क्योंकि वोट ट्रांसफर हुआ। भाजपा को हराने का एकमात्र मकसद तुष्टिकरण वाली पार्टियां ही सत्ता में रहें। यही पैटर्न पश्चिम बंगाल, बिहार, यूपी के विधानसभाओं में दिखा। 2022 यूपी चुनाव में 17 फीसदी मुस्लिम वोटों ने भाजपा को 60 से ज्यादा सीटें कम करा दीं। दुनिया भर के मुसलमानों से भारत के मुसलमानों की तुलना करें तो भारत का मुसलमान सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक जिंदगी जीता है। पहला, लोकतंत्र। भारत में हर नागरिक को वोट का हक। पाकिस्तान में 2024 चुनावों में 40 फीसदी वोटिंग हुई, सेना ने असल में सरकार बनाई। बांग्लादेश में हसीना की हुकूमत ने विपक्ष को कुचल दिया। अफगानिस्तान में तालिबान ने महिलाओं को घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी। भारत में मुस्लिम महिलाएँ चीफ जस्टिस तक बनीं।

दूसरा, धार्मिक आजादी। संविधान के अनुच्छेद 25-28 हर मजहब को मानने, प्रचार करने का हक देते हैं। भारत में 4 लाख से ज्यादा मस्जिदें, 2.7 लाख मदरसे। केंद्र सरकार ने 2023 में 5 हजार करोड़ मदरसों के आधुनिकीकरण के लिए दिए। सऊदी में गैर इस्लामी पूजा पर कोड़े लगते हैं। मिस्र में कॉप्टिक चर्च सीमित। भारत में हिंदू मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण, लेकिन वक्फ बोर्ड स्वायत्त।

तीसरा, वक्फ संपत्ति। आज 32 राज्य के वक्फ बोर्डों के पास 9.4 लाख एकड़ जमीन, करीब मूल्य 1.2 लाख करोड़ रुपये की है। दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण नहीं। पाकिस्तान का वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार में डूबा। भारत में यह संपत्ति मुस्लिम कल्याण के लिए आरक्षित। हालांकि, 58 हजार संपत्तियों पर विवाद, लेकिन कानूनी सुरक्षा बरकरार।


चौथा, व्यक्तिगत कानून। भारतीय मुसलमानों को शरीयत आधारित विवाह, तलाक, उत्तराधिकार का हक है। हज सब्सिडी 2018 तक 7000 करोड़ खर्च होती है। ट्रिपल तलाक पर कानून बना, लेकिन बहुविवाह वैध है। हिंदुओं पर 1955 से साझा कानून। ईरान में शरीयत सख्त, लेकिन भारत जैसी छूट नहीं।

पाँचवाँ, अभिव्यक्ति। भारत में मुसलमान सड़कों पर सीएए के विरोध में 100 दिन धरना देते हैं। 2020 दिल्ली दंगों में 50 से ज्यादा प्रदर्शन होते हैं। पाकिस्तान में ब्लास्फेमी कानून पर 1500 मुकदमे, 80 हत्याएँ। भारत में ओवैसी जैसे नेता संसद में सरकार को ललकारते हैं।

छठा, शिक्षा और रोजगार। अल्पसंख्यक कोटा से एएमयू, जामिया में 50 फीसदी आरक्षण। 2023 में यूपीएससी में 20 मुस्लिम आईएएस, भारतीय सेना में 3 फीसदी मुस्लिम अधिकारी। राष्ट्रपति अब्दुल कलाम, जाकिर हुसैन जैसे उदाहरण। यूएई में हिंदू मंदिर 2023 में बना, लेकिन भारत जितनी आजादी नहीं।

सातवाँ, न्यायपालिका। मुस्लिम जज सुप्रीम कोर्ट में। 2024 तक 10 फीसदी हाईकोर्ट जज। बाबरी मस्जिद केस में 10 साल सुनवाई, शांति से फैसला। तुर्की में आया सोफिया मस्जिद बनी, लेकिन भारत जैसा धैर्य नहीं।

बहरहाल, इन सुविधाओं के बावजूद समस्या कहाँ? 2023 एनसीएपी डेटा में आतंकी मॉड्यूल में 80 फीसदी भारतीय मुस्लिम। आईएसआई से फंडिंग वाले 500 से ज्यादा मदरसे। ह्यगजवा ए हिंदह्ण के 10 हजार से ज्यादा प्रचारक। पाकिस्तान के लिए सहानुभूति, 26/11 हमले पर भी कुछ मौलानाओं ने इसे विद्रोह कहा। संविधान कहता है, भारत सर्वोपरि। लेकिन जब पड़ोसी दुश्मन देशों के हित साधे जाते हैं, काफि रों से नफरत फैलाई जाती है, तो चिंता बढ़ती है। 75 सालों में भारत ने सब दिया, वोट, मस्जिदें, कानून। अब ज़िम्मेदारी मुस्लिम समाज की है। क्या वे शरीयत छोड़कर संविधान अपनाएँगे? या गजवा के ख़्वाब देखते रहेंगे? लब्बोलुआब यह है कि भारत के बहुसंख्यक समाज को भी सावधान रहना होगा। नफरत का जवाब नफरत नहीं। लेकिन तुष्टिकरण बंद। कट्टरपंथ पर जीरो टॉलरेंस। जब तक मुसलमान खुद न कहें, ह्लहम पहले भारतीय, फिर मुसलमान,ह्व तब तक दरारें बढ़ेंगी। भारत का भविष्य एकता पर टिका है, नफरत पर नहीं। यह बात उन मुसलमानों को आगे बढ़कर बतानी होगी जो देश का भला चाहते हैं।



संजय सक्सेना,लखनऊ

# महाराष्ट्र में लोकायुक्त पर टकराव की राजनीति

महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर उसी मोड़ पर खड़ी है जहाँ जनता की नैतिक अपेक्षाएँ और सत्ता की व्यावहारिक राजनीति आमने-सामने दिखाई देती हैं। 2011 के अन्ना हजारे आंदोलन ने देश में जिस भ्रष्टाचार-विरोधी चेतना को जन्म दिया था, उसका असर वर्षों बाद भी खत्म नहीं हुआ है। आज, रालेगण सिद्धि से उठ रही आवाज उसी चेतना का पुनरावर्तन है, जहाँ 88 वर्षीय समाजसेवी अन्ना हजारे ने महाराष्ट्र लोकायुक्त विधेयक 2022 के क्रियान्वयन में हो रही देरी के विरोध में 30 जनवरी 2026 से आमरण अनशन पर बैठने का ऐलान किया है। यह केवल एक कानून लागू न होने का प्रश्न नहीं है, बल्कि सरकारी इच्छाशक्ति, राजनीतिक पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही की एक कठिन परीक्षा बन गया है। कानून विधानसभा और विधान परिषद से पारित हो चुका है, राष्ट्रपति भी अपनी सहमति दे चुके हैं, फिर भी दो वर्ष बाद तक अधिसूचना जारी न होना केवल प्रशासनिक देरी नहीं माना जा सकता। यह सत्ता संरचना और राजनीतिक स्वार्थों के बीच छिपे टकराव की ओर संकेत करता है, जिसे अब अन्ना का अनशन फिर से उजागर कर रहा है।

महाराष्ट्र लोकायुक्त विधेयक 2022 को राज्य में 1971 के पुराने और अप्रभावी कानून की जगह लागू करने की तैयारी की गई थी। इस नए कानून की अवधारणा यह थी कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और उच्च अधिकारियों को सीधे लोकायुक्त की जांच के दायरे में लाकर भ्रष्टाचार-नियंत्रण की एक प्रभावी संरचना विकसित की जाए। इसमें छापेमारी, दस्तावेज जब्ती और अवैध संपत्ति फ्रीज करने जैसी शक्तियाँ भी शामिल की गईं, जो किसी भी राज्य स्तरीय भ्रष्टाचार-विरोधी संस्था को मजबूत बनाने के लिए अनिवार्य मानी जाती हैं। लेकिन सवाल यह है कि इतने महत्वपूर्ण कानून को लागू करने में आखिर देरी क्यों हो रही है? केंद्र सरकार ने कुछ प्रावधानों पर आपत्ति जताई है—विशेषकर उन पर, जिनके तहत राज्य लोकायुक्त केंद्र के अधिकारियों के विरुद्ध जांच शुरू कर सकता है। यह संवैधानिक जटिलता निस्संदेह एक तकनीकी बाधा है, लेकिन क्या यह देरी केवल कानूनी प्रक्रिया की वजह से है, या इसके पीछे राजनीतिक गणनाएँ भी शामिल हैं?

सच तो यह है कि महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य में यह केवल तकनीकी विवाद नहीं है। सबसे बड़ा विवाद उस प्रावधान को लेकर है, जिसके तहत किसी वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की जांच तभी शुरू हो सकती है जब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित हो। सत्ता पक्ष इसे फर्जी और राजनीतिक रूप से प्रेरित शिकायतों से सुरक्षा का उपाय बताता है, जबकि विपक्ष इसे साफ शब्दों में राजनीतिक ढाल कह रहा है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो सरकार के पास बहुमत होता है, ऐसे में मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच की प्रक्रिया शुरू होना लगभग असंभव हो जाता है। इस प्रकार, कानून का यह प्रावधान लोकायुक्त जैसी संस्था की प्रभावी भूमिका को कमजोर करता है और उसकी स्वतंत्रता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। अन्ना हजारे की नाराजगी का असली कारण यही है। वे 2011 से यह आग्रह करते आए हैं कि भ्रष्टाचार-विरोधी कानून बिना दांत वाला, बिना अधिकार वाला और बिना राजनीतिक स्वतंत्रता वाला नहीं होना चाहिए। जब उन्होंने पुराने बिल को बिना दांत वाला लोकपाल कहा था, तो उनकी चिंता यही थी कि कानून बन जाएगा, लेकिन वह न तो सत्ता को जवाबदेह बना पाएगा और न भ्रष्टाचार को रोक पाएगा।

अन्ना और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच की यह टकराहट नई नहीं है। 2018 में भी लोकपाल और लोकायुक्त के क्रियान्वयन पर दोनों के बीच इसी प्रकार का विवाद उभरा था। इस बार भी फडणवीस ने फोन पर तीन महीने में अधिसूचना जारी करने का आश्वासन दिया है, लेकिन अन्ना हजारे इसे खोखला वादा मानते हैं। उनका पत्र बेहद भावनात्मक है—जिसमें उन्होंने लिखा कि ह्लहार्ट अटैक से मरने से बेहतर है कि देशहित में प्राण त्याग दिए जाएं।ह्व यह केवल व्यक्तिगत प्रतिरोध का बयान नहीं, बल्कि राज्य सरकार पर डाले जा रहे नैतिक दबाव का प्रतीक है। वहीं दूसरी तरफ सत्ता पक्ष इसे ह्लनैतिक ब्लैकमेलह्व के रूप में भी देख सकता है। लेकिन यह भी सच है कि अन्ना हजारे की जनता में विश्वसनीयता अभी भी कायम है, और यही कारण है कि विपक्ष विशेषकर शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहा है। विपक्ष के लिए यह सरकार को घेरने का उत्तम अवसर है, जबकि भाजपा के लिए यह राजनीतिक जोखिम का विषय है।

महाराष्ट्र की राजनीति में केंद्र की भूमिका भी कम विवादित नहीं है। पिछले वर्षों में कई राज्यों के कानूनों पर केंद्र का हस्तक्षेप बढ़ा है, जिससे संघीय ढांचे पर बहस तेज हुई है। महाराष्ट्र लोकायुक्त विधेयक के संदर्भ में भी यही प्रश्न उठ रहा है कि क्या केंद्र वाकई संवैधानिक स्पष्टता के लिए आपत्तियाँ जता रहा है, या यह आपत्ति राजनीतिक टकराव का हिस्सा है? यह अस्पष्टता राज्य सरकार को असहज स्थिति में डाल रही है, और अन्ना का अनशन इसी असहजता को राजनीतिक संकट में बदले बिना नहीं रहेगा।

यह पूरा विवाद एक गहरे प्रश्न की ओर इशारा करता है क्या भारत में भ्रष्टाचार-विरोधी संस्थाएं वास्तव में स्वतंत्र और शक्तिशाली हो सकती हैं? कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में लोकायुक्त की व्यवस्था है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता अक्सर सवालों में रही है। महाराष्ट्र का नया विधेयक कई मायनों में मजबूत है, लेकिन उसमें इतने ह्यसेफ़्टी वाल्व भी जोड़ दिए गए हैं कि सत्ता चाहे तो लोकायुक्त को शक्तिशाली बना सकता है और चाहे तो उसे निष्क्रिय भी रख सकता है। यही दोधारी तलवार लोकतांत्रिक संस्थाओं की बुनियादी समस्या बन जाती है। जवाबदेही और संरक्षण के बीच संतुलन अक्सर राजनीतिक सुविधा के आधार पर तय होता है, न कि जनहित के आधार पर।

अन्ना हजारे का यह अनशन महाराष्ट्र में एक नए जन-आंदोलन का रूप ले सकता है या नहीं, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन यह निश्चित है कि अगर सरकार अगले तीन महीनों में अधिसूचना जारी नहीं करती, तो सत्ता पर नैतिक दबाव असहनीय हो सकता है। 2029 के विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में यह मुद्दा और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। आखिरकार, भ्रष्टाचार-विरोध की राजनीति हमेशा चुनावी विमर्श को प्रभावित करती है। सरकार चाहे इसे तकनीकी मुद्दा बताए या प्रशासनिक देरी, जनता के सामने उसकी नीयत पर सवाल उठना तय है। और अन्ना हजारे जैसे नैतिक प्रतीक के अनशन की अनदेखी करना महाराष्ट्र की किसी भी सरकार के लिए एक जोखिम भरा कदम होगा।

अंततः, यह संघर्ष केवल एक कानून के लागू होने का विवाद नहीं है, बल्कि यह सिद्धांतों की लड़ाई है। जवाबदेही बनाम राजनीतिक संरक्षण की लड़ाई। क्या सरकार सचमुच दांत वाला लोकायुक्तह्व लागू करेगी या सत्ता के लिए जरूरी सेफ्टी वाल्व ही मजबूत रखेगी? यह समय तय करेगा, लेकिन इतना जरूर है कि यह बहस महाराष्ट्र की लोकतांत्रिक आत्मा को एक बार फिर आईना दिखा रही है।



महेन्द्र तिवारी

# भीड़ तंत्र का उदय और सामाजिक शांति को खतरा।

आज का भारतीय समाज एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रहा है जहाँ लोकतंत्र की नींव भीड़ की सनक और भीड़ के न्याय के बोझ से चरमराने लगी है, राज्य और समाज के बीच की वह महीन रेखा जिसे कानून और नैतिकता सँभालते थे, धीरे-धीरे धुंधली पड़ रही है, और भीड़ का उग्र निर्णय—जिसमें न विधि का लेखा है, न तर्क का आधार सामाजिक शांति के लिए भयावह खतरा बन चुका है। देश के कई राज्य हिंसा, राजनीतिक स्पर्धा और सामूहिक उन्माद की ज्वालाओं में झुलस रहे हैं, कहीं चुनावी वर्चस्व की लड़ाई है, कहीं जातीय विभाजन, कहीं सांप्रदायिक तनाव और कहीं राजनीतिक संरक्षण में उभरता उन्माद; इन सबके बीच मानवता की आवाज कराहते हुए सुनाई देती है। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की घटनाओं ने यह विश्वास कमजोर कर दिया है कि जब मंत्रियों के घरों पर आगजनी हो सकती है, तब आम नागरिक की सुरक्षा और गरिमा का क्या मूल्य रह जाता है, राज्य सरकारें कई बार हाथ पर हाथ धरे खड़ी दिखती हैं और केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ता है, परंतु तब तक आग के विस्तार को रोकना कठिन हो चुका होता है। यह केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने के विघटन का संकेत है क्योंकि जिस न्याय का अधिकार राज्य की कार्यपालिका और न्यायपालिका को था, वह आज भीड़ के हाथों में चला गया है, जिससे राज्य की संप्रभुता पर सीधा आघात होता है। यह सार्वभौमिक सत्य है कि भीड़ स्वतः उत्पन्न नहीं होती; उसे राजनीति, सत्ता, असंतोष और दुर्भावनापूर्ण प्रचार मिलकर जन्म देते हैं, और वही भीड़ एक क्षण में नायक गढ़ती है और अगले ही क्षण उसी नायक की बलि ले लेती है। इतिहास गवाह है कि भीड़ की न अपनी पहचान होती है, न मूल्य; फ्रांस के रोबेस्पीयर जैसी कड़वी मिसालें बताती हैं कि भीड़ जिसको सिर पर उठाती है, उसी को गिराने में भी देर नहीं लगाती। सिगमंड फ्रायड का कथन आज सत्य प्रतीत होता है कि भीड़ में व्यक्ति अपनी चेतना, विवेक और संस्कार खोकर आदिम प्रवृत्तियों की ओर लौट जाता है, जहाँ न धर्म बचता है, न तर्क, न नैतिकता—सिर्फ उत्तेजना रहती है और उसका परिणाम हिंसा होता है। आज का उपभोक्तावादी समाज हम की जगह ह्यमैंह्ण के इर्द-गिर्द घूमने लगा है; सहयोग, सहिष्णुता और सामुदायिक भावनाएँ क्षीण हो रही हैं, व्यक्ति-केंद्रित विकास ने समाज के एक बड़े वर्ग को पीछे धकेल दिया है। वैश्वीकरण के असंतुलित स्वरूप ने साधनों का केंद्रीकरण बढ़ाया है; भारत में 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति और 1% के पास 70% पूंजी है, जो सामाजिक तनाव, अविश्वास और क्रांति जैसी परिस्थितियों को जन्म देती है। शिक्षा व्यवस्था भीड़ तंत्र को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा दे रही है; डिग्रियाँ बढ़ीं हैं, पर रोजगार घटा है, जिससे युवा कुंठा और निराशा में डूबकर किसी भी क्षुद्र घटना को सामूहिक उन्माद में बदलने लगते हैं और यही कुंठा माब लिंचिंग का ईंधन बन जाती है। न्याय व्यवस्था में विलंब भीड़ को और उन्मादित करता है, क्योंकि जब हत्यारे और बलात्कारी को सजा तब मिलती है जब वह बूढ़ा हो चुका होता है, तो नागरिक का भरोसा न्याय पर नहीं, बल्कि त्वरित प्रतिशोध पर टिकने लगता है, और यही मानसिकता भीड़ को कानून से बड़ा बना देती है। धर्म की स्वतंत्रता का दुरुपयोग आज ऐसे स्तर पर पहुँच गया है जहाँ खान-पान, पहनावे और परंपराओं के नाम पर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है; अफवाहें, व्हाट्सऐप संदेश, फर्जी वीडियो और राजनीतिक एजेंडा किसी भी निर्दोष जीवन को निगल लेते हैं, जिससे राष्ट्र की छवि धूमिल होती है। सोशल मीडिया आधुनिक भीड़ का सबसे तेज और सबसे खतरनाक हथियार बन गया है; फर्जी खबरें और भड़काऊ पोस्ट कुछ ही मिनटों में भीड़ खड़ी कर देती हैं, चौथा स्तंभ माना जाने वाला मीडिया भी कई बार निष्पक्षता छोड़ राजनीतिक और धार्मिक झुकाव के साथ काम करता है, जिससे समाज में भ्रम और विभाजन गहराता है और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग विकास की जगह विनाश की ओर मुड़ जाता है। माब लिंचिंग समाज की संस्कृति, सद्भाव और विश्वास को दीर्घकालिक क्षति पहुँचा रही है; इससे आर्थिक निवेश प्रभावित होता है, पलायन बढ़ता है, संसाधनों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख को आघात पहुँचता है। भीड़ का सकारात्मक उपयोग इतिहास में रहा है—भारत का स्वतंत्रता संग्राम, फ्रांस और रूस की क्रांतियाँ या भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलनों में जनता की भीड़ ने भूमिका निभाई—परंतु भीड़ का सकारात्मक पक्ष सदैव क्षणिक रहा है और उसके बाद उभरने वाली अराजकता ने यह सिद्ध किया कि भीड़ का न्याय कभी स्थायी समाधान नहीं हो सकता। वर्तमान समय में भीड़ तंत्र का नकारात्मक प्रभाव इतना प्रबल है कि उसे रोकने के लिए कठोर कानून, सामाजिक जागरूकता, रोजगार के अवसर, प्रशासनिक दक्षता और मीडिया-सोशल मीडिया की जवाबदेही आवश्यक है; अनुसंधान, संवाद और संवेदना को पुनर्जीवित किए बिना भीड़ तंत्र का दानव नहीं थमेगा। अतः आवश्यक है कि माब लिंचिंग और भीड़ तंत्र को घनघोर सामाजिक बुराई मानकर शासन, समाज और नागरिक सामूहिक रूप से इसके विरुद्ध अभियान चलाएँ और ऐसी व्यवस्था बनाएं जहाँ न्याय के स्थान पर प्रतिशोध न पनपे, और भीड़ के स्थान पर कानून की प्रतिष्ठा सर्वोपरि रहे। तभी भारत का लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा और प्रजातंत्र की आस्था जीवित बनी रह सकेगी।



संजीव ठाकुर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में तेजी, जिलाधिकारी मेधा रूपम ने किया बूथों का निरीक्षण, सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने पर विशेष जोर

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 12 दिसंबर 2025। जनपद गौतमबुद्धनगर में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सूरजपुर स्थित शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज के मतदान बूथ का निरीक्षण किया।



अभियान का उद्देश्य मृतक, अनुपलब्ध/अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान कर उन्हें सूची से हटाना तथा सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ और बीएलए की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें संदिग्ध एवं अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं की सूची साझा कर सत्यापन की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बीएलओ, बीएलए और स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि "किसी भी पात्र मतदाता को सूची से वंचित न होने देना बेहद आवश्यक है। सत्यापन प्रक्रिया को सटीक व समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।" उन्होंने अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए टीम का उत्साहवर्धन भी किया।

जिलाधिकारी ने आशा व्यक्त की कि निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप यह विशेष पुनरीक्षण अभियान शत-प्रतिशत उपलब्धि के साथ पूरा किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची की जांच अवश्य करें तथा नाम जुड़वाने या संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित बीएलओ से संपर्क करें।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## 13 दिसंबर को जनपद में आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

### विभिन्न श्रेणियों के मामलों का आपसी सुलह के आधार पर होगा निस्तारण

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 12 दिसंबर 2025। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर अतुल श्रीवास्तव के निर्देश पर आगामी 13 दिसंबर 2025 को जनपद में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से निम्न श्रेणियों के मामलों का निस्तारण किया जाएगा– आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक विवाद, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम से जुड़े मामले, बिजली व पानी संबंधी विवाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित वाद, भू-राजस्व मामले, सेवा संबंधी प्रकरण, प्री-लिटीगेशन व अन्य ऐसे मामले जिनमें पक्षकार आपसी सुलह के इच्छुक हों

अधिकारी ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य विवादों को आपसी सहमति से, कम समय में और न्यूनतम खर्च पर निस्तारित करना है, जिससे न्याय सुलभ एवं सरल रूप से उपलब्ध हो सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपद के सभी संबंधित पक्षकारों से अपील की है कि वे अपने प्रकरणों के त्वरित समाधान हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत में अवश्य उपस्थित हों। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

## स्मॉगी विषाक्त के साथ धुंध व ठंड का कहर

### (तापमान गिरने के साथ हवा की गति भी हुई धीमी)

**समाज जागरण**

लोनी, 12 दिसंबरः पिछले कुछ दिनों से क्षेत्रवासियों के अचानक स्मॉग के आगोश में आ जाने के बाद अब वह धुंध व ठंड का कहर झेलने को भी मजबूर हैं। हवा की गति धीमी व तापमान कम हो चला। आम नागरिकों के साथ-साथ वाहन चालकों को सुबह के समय दृश्यता बेहद कम होने की मार झेलनी पड़ रही हैं। इसके कारण वाहनों की गति थम गई और दुर्घटना होने के सिलसिले की आशंका भी बढ़ चली है। दूसरी ओर अनेक भयंकर बीमारियों को न्योता देने वाला विषाक्त (जहरीला) प्रदूषण खास तौर पर बुजुर्गों और बच्चों के लिए खतरा बनता जा रहा है।



**तेज हवा और बारिश से मिलेगा छुटकारा**

बढ़ते जहरीले प्रदूषण के संदर्भ में संबंधित विभागीय अधिकारियों के अनुसार तापमान गिर जाने व हवा की गति धीमी हो जाने के कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं और अन्य प्रदूषित तत्वों ने बूंदों जैसा रूप ले लिया है। जो स्मॉग बनकर हवा में अटक गया। धुंआ, तापमान में गिरावट व हवा संयोजन से ही यह स्थिति बनी है। उनका कहना है कि तेज हवा या बारिश होने पर ही उक्त स्थिति पर काबू पाया जा सकता है।

**-अदृश्यता के चलते हुई दुर्घटनाएं**

जहरीले धुंए के चलते सुबह के समय रहने वाली अदृश्यता का आलम यह है कि चन्द दूरी पर भी सामने कुछ नजर आना मुश्किल होता है. नतीजन वाहन कछुआ गति से चलने को मजबूर है। जबकि लापरवाही करने वाले वाहन चालको को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। बंथला के निकट एक वाहन का पोल से टकरा जाना, इंदिरापुरी क्षेत्र में वाहन भिड़ना, बैहटा नहर में पशु का गिरनो तथा पाभी सादकपुर के निकट की दुर्घटना इसका जीता जागता सबूत है. हालांकि गमिनत यह रही कि कोई अप्रिय दुर्घटना होने से टल गई।

-दरअसल बच्चों व बुजुर्गों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बने स्मॉग के साथ-साथ अब अचानक धुंध व ठंड के कहर ने भी दस्तक देदी है. जो बुखार, जुकाम, सांस व अन्य संक्रामक रोगों के अतिरिक्त कैंसर जैसी घातक बीमारियों को न्योता देने का काम करती है। यह बच्चों व बुजुर्गों के लिए अत्यंत घातक है। क्योंकि दोनों की ही ऐसी बीमारियों से लड़ने की क्षमता बहुत ही कम होती है. इसलिए खासतौर पर उन्हें इससे बचने के लिए सतर्क रहने की जरूरत है। इसके अलावा सभी अपनी आंखों को साफ पानी से धोने के साथ-साथ चश्मे का अधिक से अधिक प्रयोग करें। इससे आंखों में जलन होने से राहत मिलती है। साथ ही मास्क का प्रयोग करें। और अस्थमा के रोगी जहां तक हो सके इस मौसम से बचने का प्रयास करें। तथा गर्म कपड़ों का प्रयोग करें। और जरूरत पड़ने पर तुरंत डॉक्टर से मिलकर उनकी राय लेः



डॉक्टर कैलाश

## ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत, चालक फरार

**समाज जागरण**

लोनी, 12 दिसंबरः लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की सेवा धाम चौकी क्षेत्र में आज सुबह लगभग 8:00 बजे एक 10 टायरा ट्रक की चपेट में आई एक विधवा महिला (42) की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।



मिली जानकारी के मुताबिक मृतका रेनू मूल रूप से खुर्जा की रहने वाली थी और पिछले कई वर्षों से गांव टीला के खड्डों में बसी कॉलोनी में अपने चार बच्चों के साथ रह रही थीं। विधवा रेनू किसी प्राइवेट फैक्ट्री में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही थी। आज सुबह भी वह काम पर जाने के लिए अपने घर से निकली थी। इसी दौरान लगभग 8:30 बजे वह जैसे ही कुम्हार कॉलोनी चौक पर पहुंची, वहा लापरवाही से बैक हो रहे 10 टायरा ट्रक की चपेट में आ गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है. जो उसके फरार चालक की तलाश में लगी है।

## ग्रेटर नोएडा वेस्टः दोगुना पैसा करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 6 आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 12 दिसंबर 2025। पुलिस ने 11 दिसंबर 2025 को सेक्टर-16B स्थित रूद्रा सोसाइटी




के पास से सभी छह सदस्यों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महत्वपूर्ण सामान बरामद कियाः

5,75,000 नकद, नोट गिनने की मशीन, 06 मोबाइल , 3 ट्रॉली बैग भरी नकली नोटनुमा गड्डियां, 02 गाड़ियाँ

**फर्जी दस्तावेज और अन्य सामान**

थाना बिसरख पुलिस ने दोगुना पैसा करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी शुभम तिवारी, नवीन सिंह, इंद्रमणि उर्फ राजा, गौरव गुप्ता, रितेश उर्फ अंकित और चंचल कुमार हैं।

पुलिस के अनुसार, गैंग ने पीड़ित को 16.5 लाख दोगुना करने का लालच देकर Gaur City Mall से Amrapali Centurian Park Terrace Homes बुलाया। फ्लैट में आरोपियों ने असली नोट ऊपर और नीचे कागज की नकली गड्डियां भरकर बैग थमा दिया। जब पीड़ित को धोखाधड़ी का एहसास हुआ, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

थाना बिसरख पुलिस ने बताया कि गिरोह के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि लोगों को ऐसी ठगी से सतर्क रहने की आवश्यकता है और किसी भी निवेश या पैसा दोगुना करने वाले ऑफर में तुरंत स्थानीय पुलिस से संपर्क करें।

## यात्री वाहनों में अफरा-तफरीः सूरजपुर मुख्य मार्ग रहा बंद

**समाज जागरण**

दादरी-सूरजपुर मुख्य मार्ग पर सड़क प्रगति कार्य की वजह से दादरी से नोएडा आने वाला मार्ग सूरजपुर पेट्रोल पम्प के पास आज पुरी तरह बंद कर दिया गया। परेशानी का मुख्य कारण और भी ज्यादा इसलिए रहा कि वाहनों को डायवर्सन के लिए निश्चित स्थान से पहले कोई संकेत नहीं दिया गया था। यह कहीं न कहीं संबंधित ठेकेदार की तरफ से बहुत बड़ी लापवाही रही।



दादरी की और से आने वाले वाहन चालक सुरजपुर पेट्रोल पम्प के पास आकर अपने आपको असहाय महसूस कर, यु-टर्न लेकर सूरजपुर की अनजान गलियों में इधर से उधर भटकते नजर आ रहे थे ताकि किसी भी तरह से सूरजपुर घंटा चौक पर पहुंच जा सके।

सुबह समय जो लोग अपने-अपने महत्वपूर्ण कार्य व ड्युटी के लिये घर से जल्दीबाजी में निकले थे, वो सब बहुत देर हो जाने के कारण काफी परेशान हो रहे थे।

यात्री वाहन चालक एक तो पहले से ही खराब सड़क, जाम सड़क से परेशान थे। वहीं आज वो बंद सड़क से और भी ज्यादा परेशान होते प्रतीत हो रहे थे । और जिस तरह कछुआ चाल में सड़क निर्माण का कार्य पिछले वर्ष से ही चल रहा है लगता है ये परेशानी आगे भी काफी समय तक बनी रहेगी।

## ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन सितारों का जलवा, सिनेमा में एनिमेशन और VFX के उदय पर जोर

**समाज जागरण**

नोएडा, 12 दिसंबर 2025। 18वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा 2025 के दूसरे दिन फिल्मी सितारों का भव्य जमावड़ा देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में एएएफटी यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं नोएडा फिल्म सिटी के संस्थापक डॉ. संदीप मारवाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "जीवन सदैव गतिमान है। जो काम मिले उसे पूरे मन से कर लेना चाहिए, क्योंकि पता नहीं कौन-सी छोटी फिल्म इतिहास बदल दे। आज सिनेमा में एनिमेशन, श्रृ और ग्राफिक्स का अद्भुत उदय हुआ है जिसने फिल्म जगत में नई क्रांति ला दी है।"



फेस्टिवल के दूसरे दिन भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही। सेमिनार "सिनेमा में एनिमेशन, VFX और ग्राफिक्स का उदयह्व में कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए। इनमें प्रमुख रहे–

दिग्गज अभिनेता रंजीत, जिन्होंने खलनायक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई

गौरव द्विवेदी, सीईओ प्रसार भारती

अभिनेता वत्सल सेठ, ऑस्कर नॉमिनी निर्देशक अश्विन कुमार, अभिनेत्री पूजा गौर, प्रसिद्ध निमार्ता कृषिका लुल्ला, अभिनेत्री/ मॉडल/ डांसर परिणीता सेठ, मशहूर सिंगर-एक्टर अरुण बख्शी सेमिनार के दौरान डॉ. कुमार प्रशांत मानव की पुस्तक "एक बेहतर भविष्य का निर्माण" का विमोचन भी किया गया।

छात्रों को संबोधित करते हुए अभिनेता रंजीत ने कहा कि उन्होंने कभी किसी संस्थान से अभिनय का प्रशिक्षण नहीं लिया, लेकिन आज के विद्यार्थी भाग्यशाली हैं कि उन्हें मारवाह स्टूडियो जैसा उत्कृष्ट प्रशिक्षण केंद्र मिला है।

अंत में डॉ. संदीप मारवाह ने अतिथियों को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में– रंजीत को हिंदी सिनेमा रत्न अवॉर्ड, अरुण बख्शी और अश्विन कुमार को हिंदी सिनेमा भूषण अवॉर्ड, वत्सल सेठ को हिंदी गौरव राष्ट्रीय अवॉर्ड प्रदान किए गए।

फेस्टिवल के निदेशक अशोक त्यागी ने दूसरे दिन की सफल आयोजन व्यवस्था की जानकारी दी और सभी उपस्थित मेहमानों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## विधायक पंकज सिंह के जन्मदिवस पर सैनिक विहार मंडल में हवन, लोगों ने दी दीघार्यु की शुभकामनाएँ

**समाज जागरण**

नोएडा, 12 दिसंबर 2025। सैनिक विहार मंडल, नोएडा महानगर के सेक्टर-45 स्थित मंडल कार्यालय में आज नोएडा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हवन का आयोजन किया गया। हवन में विधायक की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई।



कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष, पूरी कार्यकारिणी एवं स्थानीय क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर शुभकामनाएँ दीं। हवन उपरांत लोगों को गैस सिलेंडर वितरित किए गए तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में–प्रदीप चौहान (मंडल अध्यक्ष), नीरज चौहान एवं अमित वाल्मीकि (मंडल महामंत्री), विपिन झा (मंडल उपाध्यक्ष), मुकेश गुप्ता, सूरज पाल राणा, केशव पंडित, रेनुवाला शर्मा, उषा झा, आकाश चौहान, गिरिराज, प्रवीन, सोन, संदीप, रंजू मिश्रा, सुनीता, गोपाल गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने विधायक पंकज सिंह की कार्यशैली, जनसेवा और विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके दीर्घ और स्वस्थ जीवन की कामना की।

## विधायक पंकज सिंह के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओ ने दी बधाई, दीर्घायु की कामना

**समाज जागरण**

नोएडा। नोएडा विधायक पंकज सिंह के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने हार्दिक बधाई दी और उनके लंबे, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यकताओं ने कहा कि विधायक पंकज सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को गति मिली है और उनकी जनसेवा से लोगों में विशेष उत्साह है।



इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के अटल बिहारी वाजपेयी मंडल से जितेन्द्र कुमार सिंह (मंडल महामंत्री) सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने शुभकामनाएँ व्यक्त कीं और उनके कामना की।

## सम्पूर्ण जन कल्याण समिति के 7वें स्थापना दिवस पर सरजीत सिंह भाटी शौर्य वीरता पुरस्कार का आयोजन

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा। सम्पूर्ण जन कल्याण समिति रजि. के 7वें स्थापना दिवस के अवसर पर सरजीत सिंह भाटी शौर्य वीरता पुरस्कार का भव्य आयोजन बिसरख गांव के बड़ा बारात घर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य स्वामी कर्मवीर जी ने की और संचालन समाजसेवी अंकित भड़ाना ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पदक से सम्मानित जिला कमांडेंट (बिजनौर, अमरोहा) डॉ. वेदपाल चपराना रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे–



अध्यक्ष सर्वधन परिषद उत्तराखंड प्रमोद खारी, योगाचार्य दीपक, बाबा अंतराम तंवर, यूपी कबड्डी टीम की कप्तान सोनिका नागर, पर्यावरण प्रेमी रूपचंद नागर, अखिल भारतीय प्राइवेट चिकित्सक फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल पाण्डेय, समाजसेवी कैप्टन कुलदीप, सीआईएसएफ के बंसीलाल गुर्जर, महिपाल मंडार, अनिल भाटी, और राष्ट्रीय लोक कलाकार हरेंद्र नागर, नरेश भाटी।

समिति के उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चैंपियन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष संजय सिंह भाटी के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर समिति की पूरी टीम– राहुल बैंसला, उपाध्यक्ष परवीन कुमार भाटी, महासचिव संजय सिंह जैन, कोषाध्यक्ष परवीन भाटी, कार्यालय प्रभारी अमरवीर, सदस्य डॉली शर्मा, मानसी भाटी– ने सहयोग किया।

कार्यक्रम में सैकड़ों मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों और अतिथियों में थे देशराज सिंह, धन्नी सिंह भाटी, राजवीर भाटी, संदीप भाटी, हरेंद्र यादव, हरि सिंह भाटी, अजेश राणा, नवाब भाटी, धर्मवीर भाटी, नरेंद्र भाटी समेत सैकड़ों लोग।

कार्यक्रम में शौर्य, वीरता और समाज सेवा के प्रतीक सरजीत सिंह भाटी पुरस्कार का वितरण कर योग्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया और स्थापना दिवस का आयोजन अत्यंत भव्य और सफल रहा।

दैनिक समाज जागरण
नेशनल अखबार में
विज्ञापन देने के लिए
संपर्क करें।

## सीएम योगी की प्रेरणा से कस्टम ज्वेलरी उद्यम ने बदली ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी

***मीरजापुर जिले की महिलाओं ने सीखी मार्केटिंग और नई टेक्नोलॉजी की बारीकियां***

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेहतर हो रहा ग्रामीण महिलाओं का जीवन स्तर***

***अपनी कमाई से बच्चों की पढ़ाई और परिवार का खर्च उठा रहीं ग्रामीण महिलाएं***

लखनऊ, 12 दिसंबर : मीरजापुर जिले के पिपरवा गांव की 28 वर्षीय सुशीला देवी का जीवन कुछ साल पहले तक घरेलू जिम्मेदारियों और तंगी के बीच उलझा था। किसान परिवार में जन्मी सुशीला ने मुश्किलों के बावजूद इंटर तक पढ़ाई तो कर ली थी, लेकिन आगे बढ़ने का रास्ता नहीं दिखता था। पति की निजी नौकरी से मिलने वाली सीमित कमाई में घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और बेहतर भविष्य, सब कुछ एक ही आय पर टिका था। लेकिन हालात तब बदले, जब सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी सुशीला तक पहुंची। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स संस्था की टीम उनके गांव तक पहुंची और महिलाओं को बताया कि वे भी अपना व्यवसाय खड़ा कर सकती हैं। उनके भीतर क्षमता है। बस जरूरत है सही मार्गदर्शन की।

**धीरे-धीरे हाथों की बनाई ज्वेलरी आसपास के बाजार में पसंद की जाने लगी**

एक सामूहिक बैठक में जब ज्वेलरी बनाने के प्रशिक्षण की बात चली, तो सुशीला ने झिझकते हुए शुरूआत की। परिवार की जिम्मेदारियों, कम संसाधनों और गांव में उनके भीतर कुछ नया सीखने की चाह हमेशा से थी। उन्होंने कस्टम ज्वेलरी बनाने का प्रशिक्षण लिया। फिर स्वयं सहायता समूह से 15,000 का ऋण लेकर छोटा सा उद्यम शुरू किया। धीरे-धीरे उनके हाथों की बनाई ज्वेलरी आसपास के बाजार में पसंद की जाने लगी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और संस्था की टीम ने उन्हें खरीदारों से जोड़कर मार्केट लिंकिंग की कमी भी दूर कर दी।

**घर का खर्च संभालने में पति की बराबर की सहभागी बनीं, बच्चों का अच्छे स्कूल में दाखिला**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के सहयोग से अब सुशीला की आय बढ़कर 15,000 रुपए हो गई। उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी रोजगार दिया। कुछ ही महीनों में सुशीला का आत्मविश्वास बढ़ता गया। पहले जहां उनकी स्वयं की कोई आय नहीं थी, वहीं अब उनकी मासिक आमदनी 15,000 तक पहुंच चुकी है। आज गांव की अन्य महिलाएं उनके साथ काम कर रही हैं, जिससे उनके भी घरों का खर्च आसानी से चल रहा है। अपनी बढ़ती कमाई से ही सुशीला ने अपने बच्चों का अच्छे स्कूल में दाखिला करवाया। अब वे घर का खर्च संभालने में पति की बराबर की सहभागी बन गई हैं।

**सही मार्गदर्शन मिले तो हम भी अपना भविष्य खुद गढ़ सकते हैं : सुशीला**

सुशीला कहती हैं, "पहले लगता था कि गांव की महिलाएं बस घर तक सीमित रहती हैं, लेकिन आज समझ आया कि सही मार्गदर्शन मिले तो हम भी अपना भविष्य खुद गढ़ सकते हैं।" उनकी यह मुस्कान और हौसला गांव की कई और महिलाओं के सपनों को नया आकार दे रहा है।

**छोटे छोटे गांवों से स्वाभिमान और सफलता की कहानी गढ़ रहीं महिलाएं : दीपा रंजन**

ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि सुशीला और अन्य महिलाओं की कहानी उस बदलाव की गवाही है, जो सीएम योगी की महिला-केंद्रित विकास नीतियों ने ग्रामीण जीवन में लाया है।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश, लंबित संदर्भों के जल्द निस्तारण पर जोर

**समाज जागरण**

बहजोई। कलक्टेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत डिफाल्टर संदर्भ को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी डिफाल्टर संदर्भ पोर्टल पर न रहे।

विभिन्न विभागों के लंबित सन्दर्भों पर चर्चा की गयी तथा लंबित सन्दर्भों को समय से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक को लेकर भी चर्चा की गयी तथा संतोषजनक फीडबैक को बढाने को लेकर निर्देशित किया ताकि रैंक अच्छी हो सके।

सभी शिकायतकर्ताओं से वार्ता करने तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर निर्देशित किया एवं जो भी आख्या बनाएं उसको संबंधित अधिकारी द्वारा स्वयं पढ़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी चर्चा की संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों की असंतोषजनक अधिक शिकायतें हैं उनका स्पष्टीकरण जारी किया जाए।

और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वाधिक शिकायतें करने वाले शिकायतकर्ताओं को चिन्हित करें और एक सूची तैयार की जाए जिससे अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, डिप्टी कलक्टर नीतू रानी, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुन्नौर दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवको की गई जान पुलिस कार्यवाई में जुटी

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद हाईवे पर गांव रसूलपुर पर आमने-सामने से बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों बाइको पर सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक की जांघ बुरी तरह फट गई और सिर जबकि दूसरे मृतक युवक के सिर में गंभीर चोटे थी । इनमें एक बाइक सवार गुन्नौर कस्बा मोहल्ला सराय का रहने वाला था जबकि दूसरा मृतक श्यामबाबू पुत्र राजपाल जिला बदायूं थाना जरीफनगर निवासी उस्मानपुर का रहने वाला था।

गुन्नौर के मोहल्ला सराय निवासी सतेन्द्र कुमार उर्फ अमित यादव पुत्र बलदेव उम्र 25 वर्षीय अपने किसी कार्य हेतु नरौरा गया था जो देर शाम बाइक से वापस लौट रहा था जैसे ही वह गुन्नौर क्षेत्र के गुन्नौर नरौरा हाईवे पर गांव रसूलपुर के नजदीक पहुंचा तो सामने से बाइक पर सवार श्याम बाबू से भिड़ंत हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी की दोनों के सिर व शरीर काफी चोटे आई और दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त भी हो गई। गुन्नौर कस्बा निवासी मृतक सतेन्द्र कुमार उर्फ अमित यादव के पिता लेखपाल थे जिनकी बीमारी के चलते बीते अगस्त के महीने में मौत हो गई मृतक प्रॉपर्टी डीलर का कार्य भी करता था।

हालांकि मृतक के परिजनों का सीएचसी में रो रो कर बुरा हाल है मौत के विलाप देख लोगों की आंखें नम है।

# स्व. अरविंद गिरी ऑल इंडिया फुटबॉल टूनामेंट : रोमांचक सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर की टीम पेनल्टी शूटआउट से विजयी

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी स्वर्गीय राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में स्व. अरविंद गिरी की स्मृति में आयोजित स्वर्गीय अरविंद गिरी ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल बेहद रोमांचक मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। यह मुकाबला एसटीएफसी जम्मू-कश्मीर और घोसियाना एफसी गोला के बीच खेला गया।

पूरे 90 मिनट तक दोनों टीमें 07या 07 गोल के साथ बराबरी पर रहीं। इसके बाद दिए गए 15 मिनट के अतिरिक्त समय में भी कोई टीम बढ़त नहीं बना सकी। अंततः निर्णायक पेनल्टी शूटआउट में एसटीएफसी जम्मू-कश्मीर ने 08-07 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली।



**कार्यक्रम में रहे विशिष्ट अतिथि**

मैच में मुख्य अतिथि के रूप में टूर्नामेंट के आयोजक एवं संयोजक अमन गिरी (विधायक, गोला) उपस्थित रहे। उनके साथ अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडेय, टीटू भसीन, नियामत अली, बिल्ले सरदार, टूर्नामेंट उपाध्यक्ष मदुसूदन गिरी, धर्मेंद्र गिरी, मौंटी भैया, राजीव जैकब, अन्नू दीक्षित, पंकज गुप्ता, जैनुद्दीन अंसारी (शब्बू), कफील अहमद, राजेंद्र निषाद, सचिन, सुरेश जायसवाल, कपिल भारती, राजू रावत, राम रछपाल, पंकज तिवारी, आशुतोष गिरी, कन्हैया, कमर अंसारी, ईश्वर चंद तिवारी, सुरमुख सिंह, कमाल अफसर, मनोज, अय्यूब खान, पूर्व सभासद रामू तिवारी सहित तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के दौरे में अफरातफरी—एक घंटे देरी से पहुंचे, बैठक में मीडिया की एंट्री पर रोक, बैनर बदलने की भी चर्चा

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी। यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बुधवार को हुए लखीमपुर दौरे में प्रोटोकॉल और तैयारियों में अव्यवस्था साफ दिखाई दी। तय कार्यक्रम के अनुसार उनका हेलीकॉप्टर सुबह 10:50 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरना था, लेकिन वे लगभग एक घंटे की देरी से पहुंचे। इस दौरान जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, तथा भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह सहित पदाधिकारी लंबे समय तक प्रतीक्षा करते रहे।

**मीडिया को बैठक से बाहर रखा गया**

उपमुख्यमंत्री का हेलीपैड से सीधे भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण (S.I.R.) समीक्षा बैठक में जाना प्रस्तावित था।



लेकिन बैठक शुरू होने के बाद मीडिया को अंदर जाने से सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया। सुरक्षा कर्मचारियों ने इसे संगठन की बैठकक्ष बताते हुए पत्रकारों को बाहर ही रोक दिया, जिससे असंतोष का माहौल बना रहा।

**बैनर बदलने की चर्चा तेज**

बैठक के दौरान वायरल हुई फोटो और वीडियो में देखा गया कि डिप्टी सीएम के पीछे लगे आधिकारिक बैनर पर सफेद पट्टी चिपकाई गई थी, जिस पर ह्रासंगठनात्मक बैठकह्न लिखा गया था। सूत्रों के अनुसार, उपमुख्यमंत्री के पहुंचते ही बैनर पर लिखे शब्द बदलने के निर्देश दिए गए, जिसके बाद जल्दबाजी में यह बदलाव किया गया। इस घटना की चर्चा पूरे जिले में रही।

**सवालों से बचते दिखे उपमुख्यमंत्री**

पत्रकारों ने र.कफ प्रक्रिया में आ रही जमीनी चुनौतियों और शिकायतों पर उपमुख्यमंत्री से सवाल पूछने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बिना जवाब दिए कार्यक्रम स्थल से रवाना होना उचित समझा।

दौरे के दौरान देरी, मीडिया प्रतिबंध, बैनर बदलने की जल्दबाजी, और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चुप्पी ने जिले में तरह-तरह की चचाओं को जन्म दे दिया है।

# नजीबाबाद कृषि विभाग द्वारा किसान गोष्ठी /किसान पाठशाला आयोजित

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद कृषि विभाग नजीबाबाद द्वारा आज मुस्सेपुर ग्राम पंचायत के पंचायत घर पर किसान पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें सहायक विकास अधिकारी कृषि जौनी कुमार, सतनाम सिंह नागर, विकास कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का कृषि विभाग द्वारा अनेक जन उपयोग योजनाएं चलाकर किसानों को लाभ दिलाने का काम किया जा रहा है आज गोष्ठी के प्रथम दिवस रबी, दलहन, तिलहन प्रजातियों के उत्पादन, रवि फसलों में खरपतवार नियंत्रण एवं कृषि रक्षा कृषि में ड्रोन का प्रयोग एवं फॉर्मर रजिस्ट्री का महत्व एवं उपयोगिता विषय पर अपने अपने विचार रखे उन्होंने कहा कि इस समय सरकार किसानों को कृषि निवेश यन्त्रों के अनुदान के बारे में बताया गया इस अवसर पर सहायक कृषि विकास अधिकारी जौनी कुमार ने प्राकृतिक खेती, गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर विस्तार से प्रकाश डाला किसानों को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी



ईशम सिंह ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हमारे किसान समृद्ध हो देश की खुशहाली का रास्ता गांव से खेत खलियानों से होकर गुजरता है हमारी सरकार देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह एवं अंत्योदय के प्रणेता स्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के संकल्प पर आधारित सरकार है उन्होंने सभी किसान भाइयों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने हेतु अपनी फसल का बीमा करने का आह्वान किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान रणवीर सिंह एवं संचालन विजेंद्र सिंह ने किया इस अवसर पर छत्रपाल सिंह, रफीक अहमद, सुखबीर सिंह, छोटे मंसूरी, शकुंतला देवी, शोभा भाटी, बाले हसन, नरेश कुमार, सत्यपाल सिंह, विनोद कुमार, निगम सिंह, महेंद्र सिंह, ईसम सिंह भाटी,साधूराम गुज्जर, बाबूराम आर्य, अमरकांत, ऋषिपाल सिंह आदि ने किसान गोष्ठी/ किसान पाठशाला में भाग लिया सहायक विकास अधिकारी कृषि विकास कुमार ने बताया कि यह किसान पाठशाला गोष्ठी दो दिवसीय है कल भी विभागीय अधिकारी किसानों को सरकार एवं विभाग की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों भाजपा नेता चौधरी विषम सिंह ने उपस्थित किसानों को सरकार द्वारा निशुल्क सरसों एवं मसूर की मिनी की किट वितरित की

# विभाग की कसोटी पर खरा उतर रही बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता

## बिछड़े परिवार को तलाशने में रुबी गुप्ता जिले में अव्वल, पांच साल से बिछड़ी महिला परिवार में पहुंची

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। हर धर्म में कहा गया है कि अनाथ के सर पर हाथ रखना बड़ा पुण्य होता है, और गुम हुए सदस्यों को उसके परिवार से मिलवाना मानो सबसे बड़ा पुण्य है। बिजनौर में तैनात बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता अपने सराहनीय कार्य को लेकर इन दिनों खूब चचाओं में हैं। पांच साल से बिछड़ी एक महिला को तमाम जंद्दो जहद के बाद आखिरकार बिछड़ी महिला को उसके परिवार से मिलवाकर रुबी गुप्ता ने एक बार फिर सरकार और अपने विभाग का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है। रुबी गुप्ता के इस अनोखे और सराहनीय कार्य की प्रशंसा बिजनौर से लेकर बिहार तक जा पहुंची है। बिछड़ी महिला बिहार निवासी निकली है।

हुआ यूं कि गत 15 नवम्बर 2020 में सूचना मिली थी कि एक महिला बिजनौर के मंडावर रोड पर लावारिश पड़ी हुई है। बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता ने जरा भी देर नहीं की और स्थानीय पुलिस के सहयोग से महिला को अपनी सुपुर्दगी में लेते हुए जानकारी की गई तो पता चला के महिला अपना नाम भी बता



नहीं पा रही थी।और महिला करुणधाम संस्था में रह रही थी। महिला के परिवार को तलाशने का बिडा उठाने वाली रुबी गुप्ता ने हर वह प्रयास किए जो विभाग के अंतर्गत आते हैं लेकिन मासूसी ही हाथ लगी। लेकिन रुबी गुप्ता ने उम्मीद का दामन नही छोड़ा और अपने प्रयास में लगी रही। बताया जाता है कि रुबी गुप्ता को पांच साल बाद सफलता हासिल हुई, और महिला शेरपुर कालोनी जिला बेतिया बिहार की निकली। आज शुक्रवार 12 दिसम्बर को बिछडी महिला को उसके परिवार को सौप दिया गया है। महिला की बेटी धर्मशिला, दामाद छोटेलाल यादवऔर नाती करण कुमार को बिजनौर बुलाकर महिला को उन्हें सौंपा। परिजनों ने बताया कि महिला दवाई लेने घर से निकली थी और गलती से ट्रेन में बैठकर यहां तक आ गई, परिवार के लोग अपनी माता को देखते ही रो पड़े। परिजनों ने रुबी गुप्ता के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने प्रदेश बिहार में जाकर यूपी सरकार के अधिकारियों के साथ साथ बाल संरक्षण अधिकारी रुबी गुप्ता के इस सराहनीय कार्य को बताएंगे जिससे वहा के अधिकारी व कर्मचारी बिजनौर जिले के अधिकारियों से प्रेरणा ले सके। रुबी गुप्ता ने कहा कि आगे भी ऐसा प्रयास जारी रहेगा। संस्था की महिलाओं के परिवार की खोजबीन कर परिवार से मिलवाने का प्रयास जारी रहेगा। बताया गया है कि, इससे पूर्व में भी बिछडी कई महिलाओं को उनके परिवार से मिलवाने में रुबी गुप्ता की अहम भूमिका रही है जिसे भूलाया नहीं जा सकता। हम भी रुबी गुप्ता के इस प्रयास को प्रणाम करते हैं।

# पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण, रजिस्टर और बैरकों की भी की जांच

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिसबल की फिटनेस और अनुशासन को परखते हुए पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई गई तथा एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल का अभ्यास कराया गया। परेड में पुलिस लाइन तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त सभी पुलिस कर्मी शामिल रहे।

परेड निरीक्षण के बाद एसपी ने उपस्थित जवानों को साफ-सुथरी वर्दी धारण करने, टर्नआउट को नियमानुसार बनाए रखने और सदैव अनुशासित रहने के निर्देश दिए।



इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों और अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। रजिस्टरों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा अद्यतन अपडेट सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

निरीक्षण के क्रम में एसपी संकल्प शर्मा ने प्रशिक्षु आरक्षियों के बैरक और मेस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेस में भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

साप्ताहिक परेड और व्यापक निरीक्षण के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में अनुशासन, स्वच्छता और व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय हेल्थ कवरेज डे पर जिला अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम, आमजन को दी गई स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी

**समाज जागरण**

कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी। अंतर्राष्ट्रीय हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेंद्र नाथ पांडे शामिल हुए। वहीं अतिथि के रूप में कनिष्क, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खीरी के अजीत कुमार वर्मा, तथा असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम के आशीष वर्मा ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं तथा विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी सीएमएस डॉ. आरपी वर्मा सहित अस्पताल का चिकित्सकीय स्टाफ और आमजन भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि वीरेंद्र नाथ पांडे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 12 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय हेल्थ कवरेज डे मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर, जरूरतमंद और हाशिये पर रहने वाले लोगों तक सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की सही जानकारी पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करना है। उन्होंने लोगों को आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, स्टेमी सेंटर, जननी सुरक्षा योजना (खर), परिवार नियोजन कार्यक्रम, क्षय रोग उन्मूलन, कुष्ठ रोग नियंत्रण, अंधता निवारण कार्यक्रम सहित कई अन्य महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं की पात्रता, प्रक्रियाएँ और लाभ विस्तार से समझाए।




इस अवसर पर चिकित्सा विशेषज्ञों ने भी स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश शुक्ला, जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ. शिखर बाजपेई, डॉ. रचित मिश्रा, डॉ. इंद्रेश राजावत, डॉ. अक्षत मिश्रा तथा सीएमओ ऑफिस से डॉ. अक्षत अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा, जागरूकता और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना रहा।

# नगर पालिका लखीमपुर में नई स्काई लिफ्ट वाहन का शुभारंभ, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था होगी और बेहतर

**समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद लखीमपुर में स्ट्रीट लाइटों की प्रभावी रिपेयरिंग और रख-रखाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक नए स्काई लिफ्ट वाहन का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया गया। पूजन के बाद वाहन को




संचालन हेतु नगरपालिका कर्मचारियों को सौंप दिया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, विभिन्न वार्डों के सभासदगण, निर्माण लिपिक, लेखाकार और अन्य नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

नई स्काई लिफ्ट वाहन के शामिल होने से शहर की स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और निरीक्षण कार्य अधिक सुरक्षित, त्वरित और व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। नगर पालिका परिषद का यह कदम शहरवासियों को बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने और रात्रिकालीन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# चोरो के हौसले बुलंद, न्यायालय परिसर पार्किंग से बाइक चोरी

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद । नगर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ताओं की पार्किंग से एक अधिवक्ता की बाइक ही चोरी कर ली। बाइक चोरी के बाद वकीलों में हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ता से चोरी के सम्बन्ध में जानकारी कर तलाश में जुट गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर के कस्बा जलालाबाद निवासी मौ.सैफ एडवोकेट अपनी बाइक संख्या यूपी 20एडब्लू2791 सुपर स्प्लेंडर काला रंग से प्रतिदिन की तरह हर्ष वाड़ा बाईपास स्थित न्यायालय सिविल कोर्ट कंपाउंड में आए थे, उन्होंने पार्किंग में बाइक लॉक लगाकर खड़ी की थी, शाम में घर जाने के लिए जैसे ही वह पार्किंग में पहुंचे तो वहां बाइक नहीं दिखी, जिसे देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई, काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं लग सका, बाइक चोरी होने की सूचना एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री और थाना पुलिस को दी गई। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई ।पुलिस ने शीघ्र ही बाइक चोर को पकड़ने और बाइक बरामदगी का आश्वासन दिया। अधिवक्ता मौ.सैफ द्वारा पुलिस को बाइक चोरी की तहरीर दी गई जिस पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

# विवाहिता की शिकायत पर पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

## 20 बीघा जमीन और बुलेट बाइक मांगने का आरोप

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। थाना स्योहारा क्षेत्र में एक विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति, सास, ससुर और चाचा ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा उससे 20 बीघा जमीन और बुलेट बाइक की मांग की जा रही थी। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 8 दिसंबर 2022 को हुई थी। विवाह में उसके परिवार ने लगभग 20 लाख रुपये खर्च किए थे और दहेज स्वरूप स्विफ्ट कार भी दी थी। इसके बावजूद, ससुराल वाले दी गई वस्तुओं से असंतुष्ट थे और लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे।

शिकायत में कहा गया कि शादी के कुछ समय बाद पीड़िता ने एक पुत्र को जन्म दिया, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। दहेज की मांगों का दबाव बढ़ता ही गया।

पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 23 जुलाई 2025 को उसके पति, सास, ससुर और चाचा ससुर ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की तथा उसे घर से निकाल दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मारपीट के दौरान उसकी नाक पर चोट आई। पीड़िता का कहना है कि उसने कई बार परिवार को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और लगातार प्रताड़ित करते रहे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि विवाहिता की तहरीर के आधार पर पति सहित चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की आगे जांच जारी है।

# घर मे छत के रास्ते घुसे पड़ोसी पर लगाए महिला ने गंभीर आरोप

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर धामपुर स्थानीय मौहल्ला नई सराय नई बस्ती में एक परिवार ने पड़ोसी के उत्पीड़न, गाली-गलौच, धमकी और घर में घुसकर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाना धामपुर में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता गीता देवी ने बताया कि उनकी पुत्री के 27 नवंबर को विवाह के बाद पड़ोसी अंकित ने दुर्भावनावश उनके दामाद को फोन कर झूठी व भ्रामक बातें कहीं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी 10 दिसंबर को दोपहर लगभग 1 बजे विवाद पर शांतिपूर्वक बात करने गई तो अंकित व उसके पिता राकेश ने गाली-गलौच शुरू कर दी।

आरोप है कि इसके बाद अंकित सैनी छत के रास्ते उनके घर में कूदकर घुस आया, मारपीट की, कपड़े फाड़ने का प्रयास किया और गंभीर छेड़छाड़ की, जिससे गीता देवी को चोटें आईं। शोर सुनकर परिजन पहुंचे तो आरोपी भाग गया पीड़ित परिवार ने सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की अपील की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किरायेदार से कमरा खाली कराने पर मकान मालिक को मिल रही धमकी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर धामपुर फूल बाग कॉलोनी निवासी विनीत कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह ने कोतवाली धामपुर में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके घर के पास चाची राकेश देवी का मकान है। जिसे किराए पर दिया गया है। विनीत के अनुसार किराएदार का आचरण संदिग्ध है और घर में आए दिन नए लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसी संबंध में हाल ही में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। विनीत का कहना है कि वीडियो के आधार पर जब मकान खाली करने को कहा गया तो किराएदार ने पहले इनकार कर दिया, बाद में चार दिन का समय मांगा, जो शुक्रवार को पूरा हो रहा है। विनीत को आशंका है कि उक्त किराएदार उनसे और उनके परिवार से रंजिश रखते हुए किसी झूठे मामले में फँसा सकता है। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

# स्कूलों में नहीं पहुंचे प्रश्न पत्र, मांगते रहे शिक्षक

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर परिषदीय स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा कराने के लिए प्रश्न पत्र छात्र संख्या के अनुरूप नहीं मिले। जिस कारण शिक्षक प्रश्नपत्र की मांग करते रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की समीक्षा में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा व्यवस्था दुरुस्त होने की रिपोर्ट दी। बीईओ वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रश्नपत्र देरी से पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार परिषदीय विद्यालय की अर्धवार्षिक परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 6, 7,8 में प्रथम पाली में गृह विज्ञान और कृषि विज्ञान व द्वितीय पाली में खेल एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा होनी थी लेकिन नहटौर के दर्जन भर से अधिक जूनियर हाईस्कूलों में प्रश्न पत्र नहीं पहुंचे या कम संख्या में पहुंचे। जिन कारण कई विद्यालय में शिक्षक अपने संकुल प्रभारी से प्रश्न पत्र मांगते रहे लेकिन कोई उचित व्यवस्था नहीं हो पाई। जिस कारण आसपास के विद्यालयों से प्रश्न पत्र लेकर किसी तरह परीक्षा कराई गई। बताया जाता है कि ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पहुंचे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने अर्धवार्षिक परीक्षा के बारे में समीक्षा बैठक ली थी।

# ऑनलाइन हाजिरी का किया विरोध

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नहटौर प्राथमिक शिक्षक संघ बिजनौर की आपात बैठक हुई। जिसमें शिक्षकों पर ऑनलाइन उपस्थिति थोपे जाने का आरोप लगाया। शिक्षकों से ऑनलाइन हाजरी का विरोध करने का निर्णय लिया। नगर के दुर्गा विहार कॉलोनी हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति बिना शिक्षकों की मांगों को पूरा किये जारी किया है। जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह ने कहा कि अध्यापकों को जब तक वर्ष मे 30 इएल, 15 हाफ सीएल अनुमन्य नहीं की जाएगी, तब तक किसी भी कीमत पर ऑनलाइन उपस्थिति को लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट की गुणवत्ता भी बहुत खराब है साथ ही नेटवर्क की उपलब्धता नही है। ऐसी स्थिति में गुणवत्ता युक्त नए टैबलेट सरकार को उपलब्ध कराने चाहिए। जिला अध्यक्ष सुधाराज सिंह की अध्यक्षता एवं राजपाल सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में सोहनवीर सिंह, ज्योति प्रकाश गहलोत, मोबिन हसन प्रांतीय मीडिया प्रभारी नवरत्न सिंह, सुधीर, अनिल कुमार, अंकित चिकारा, राजीव सिंह, राजीव चौधरी, आदेश कुमार, नवीन चौधरी, विकुल तोमर, रिजवान मौजूद रहे।

# लापता किशोर को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के बाईपास मार्ग से चार दिन पूर्व लापता हो गए किशोर को मिशन शक्ति टीम ने बरामद करते हुए सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी गुलाम रसूल का 13 वर्षीय पुत्र जोयफ गत नो दिसंबर को घर के बाहर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों के



द्वारा खोजबीन करने के बाद भी किशोर का कहीं भी सुराग नहीं लगा था। परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए किशोर को बरामद करने की गुहार लगाते हुए पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी थी। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई थी।शुक्रवार को पुलिस ने खोजबीन करने के बाद किशोर को कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड से बरामद करते हुए सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उपनिरीक्षक सुनील दत्त के द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति टीम ने किशोर को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# पुलिस ने शराब तस्कर को दबोच कर कब्जे से शराब बरामद कर भेजा जेल

**समाज जागरण कांधला।**

पुलिस ने एक व्यक्ति को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस ने कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे शराब माफिया के विरुद्ध अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम कौशर पुत्र ताज्जा, निवासी ग्राम माल्हीपुर बताया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। शुक्रवार को पुलिस ने पकड़े गए शराब तस्कर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण शामली।**

विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता रविन्द्र कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर आउटसोर्स कर्मचारियों को समय से वेतन न मिलने पर गंभीर नाराजगी जताई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के भीतर वेतन जारी नहीं किया गया तो सभी संविदा कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को विवश होंगे। शुक्रवार को विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने दिए ज्ञापन में बताया कि जिले में कार्यरत सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी लंबे समय से लंबित है, जबकि उच्च अधिकारियों के स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। इससे कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया कि वेतन न मिलने से कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। यदि निर्धारित समय में वेतन नहीं दिया गया तो कार्य बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग एवं संबंधित कंपनी की होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गाइड्स को व्यावहारिक रूप से कराया अभ्यास

**समाज जागरण**

कैराना। आर्य कन्या इंटर कॉलेज कैराना में गाइड कैंप के दूसरे दिन विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु देवी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। ध्वजारोहण के बाद प्रशिक्षक एवं जिला संगठन आयुक्त गीता रानी ने



सभी गाइड्स को बीपी सिक्स, योग अभ्यास, गांठें-बंधन, चादर-रस्सी-स्कार्फ की सहायता से स्ट्रेचर बनाना, तंबू निर्माण और माइनर बनाने जैसी गतिविधियों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने प्रत्येक गतिविधि का महत्व समझाते हुए गाइड्स को व्यावहारिक रूप से अभ्यास भी करवाया। गाइड कैप्टन प्रीति वर्मा, बेबी तथा विद्यालय के सभी अध्यापकों ने कैंप को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैंप के दौरान छात्राओं में उत्साह और सीखने की ललक देखने को मिली।

# बार एसोसिएशन चुनाव के लिए तैयारियां शुरू

**समाज जागरण**

कैराना। बार एसोसिएशन कैराना की वर्ष 2026 कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इससे पहले बार काउंसिल उप्र के चुनाव के मद्देनजर बार चुनाव पर रोक लगाई गई थी। लेकिन, हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन चुनाव समय पर कराने के आदेश जारी कर दिए। प्रत्येक वर्ष लगभग दिसंबर माह में बार एसोसिएशन के चुनाव कराए जाते थे। लेकिन, इस बार, बार काउंसिल उप्र के चुनाव के मद्देनजर बार एसोसिएशन के चुनाव पर बार काउंसिल उप्र ने कुछ समय के लिए रोक लगा दी थी, जिसके बाद मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी ने चुनाव पर रोक हटाने के लिए हाईकोर्ट में रिट दायर की थी। हाईकोर्ट ने जिला स्तरीय बार एसोसिएशन के चुनाव निर्धारित समय पर कराने के आदेश जारी किए थे। बार एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार चौहान ने बताया कि काईकोर्ट ने बार एसोसिएेशन के चुनाव समय पर कराने के आदेश जारी किए हैं। बार चुनाव के लिए कार्यकारिणी द्वारा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके लिए अधिवक्ताओं से वार्षिक शुल्क जमा कराया जा रहा है तथा मतदाता सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही एल्डर कमेटी अधिसूचना जारी करेगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आज

**समाज जागरण**

कैराना। सेंट आरसी साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा–6 में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की जाएगी। केंद्र व्यवस्थापक यशस्वी पंवार, विनोद कुमार व मूर्ति देवी रहेंगे। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की देखरेख में नकलविहीन होगी। उक्त जानकारी विद्यालय के डायरेक्टर यशपाल पंवार ने दी।

# चोरी की घटनाओं में एक आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। विद्यालय और नलकूपों से चोरी की घटनाओं में पुलिस ने एक आरोपी को चोरी के सामान समेत गिरफ्तार किया। 24 अक्टूबर को गांव मलकपुर स्थित विद्यालय और 7/8 नवंबर की रात्रि में गाजीपुर के जंगल में नलकूपों पर चोरी की घटनाएं सामने आई थी। पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए थे। शुक्रवार को पुलिस ने उपरोक्त घटनाओं में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से चोरी का एक गैस सिलेंडर, घटना में प्रयुक्त प्लास व आरी का ब्लैड बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सागर उर्फ छोटू निवासी गांव पावटीकलां बताया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को दबोचा भेजा जेल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चरस बरामद कर मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने मादा पदार्थ तस्करों के धर पकड़ के लिए वह नशे को जड़ से खत्म करने का अभियान नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चला रखा है। गुरुवार




की देर रात पुलिस कस्बे के बाईपास मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति व वहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग अभियान में पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया जब पुलिस ने तलाशी ली तो उसके कब्जे से 590 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम नवाब पुत्र शरीफ मोहल्ला मिर्दगान कांधला बताया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपी तस्कर पूर्व में भी चोरी व अन्य कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है।

# काउंसलिंग सत्रों ओर करियर ओरिएंटेड वर्कशॉप का समापन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के बीएसएम स्कूल में पिछले एक माह से चल रहे विशेष काउंसलिंग सत्रों और करियर ओरिएंटेड वर्कशॉप का शुक्रवार को समापन किया गया। 14 नवंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित इन सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, मानसिक सुदृढ़ता और सकारात्मक शिक्षण वातावरण को मजबूत बनाना रहा। सभी सत्रों का संचालन काउंसलर एकांशी चौधरी द्वारा किया गया।काउंसलिंग के दौरान छात्रों की व्यक्तिगत व शैक्षणिक समस्याओं जैसे भावनात्मक चुनौतियां, पढ़ाई का दबाव, संवाद की जटिलताएं और सीखने में कठिनाइयां पर विशेष चर्चा की गई। कक्षा 3, 4 और 5 के लिए बुलिंग एवं हैरसमेंट पर महत्वपूर्ण सत्र हुआ, जिसमें छात्रों को बुलिंग की पहचान, उससे बचाव और समस्या आने पर सहायता लेने के तरीकों से अवगत कराया गया।




साथ ही कम्युनिकेशन स्किल पर भी जोर दिया गया। कक्षा 6 में सकारात्मक एवं प्रभावशाली संवाद पर सत्र हुआ, जिसमें बेहतर बातचीत और आत्म-अभिव्यक्ति के कौशल सिखाए गए। कक्षा 7 से 10 तक के छात्रों के लिए आयोजित डिस्ट्रिक्ट काउंसलिंग सत्र में क्रोध नियंत्रण, भावना प्रबंधन, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, समय प्रबंधन और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार पर विस्तृत जानकारी दी गई। कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न स्ट्रीम के अनुसार करियर विकल्प, भविष्य हेतु जरूरी कौशल, प्रोफेशनल व्यवहार और तैयारी के टिप्स बताए गए। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, एकांशी चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चैयरमेन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

# पीआरडी ने मनाया 77 वा स्थापना दिवस

**समाज जागरण**

शामली। शहर के शहीद उधम सिंह स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल के तत्वाधान में पीआरडी का 77वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ विनय कुमार तिवारी रहे, जिन्होंने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व परेड कमाण्डर प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद की शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पीआरडी जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और सभी जवानों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल



अधिकारी हिमांशु अहलावत ने बताया कि 1948 में स्थापित पीआरडी विभाग की प्रदेश की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और प्राकृतिक आपदाओं में निभाई जाने वाली अहम भूमिका रही।कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी आकाश पंवार एवं सचिन पंवार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद, गायन आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पीआरडी जवान प्रदीप कुमार को सर्वांग सर्वोत्तम सम्मान से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ सहायक सुधा, असलम मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 171 अभ्यर्थियों का चयन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिला सेवायोजन कार्यालय शामली द्वारा लाला इन्द्र प्रकाश जनता इण्टर कालेज, बाबरी में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं ने विभिन्न कंपनियों में अपना भविष्य तलाशा। चयन प्रक्रिया के बाद कुल 171 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के प्रबन्धक शेखरचन्द मित्तल ने किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने अभ्यर्थियों को रोजगार से जुड़ी कंपनियों, चयन प्रक्रिया, आवश्यक कौशल व करियर मार्गदर्शन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं प्रबन्धक शेखरचन्द मित्तल ने युवाओं की भारी भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए करियर काउंसलिंग की और रोजगार मेले के उद्देश्य को बताया।



मेले में शामिल सभी कंपनियों ने अपने-अपने संस्थान का परिचय देते हुए उपलब्ध पदों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। चयनित अभ्यर्थियों को शेखरचन्द मित्तल, अतरसिंह सैनी और जिला सेवायोजन अधिकारी ने ऑफर लेटर वितरित किए। मेले में आरआर मैनपावर मैनेजमेंट सर्विस ने 41, एकेएस जॉब्स प्लेसमेंट ने 35, स्टार मैनपावर प्रा. लि. ने 19, होली हर्ब्स ने 36, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40, अभ्यर्थियों का चयन कर कुल 171 युवाओं को अवसर प्रदान किया। अगला रोजगार मेला 15 दिसंबर को बाबू जवान सिंह इण्टर कॉलेज, खन्द्रावली में आयोजित होगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**समाज जागरण**

शामली। हरियाणा मजदूरी करने जा रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब पुलिस वाहन चालक की तलाश करने में जुट गई है। कैराना क्षेत्र के गांग गंदराऊ निवासी यामीन पुत्र लियाकत अपने साथी अनस पुत्र बाबर के साथ बाइक पर सवार होकर हरियाणा के गांव बेसक सनोली में मजदूरी करने के लिए जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह क्षेत्र के गांव मवी के निकट पहुंचे तो





इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया और मामले की सूचना कैराना पुलिस को दी। फिलहार दोनों युवको की हालत स्थित बनी हुई है। वही पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# कार की टक्कर से मजदूर व्यक्ति घायल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव कैराना मार्ग पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को कार सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कार चालक हादसे का अंजाम देकर फरार हो गया। जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा गोला मंडी निवासी गंगाराम अपने परिवार सहित क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए आया हुआ है। शुक्रवार को वह किसी कार्य से थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित एक निजी स्कूल के निकट पैदल जा रहा था। तभी पीछे से कार चालक ने



पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में मजदूर घायल हो गया। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल व्यक्ति के पुत्र अंकित ने बताया कि हादसे को अंजाम देकर कार सवार फरार हो गया।

# महिला का डेढ़ वर्ष बाद परिजनों से भावुक मिलन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के अपना घर आश्रम में रह रही एक महिला का डेढ़ वर्ष बाद अपने परिवार से भावुक मिलन हुआ। गत 6 अगस्त 2023 को प्रभुजी मिथलेश को शहर कोतवाली पुलिस से लावारिस एवं असहाय अवस्था में महिला कांस्टेबल शीतल और रविन्द्र कुमार द्वारा आश्रम में भर्ती कराया गया था। भर्ती के समय उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। आश्रम की देखरेख और मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण रॉय के परामर्श से इलाज के बाद उनकी हालत धीरे-धीरे बेहतर होने लगी। चार दिन पहले प्रभुजी ने अपने घर जाने की इच्छा जताई और अपना पता गांव बहरामपुर, जिला अलीगढ़ बताया। आश्रम प्रशासन ने दिए गए पते की जानकारी इंटरनेट पर तलाश



की, जहां से ग्राम प्रधान का संपर्क नंबर मिला। ग्राम प्रधान से बातचीत कर महिला के बारे में जानकारी साझा की गई और परिवार का पता लगाने में सहायता मांगी गई। लगभग दो घंटे बाद ग्राम प्रधान ने प्रभुजी के बेटे धर्मेंद्र का नंबर उपलब्ध कराया। धर्मेंद्र से बात होने पर उन्होंने बताया कि उनकी मां डेढ़ वर्ष पहले घर से अचानक निकल गई थीं और काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका था। उन्होंने तुरंत आश्रम आने की बात कही। शुक्रवार को प्रभुजी के पति थानसिंह और बेटे धर्मेंद्र आश्रम पहुंचे। मां को देखकर दोनों की आंखें भर आईं। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वे प्रभुजी को अपने साथ गांव बहरामपुर, जिला अलीगढ़ लेकर गए।

# ग्रामीणों ने मांगी खाली बारात घर में लाइब्रेरी संचालित करने की अनुमति

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव गोमतीपुर मजरा सिक्का के ग्रामीणों ने गांव में स्थित खाली पड़े बारातघर में फ्री लाइब्रेरी संचालित करने की अनुमति मांगी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने डीएम को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। शुक्रवार को डीएम को दिए प्रार्थना पत्र मे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मौजूद बारातघर लंबे समय से खाली पड़ा है और उसका उपयोग नहीं हो रहा। ऐसे में यदि वहां फ्री लाइब्रेरी खोली जाए तो बच्चों, युवाओं एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को एक बेहतर अध्ययन स्थल उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि लाइब्रेरी से गांव के शैक्षिक वातावरण



को मजबूती मिलेगी। प्रार्थना पत्र में सोहनबीर कश्यप, रजनी सहित समस्त ग्रामवासियों ने मांग की है कि बारातघर का सदुपयोग करते हुए इसे लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने की अनुमति जल्द प्रदान की जाए। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी इस जनहितपूर्ण मांग पर शीघ्र निर्णय लेगा। इस अवसर पर रेणु, रजनी, अंजू, सोहनबीर कश्यप, रीना कश्यप, सोनू, रोहित, अभिषेक, दीपक, रजत, अमित कश्यप, सतेन्द्र, कुलदीप, राहुल, आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सक के न बैठने से मानसिक रोगी परेशान

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिला अस्पताल के मन कक्ष में डॉक्टर न बैठने से मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग एक वर्ष पूर्व मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. उर्वशी के त्यागपत्र देने के बाद से मन कक्ष में नियमित उपचार की व्यवस्था बाधित चल रही है।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में मन कक्ष स्थापित किया गया था, जहां मानसिक स्वास्थ्य से जूझने वाले लोगों के लिए एक मनोरोग विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, सोशल वर्कर व काउंसलर की नियुक्ति की गई थी। जहां प्रतिदिन 30 से 40 मरीज पहुंच रहे थे, लेकिन करीब एक वर्ष पूर्व मनोरोग विशेषज्ञ डा. उर्वशी त्याग पत्र देकर चली गई। वर्तमान में मन कक्ष केवल काउंसलर प्रेरणा पुंडीर के



सहारे संचालित हो रहा है, जबकि यहां तैनात सोशल वर्कर को हटाकर सीएमओ कार्यालय भेज दिया गया है। ऐसे में मानसिक रोगियों को परामर्श से लेकर दवा तक की सुविधा में लगातार कमी बनी हुई है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने निर्देश दिए थे कि सीएचसी कांधला अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र सिंह प्रत्येक शुक्रवार को मन कक्ष में बैठकर मरीजों को उपचार प्रदान करें। लेकिन पिछले दो सप्ताह से डॉ. वीरेन्द्र भी मन कक्ष नहीं पहुंच रहे, जिसके कारण मरीजों को इलाज और जरूरी दवाओं के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।मरीज के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में मानसिक रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी के कारण उचित इलाज नहीं मिल पा रहा। मरीजों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मन कक्ष में जल्द से जल्द नियमित मनोरोग विशेषज्ञ तैनात किए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# स्मैक के साथ एक आरोपी दबोचा

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस ने अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। एसआई विनोद राघव टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी मोहल्ला आलकलां निवासी माजिद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 104 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने युवती की बचाई जान

**समाज जागरण**

कैराना। मां की डांट से क्षुब्ध होकर यमुना नदी में आत्महत्या करने जा रही एक युवती की पुलिस द्वारा जान बचाई गई। शुक्रवार को यमुना ब्रिज के निकट एक युवती यमुना ब्रिज के पास पहुंची थी। तभी पुलिस ने युवती के हाव–भाव को परखते हुए उससे जानकारी की, जिस पर युवती ने बताया कि वह मोहल्ला दरबारखुर्द की रहने वाली है और मां की डांट से क्षुब्ध होकर यमुना नदी में कूदने जा रही थी। बाद में युवती के परिजनों को कोतवाली में बुलाया गया। जहां परिजनों से वार्ता कराने के बाद मनमुटाव दूर कराया गया। पुलिस ने युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# न्यायालय परिसर रॉबर्ट्सगंज में सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस अधीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा न्यायालय परिसर रॉबर्ट्सगंज में सुरक्षा व्यवस्था की समग्र समीक्षा हेतु आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीमान्‌ द्वारा परिसर में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं, ड्यूटी पर तैनात पुलिसबल की तत्परता तथा न्यायालय लॉकअप की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण के मुख्य बिंदु – न्यायालय परिसर का विस्तृत भ्रमण पुलिस अधीक्षक द्वारा न्यायालय परिसर के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं–मुख्य प्रवेश द्वार, पार्किंग क्षेत्र, आमजन मार्ग, सीसीटीवी कैमरा कवरेज, बैरिकेडिंग एवं संवेदनशील स्थलों–का गहन निरीक्षण किया गया।

लॉकअप एवं सुरक्षा-व्यवस्था की जांचः लॉकअप की भौतिक स्थिति, अभियुक्तों की सुरक्षा व्यवस्था, बंदी प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया एवं तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी प्रणाली की विस्तार से जांच की गई। पुलिसबल की सतर्कता व उपस्थिति की चेकिंग ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, सतर्कता, ड्रेस अनुशासन, सुरक्षा उपकरणों की स्थिति तथा ड्यूटी के प्रति उनकी जागरूकता की जांच की गई। सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने हेतु न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले व्यक्तियों की सघन चेकिंग सुनिश्चित करने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी




कार्रवाई, अभियुक्तों की सुरक्षित एस्कॉर्टिंग व्यवस्था को और मजबूत करने, भीड़ नियंत्रण एवं संवेदनशील मामलों में सुरक्षा-घेराबंदी को बढ़ाने, सीसीटीवी निगरानी को नियमित रूप से मॉनिटर करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि न्यायालय परिसर अत्यंत संवेदनशील स्थल है और यहां सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं है। सभी पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी, संयम एवं पेशेवर तरीके से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

अंत में, पुलिस अधीक्षक महोदय ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा में लगे सभी कर्मचारियों को उनके दायित्वों के महत्व से अवगत कराते हुए सुरक्षा व्यवस्था को हमेशा उच्चतम स्तर पर बनाए रखने पर बल दिया।

# कोणार्क विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने मनाया भव्य रजत जयंती कार्निवल

**समाज जागरण बागपत।**

कोणार्क विद्यापीठ ने अपने स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक शानदार और यादगार रजत जयंती कार्निवल का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत ब्रिगेडियर देवेंद्र सिंह एवं नगर पालिका खेकड़ा की अध्यक्ष नीलम धामा एवं सविता धामा ने मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के संस्थापक देवेंद्र धामा के योगदान को याद किया गया। भाजपा प्रकोष्ठ के शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजीव तोमर ने कोणार्क विद्यापीठ द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्रो को सम्मानित किया गया। कोणार्क विद्यापीठ के प्रबंधक देवेंद्र धामा ने इस ऐतिहासिक अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि रजत जयंती कार्निवल केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और शुभ चिंतकों के समर्पण का प्रमाण है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने कहा कि हम भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह ने कहा कि कोणार्क विद्यापीठ नगर में शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र रहा है। यह विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

इस अवसर पर क्षेत्र अधिकारी सी ओ रोहन चौरसिया, एसएचओ प्रभाकर कैनतुरा, गुरुकुल विद्यापीठ के प्रबंधक मुकेश गुप्ता जेपी एकेडमी के प्रबंधक विकास कोणार्क विद्यापीठ के उप प्रबंधक अंकित धामा मोनिका धामा रामचंद्र शर्मा शक्ति राजदान नलिनी शर्मा शालु जैन गुलशन चौहान नरेश कुमार विपिन धामा बिशप शर्मा मेघा धामा शिवानी धामा मोनिका कौशिक सविता शर्मा विनी शर्मा सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# एस्रो के निदेशक संजय राणा को किया जल प्रहरी सम्मान 2025 से सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।**




न्यू महाराष्ट्र सदन दिल्ली में जल संसाधन मंत्रालय एवं नीति आयोग के सहयोग से 6 वां जल प्रहरी सम्मान 2025 सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय जल संसाधन मंत्री श्री सी आर पाटिल, पद्म विभूषण डॉ अनिल जोशी, पद्म श्री लक्ष्मण सिंह लापोड़िया, स्वामी चिदानंद सरस्वती के साथ देश के प्रतिष्ठित पर्यावरणविद, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षा विद तथा सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल रही। जल प्रहरी सम्मान प्रति वर्ष देश के विभिन्न राज्यों की 33 लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने जल संरक्षण, वर्षा जल संचय, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवित तथा जन-भागीदारी पर आधारित अभियानों के माध्यम से समाज में विशिष्ट योगदान दिया हो। इस वर्ष 13 राज्यों के लोगों को दिया गया। संजय राणा विगत 25 वर्षों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जल संरक्षण, आओ नदियों को जाने, जल वायु परिवर्तन, वृक्षारोपण, पर्यावरण शिक्षा जैसे गंभीर विषयों पर युवाओं और समाज में व्यवहार परिवर्तन यात्रा के माध्यम से कार्य कर रहे है, वे अभी तक 1.25 लाख युवाओं, छात्रों, शिक्षकों और नागरिकों के माध्यम से विभिन्न अभियान चला चुके है जिनके स्थानीय स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन नजर आए है। आयोजक मंडल ने संजय राणा के काम को निरंतर, पारदर्शिता और जन-सहभागिता पर आधारित एक मॉडल बताते हुए कहा कि उनका कार्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित कल भविष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इस अवसर पर संजय राणा ने कहां कि यह सम्मान व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि एस्रो परिवार के प्रत्येक कार्यकर्ता की है जिन्होंने कड़ा परिश्रम किया है साथ ही उन सभी सहयोगियों, साथियों, शिक्षकों, बच्चो, युवाओं और समुदायों का है जो साथ चल रहे है। यह पुरस्कार हमें आने वाले समय में और अधिक ऊर्जा से काम करने की प्रेरणा देता है।

# जनसंख्या संतुलन और बढ़ते अपराध पर नरेश टिकैत ने जताई गंभीर चिंता

## चौहान खाप की पंचायत में कुरीतियों पर मंथन समाज सुधार का संदेश

**समाज जागरण बागपत।**



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत शुक्रवार को रमाला गांव पहुंचे, जहां उन्होंने चौहान खाप के चौधरी विवेक कुमार के आवास पर दो पक्षों के बीच उत्पन्न विवाद को सुलझाया। टिकैत ने दोनों पक्षों में सुलह कराकर न केवल तनाव समाप्त कराया, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल भी कायम की। ग्रामीणों ने उनके इस प्रयास की सराहना की। पत्रकारों से बातचीत के दौरान नरेश टिकैत ने समाज की बदलती स्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की जनसंख्या लगातार कम होती जा रही है, जबकि समाज में अपराध की दर तेजी से बढ़ रही है। यह स्थिति पूरे देश के लिए चेतावनी है और इस पर गंभीर मंथन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक स्थिरता और संतुलन बनाए रखने के लिए सभी वर्गों को जिम्मेदारी के साथ आगे आना होगा। बैठक में सामाजिक कुरीतियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। तेरहवीं भोज, दहेज प्रथा जैसी परंपराओं को समाज पर बोझ बताते हुए इन्हें समाप्त करने की अपील की गई। इस चर्चा में सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ-साथ युवाओं में बढ़ती आपराधिक प्रवृत्ति को भी लेकर चिंता जताई गई। चौहान खाप के चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि समाज को संगठित होकर कुरीतियों के खिलाफ खड़ा होना होगा, तभी आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम में रालोद नेता धीरज उज्जवल, पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह, राजकुमार, नरेंद्र सिंह, भूरा, कमल, राज प्रधान सिलावर, कृष्णपाल प्रधान किरठल, धर्मेंद्र तुगाना आदि मौजूद रहे।

# डीएम के औचक निरीक्षण शिक्षा कार्यालयों में मचा हड़कंप

अभिलेख व्यवस्था और उपस्थिति जांचते हुए डीएम ने दिए कड़े निर्देश
शिक्षा विभाग में पारदर्शिता अनुशासन समयबद्धता सुनिश्चित करने पर डीएम गंभीर



**समाज जागरण बागपत।**

डीएम अस्मिता लाल ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, उपस्थिति पंजिका, अभिलेखों के रख-रखाव, पत्रावलियों के निस्तारण एवं कार्यालय परिसर की स्वच्छता का विस्तार से अवलोकन किया। उनके पहुंचते ही दोनों कार्यालयों में भर के लिए हलचल का माहौल बन गया। डीएम ने कर्मचारियों की उपस्थिति की वास्तविक स्थिति का मिलान कराया तथा अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शैक्षिक संस्थानों से जुड़े कार्यालयों में अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए, क्योंकि यहां की शिथिलता का सीधा प्रभाव छात्रों और शिक्षकों पर पड़ता है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अभिलेखों की व्यवस्था को और व्यवस्थित करने, महत्वपूर्ण फाइलों के समयबद्ध निस्तारण और नागरिकों से जुड़े कार्यों में अनावश्यक देरी न होने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी दोनों को निर्देशित किया कि सभी शाखाओं में कार्य-प्रवाह सुचारू बनाए रखने हेतु नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। डीएम अस्मिता लाल ने कर्मचारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं और शासन की प्रत्येक योजना को धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह सहित खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड करने पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण बागपत।**

विवेक पुत्र रामकिशन निवासी क्यामपुर पर नाली में गोबर बहाने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने घर में घुसकर उसके व उसकी मा के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी थी। उसने कोतवाली पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेक का कहना था कि नौ दिसंबर को नाली में गोबर बहाने का विरोध करने पर पड़ासियों ने उसकी मा के साथ गाली-गलौच की और फिर कुछ देर बाद उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की थी। उसने सत्येन्द्र पुत्र महेन्द्र, महेन्द्र पुत्र कबूल, देवेन्द्र पुत्र महेन्द्र, गौरव पुत्र देवेन्द्र पर घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की थी और बचाव में आई भाई विक्की उर्फ गुड्डू की पत्नी पूजा के छेडछाड़ की थी। शोर सुनकर लोगो को मौके पर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। वादी ने बताया कि धोखाधड़ी करके सत्येंद्र ने लोगों से रुपए की ठगी कर रखी है। उसने कोतवाली पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी

# निगोहां किसान शिव प्रकाश हत्याकांड: जमीन विवाद में अपहरण कर हत्या, पुलिस ने छठे आरोपी दिलीप को भी दबोचा

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

निगोहां के दखिना गांव के लापता किसान शिव प्रकाश उर्फ कबीर हत्याकांड में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए छठे आरोपी दिलीप को गिरफ्तार कर लिया है वह नगराम का निवासी है। इससे पहले मुख्य आरोपी प्रॉपर्टी डीलर सुजीत श्रीवास्तव समेत पांच आरोपी पकड़े जा चुके है पुलिस जांच में सामने आया कि करोड़ों की विवादित जमीन के मुकदमे में हार जाने के डर से आरोपियों ने 15 नवंबर को किसान का अपहरण कर कार में ही गला दबाकर




हत्या कर दी थी शव को बीघापुर उन्नाव ले जाकर पेट्रोल छिड़ककर जला दिया गया, ताकि शव की पहचान न हो सके फर्जी आईडी पर लिए मोबाइल-सिम के जरिए दोस्ती कर बनाया शिकार, और मना करने पर जबरन कार में बैठाकर खौफनाक हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया पुलिस ने घटनास्थलों की सर्विलांस लोकेशन खंगाल कर राज का पदार्फाश किया गिरफ्तार आरोपी सुजीत कुमार श्रीवास्तव, पिंटू रावत, विनोद, लालू उर्फ नीरज कश्यप, राजू उर्फ राजकुमार छठा आरोपी दिलीप अब पुलिस की पकड़ में आ गया है निगोहा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त दिलीप कुमार को शुक्रवार निगोहा नगराम मार्ग देवी खेड़ा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया जमीन के करोड़ों के सौदे में किसान की जान लेना आरोपियों के लिए भारी पड़ गया डीसीपी निपुण अग्रवाल एडीसीपी रल्ला पल्ली बसथ कुमार के निर्देशन में निगोहा थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने थाना निगोहा की पुलिस टीम के साथ पूरे गिरोह को सलाखों के पीछे किया है।

# रूसी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन, 72 विद्यार्थियों को मिले प्रमाणपत्र

**आशीष पांडेय समाज जागरण संवाददाता निगोहा**



लखनऊ, निगोहां बाबू सुन्दर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित रूसी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे कुल 72 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का संचार हुआ। समारोह का शुभारम्भ पारंपरिक स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात बीएसएसजीआई के महानिदेशक डॉ. के. के. सिंह ने अपने प्रेरक समापन-संदेश में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए वैश्विक भाषा-ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम की विशेष अतिथि प्रो. नतालिया व्लादिमिरोव्ना श्मेलेवा ने अपने विचारोत्तेजक संबोधन में भाषा अधिगम के महत्व, अंतरराष्ट्रीय अवसरों तथा सतत कौशल-विकास की अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा की। उनके विचारों ने छात्रों में नई ऊर्जा और सीखने के प्रति गहन उत्साह उत्पन्न किया।इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रूसी भाषा में अपने अनुभव साझा किए, जिनमें उन्होंने कार्यक्रम से प्राप्त मार्गदर्शन, संवाद-कौशल तथा भविष्य की संभावनाओं पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। समारोह के मुख्य चरण में 72 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों के चेहरों पर उपलब्धि का गर्व और सीख को आगे बढ़ाने का उत्साह स्पष्ट देखा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष आनंद शेखर सिंह ने की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहने तथा वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।अंत में बीएसएससीओपी के निदेशक डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सभी अतिथियों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# पावर हाउस मार्ग जर्जर, उपभोक्ता और कर्मचारी परेशान मरम्मत न होने से हादसों का बढ़ा खतरा

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**



लखनऊ। निगोहां पावर हाउस तक जाने वाला मुख्य मार्ग लम्बे समय से पूरी तरह जर्जर हालत में पड़ा है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण स्थानीय उपभोक्ताओं, ग्रामीणों और बिजली विभाग के कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर कई वर्षों से किसी प्रकार का मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। बारिश के मौसम में सड़क और भी टूटकर धंस गई, जिससे बड़े गड्ढे बन गए हैं। गाड़ी, बाइक या साइकिल लेकर निकलना चुनौती से कम नहीं है।रात्रि ड्यूटी करने वाले बिजली कर्मियों ने बताया कि खराब सड़क से होकर पावर हाउस पहुंचना रोज का जोखिम बन चुका है। रात में अंधेरा और कीचड़ के कारण कई बार वाहन फिसल जाते हैं, जिससे दुर्घटना होने की आशंका बढ़ जाती है।उपभोक्ताओं और स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की बदहाली को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई भी विभाग मरम्मत कराने नहीं पहुंचा। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क दुरुस्त कराए जाने की मांग की है, ताकि पावर हाउस पहुंचने में होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।

# मोहनलालगंज के भाटन खेड़ा में 100 साल पुरानी सड़क का पुनर्निर्माण, डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम ने किया उद्घाटन; यातायात, सुरक्षा और विकास को मिलेगा बढ़ावा

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**



यातायात प्रवाह, सुरक्षा व आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा - डॉ.अजय पाण्डेय दिनांक 12 दिसंबर 2025 को नगर पंचायत मोहनलालगंज के भाटन खेड़ा में डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 100 साल से अधिक पुरानी सड़क को पुनर्निर्मित कर उद्घाटन कर क्षेत्र वासियों को सौगात दी है, जो पिछले कई दशकों से खराब स्थिति में थी।जिसे पूर्व में किसी भी जन प्रतिनिधि ने तवज्जों नहीं दिया लेकिन चैयरमैन प्रतिनिधि डॉ अजय पाण्डेय सत्यम ने जनता को समस्याओं को गंभीरता से लिया ग्रामवासियों का कहना है इस सड़क का पुनर्निर्माण एक बड़ी उपलब्धि है, जो क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत है, डॉ.अजय पाण्डेय सत्यम ने उदघाटन करते हुए कहा "हम इस सड़क के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस परियोजना को पूरा करने के लिए काफी दिनों से प्रयासरत थे और आज सड़क का कार्य सम्पूर्ण हो गया है जिसका आज हम उद्घाटन कर रहे हैं इस सी सी सड़क के बनने से क्षेत्रीय जनता को आवागमन में सुविधा होगी इस सड़क के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के निवासियों को कई फायदे होंगे, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं, इस सड़क के पुनर्निर्माण से वाहन चलाने वालों और पादचारियों के लिए सुरक्षा बढ़ जाएगी व इस सड़क के पुनर्निर्माण से यातायात का प्रवाह सुचारू रहेगा साथ ही इस सड़क के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

# निगोहा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट सीरीज 2 का फीता काटकर शुभारंभ हुआ.

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के थाना निगोहा क्षेत्र के एसःएनः टी ग्राउंड निगोहा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट सीरीज 2 का शुभारंभ हुआ इस टूनार्मेंट में लखनऊ



और रायबरेली के कुल 16 टीमों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया टूनार्मेंटका उद्घाटन करने पहुंचे सपा पूर्व खेल राज्य मंत्री अनुराग भदौरिया और सपा के प्रदेश सचिव अमरपाल सिंह ने फीता काटकर टूनार्मेंट का किया शुभारंभ उद्घाटन के बाद पहले लीग मैच माती और बछरावां की टीमों के बीच खेला गया माती ने ट्रांस जीत कर पहले गेंद बाजी का फैसला किया वहीं दूसरी तरफ बछरांवा की टीम ने 14.3 ओवर 115 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जवाब में माती ने 12.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 117 रन बनाकर मैच में जीत हासिल की ओर वही दुसरी ओर निखिल को उनके उत्कट प्रदर्शन के लिए मैं ऑफः दः मैच चुना गया था आपको बता दे की टूनार्मेंट की आयोजक शैलेंद्र सिंह दीपू ने बताया कि सभी मैचों का लाइव किया जा रहा है क्षेत्र के खेल प्रेमी अपने मोबाइल पर भी मैच आनंद ले पा रहे हैं उद्घाटन कार्यक्रम में प्रबंधक अमरेंद्र सिंह यादव पूर्व प्रधान निगोहां अजय सिंह पूर्व प्रधान भगवानपुर नीशू मिश्रा एडवोकेट अनूप प्रताप सिंह अधिवक्ता प्रिंस सिंह समाजसेवी कौशलेंद्र सिंह पूर्व महामंत्री केःके;वी विकास सिंह समाजसेवी नवीन मिश्रा प्रधान पूर्व चंदन सिंह अमरेंद्र बाबा सहित बड़ी संख्या मे सम्मानित व कार्यकर्ता मौजूद रहे थे

# बनिए अधिकार और न्याय से वंचित असहायों का संबल- ज़िला जज वाराणसी संजीव शुक्ला

जनपद न्यायालय वाराणसी में सोनभद्र, वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, आजमगढ़ के अधिकार मित्रों से सजी क्लस्टर आधारित परा विधिक स्वयं सेवक कार्यशाला -सामुदायिक भाव और सरल भाषा के साथ पीड़ितों की समस्याएं सुनें और शालीनता से उनका मार्गदर्शन करें- सचिव शैलेंद्र यादव एडीजे सोनभद्र




**समाज जागरण/**
**अभय कुमार पटेल**

सोनभद्र। अपनी संस्था और समाज के लिए मन लगाकर काम कीजिए ताकि असहाय व्यक्ति निराश न होने पाये और जो अपने दायित्व, कर्तव्य और अधिकार से वंचित हैं ऐसे समाज को भी उसके अधिकारों के विषय में जागरूक करें जिस तक न्याय की रोशनी नहीं पहुंच पा रही है। यह बातें जिला जज वाराणसी संजीव शुक्ला ने परा विधिक स्वयं सेवकों के क्लस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम संवर्धन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। श्री शुक्ला ने अधिकार मित्रों से आह्वान किया कि "बनिए ऐसे वंचित और असहाय लोगों का संबल" जनपद न्यायालय वाराणसी में विभिन्न जनपदों से आए परा विधिक स्वयं सेवकों, सोनभद्र वाराणसी चन्दौली गाजीपुर आजमगढ़ के अधिकार मित्रों से सजी कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि किस तरह कार्यक्षेत्र में प्रशिक्षु स्वयं को स्थापित करें आदि गुरु सिखाते हुए ताकीद किया कि सामुदायिक भाव और सरल भाषा के साथ पीड़ितों की समस्याएं सुनें और शालीनता से उनका मार्गदर्शन करें साथ ही समस्या के निराकरण का मार्ग बताएं। श्री यादव ने सलाह दी कि प्रयास करें कि आपके लिखने पढ़ने और सुझाव एवं सहायता से पीड़ित की समस्या का समाधान हो, प्राधिकरण सचिव ने यह भी चेताया कि पीएलवी कदापि कानून के दायरे से बाहर न जाएं और न तो किसी विभागीय कर्मचारियों से उलझें। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित की समस्या का निदान नहीं होता है और सरकारी विभाग दुर्व्यवहार करता है तो मासिक समीक्षा बैठक के दौरान पीएलवी कार्यक्षेत्रमे आने वाली समस्या अथवा पीड़ित की समस्या संक्षिप्त शब्दों में साक्ष्य के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पटल पर रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि न्याय सबके लिए है यह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का वादा है इसे आत्मसात करें और पीड़ितों को विश्वास दिलाए की न्याय सबके लिए है। अन्य जिलों से आए अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपने अनुभवों को साझा किया तथा स्वयंसेवकों को कार्य के गुर सिखाए। समारोह का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी अपर जनपद न्यायाधीश सचिव आलोक कुमार अग्निहोत्री ने किया। इसके पूर्व जनपद न्यायाधीश वाराणसी संजीव शुक्ला ने सरस्वती चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत कराई। कार्यशाला में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव के संरक्षण और अगुवाई में सोनभद्र पीएलवी में में कमाल अहमद, निगार फरजाना, अजय मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, मनोज पाठक, सरिता लाहा, रंजू भारती, दीपन कुमार, भोला सुमन कुमारी, सपना सिंह, निर्मला कौर समेत जनपद वाराणसी, चदौली गाजीपुर, आजमगढ़ के स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की अयोध्या यात्रा बनी राजनीतिक नेतृत्व का मानक

सेवा और संस्कृति का निरंतर विस्तार:52वीं रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा में खरिका वार्ड के श्रद्धालु हुए शामिल

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



लखनऊ। भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा निःशुल्क बस सेवा ने समाजसेवा, श्रद्धा और जनसंबंध के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है। शुक्रवार को 52वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा के माध्यम से खरिका वार्ड के वृद्धजनों और मातृशक्ति को पावन अयोध्या धाम के दिव्य दर्शन कराए गए।यात्रा का इतिहास और उद्देश्य:27 सितंबर 2022 को डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती तारा सिंह जी की पावन स्मृति में इस सेवा की शुरूआत की थी। अब तक लगभग 8,000 श्रद्धालु, जिनमें वरिष्ठ नागरिक, महिलाएँ, छात्र-छात्राएँ और वृद्धाश्रमों के बुजुर्ग शामिल हैं, अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके हैं। इस यात्रा का उद्देश्य उन नागरिकों को यह दिव्य अवसर प्रदान करना है, जिनके लिए आर्थिक या स्वास्थ्य कारणों से अयोध्या जाना कठिन था सेवा को व्यवस्था में बदलने वाला नेतृत्व डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस धार्मिक सेवा को नीति-आधारित सामाजिक मॉडल का रूप दिया है, जहाँ चयन, संचालन, भोजन-जलपान, सुरक्षा और सुविधा सब कुछ पारदर्शी व संगठित प्रक्रिया में किया जाता है। उनकी टीम के वालंटियर्स इस यात्रा को पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ संचालित करते हैं। यह बस सेवा अब सरोजनीनगर की सामाजिक-धार्मिक चेतना का प्रतीक बन चुकी है। अयोध्या यात्रा : आस्था, विश्वास और नेतृत्व का संगम 52वीं यात्रा के दौरान खरिका वार्ड के वृद्धजनों की आँखों में जो संतोष और कृतज्ञता दिखी, वह केवल धार्मिक भाव नहीं बल्कि लोक-प्रतिनिधि पर अटूट विश्वास का भाव था। यह यात्रा क्षेत्र में सांस्कृतिक आत्मगौरव, सामाजिक सुरक्षा और राजनीतिक विश्वसनीयता – तीनों को सुदृढ़ कर रही है।

संस्कृति के साथ विकास का समन्वय

रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा यह संदेश दे रही है कि सरोजनीनगर में विकास योजनाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जागरण भी उतनी ही गति से आगे बढ़ रहा है। यह सब संभव हुआ है ऐसे नेतृत्व के कारण, जो सेवा को राजनीति का केंद्र, आस्था को समाज का आधार और जनता को अपने कार्य का परम ध्येय मानता है।

# लोहगढ माइनर के लिंक चैनल व टेल का पुनर्निर्माण जल्द करें प्रदेश सरकार- कंबोज।

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासाया) डबवाली के अंतर्गत मौजगढ़ हेड से निकलने वाले लोहगढ माइनर का लिंक चैनल व टेल का माइनर जो पिछले कई महीनो से बार-बार टूट रहा है उसके जल्द निर्माण के लिए किसानों ने आवाज बुलंद की है क्योंकि जब भी नहर में पानी आता है तो माइनर और टेल में जगह-जगह कटाव हो जाता हैं जिससे नहर में आया हुआ पानी किसाने के खेत तक नहीं पहुंच पाता।

मिट्ठू कंबोज ने बताया कि गांव नया राजपुरा ,सकता खेड़ा व लखुआना के किसानों के खेत इस माइनर पर पडते हैं ।लोहगढ माईनर की टेल और लिंक चैनल से लगभग 1200 एकड़ रकबे की सिंचाई होती है।



लेकिन माइनर के बार-बार टूटने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लिंक चैनल और टेल पर जगह-जगह पेड़ गिरे हुए हैं जिन्हें फॉरेस्ट विभाग द्वारा नहीं हटाया गया है इससे माइनर और भी ज्यादा टूटता है क्योंकि पतझड़ में जब पत्ते पेड़ों से गिरते हैं तो माइनर पत्तों से भर जाता है और पानी आने से माइनर टूट जाता है। राजपुरा, सक्ताखेड़ा व लखुआना के किसानों ने सरकार से मांग की है कि इन लोहगढ लिंक चैनल व नया राजपुरा के रकबे को पानी देने वाली टेल को जल्द ही आरसीसी बनाया जाए और माइनर के दोनों साइड पेड़ों को हटाकर साफ सफाई की जाए ताकि हर किसान के खेत को पानी मिल सके।

# बहल पुलिस ने एक अभिभावक की शिकायत पर एक किसान नेता व दो- तीन अन्य के खिलाफ संगीन अपराधिक विभिन्न धाराओं में किया मामला दर्ज

**समाज जागरण,
( जिला संवाददाता महेन्द्र जावला भिवानी )**

बहल, 12 दिसंबर। बहल पुलिस ने एक अभिभावक की शिकायत पर एक किसान नेता व दो- तीन अन्य के खिलाफ संगीन अपराधिक धाराओं पास्को एक्ट, अनुसूचित जाति जनजाति रोकथाम अधिनियम, अपहरण की विभिन्न धाराओं सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। नाबालिक का मेडिकल परीक्षण व न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कलमबद्ध कराए गए हैं। गत दिवस इसी संदर्भ में एक प्राथमिक पहले भी दर्ज की गई थी। जिसमें अज्ञात तीन लोगों पर अपहरण, रास्ता रोकने, जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले में आज नया मोड़ उसे वक्त आया जब इस मामले में एक नाबालिक लड़की ने अपने पिता के साथ पुलिस थाना पहुंचकर आपबीती बताई और शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि करीब 15 दिन पूर्व उसकी नाबालिग लड़की गांव के बस स्टॉप पर खड़ी थी और आरोपित किसान नेट रवि आजाद ने उसको अपनी गाड़ी में बैठकर बहस छोड़ने को कहा था। जब उसकी बेटी गाड़ी में बैठ गई तो उन्होंने उसके साथ छेड़छाड़ की और यह बात घर में नहीं बताने को लेकर उसको धमकी भी दी थी कि यदि उसने यह बात अपने घर में अपने अभिभावकों को बताया तो बड़ा किसान नेता है पूरे परिवार को उठवा देगा। बाद इसके 8 दिसंबर की रात को उसकी नाबालिक लड़की को उठाने के लिए तीन लोग आए और उसे जबरन उठाने का प्रयास किया तो, उनके शोर मचाने पर वे लोग वहां से भाग गए। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित किसान नेता रवि आजाद सहित अन्य के खिलाफ पास्को एक्ट, एससी एसटी एक्ट, अपहरण सहित विभिन्न संगीन अपराधिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए पीड़िता के बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां पेश कर कलमबद्ध करा दिय हैं। पुलिस ने एससी एसटी एक्ट की धारा 3(2)(वीए) , जुवेनाइल एक्ट 12, 8 बीएनएस की धारा 137, 140(3), 3(5), 351(2), 62,75(2), 96 के तहत मामला दर्ज किया है।

इस संबंध में आरोपित किसान नेता रवि आजाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह उनके खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र है और इस षड्यंत्र में पूर्व मंत्री जेपी दलाल उसके कार्यकर्ता व कारिंदे शामिल है। वह ना तो पीड़िता को जानते हैं ना उनके परिवार को। जो भी रचा गया है वह एक षड्यंत्र है। पुलिस राजनीतिक दबाव में यह सब कार्रवाई कर रही है। उसकी इनोवा गाड़ी का 8 दिसंबर की रात को पिकअप गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ था और उस वक्त वह गाड़ी में मौजूद नहीं था। उसके साथी थे और पिकअप चालक अनिल से झूठी शिकायत लेकर एक एफआईआर दर्ज करवाई गई थी और वह चाल विफल हो गई तो, राजनीतिक दबाव में पुलिस प्रशासन ने एक नई एफआईआर ईजाद की है और यह 100 फीसदी झूठी है। पुलिस यह साबित करके दिखाएं कि उसकी कोई इंवाल्वमेंट है। रवि ने यह भी कहा कि पुलिस जांच में वह पूरा सहयोग करेगा और कानून का दंड नहीं, सामाज उसे दंड दे वह भुगतने को तैयार है और इस मामले से उसका कोई लेना-देना नहीं। केवल और केवल मात्र राजनीतिक द्वेषता है।

# शेरला गांव में सेवाभाव सोशल वेलफेयर समिति की वॉलीबॉल व शिक्षा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**समाज जागरण, ( जिला संवाददाता महेन्द्र जावला बहल)**

बहल, 12 दिसंबर। सेवाभाव सोशल वेलफेयर समिति द्वारा गांव शेरला में वालीबाल एवं शिक्षा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ भाजपा मंडल बहल प्रधान सुनील सांगवान सिरसी ने रिबन काट कर किया। आयोजक समिति ने युवाओं को खेल और शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने और गांव में नई ऊर्जा और सकारात्मकता को लेकर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। जिसका वक्ताओं ने समिति के मिशन व कार्यक्रमों के लिए मुक्त कंठों से सराहना की। मुख्य अतिथि सुनील सांगवान ने कहा कि खेल व शिक्षा एक सिक्के के दो पहलू होते हैं और एक दूसरे के पूरक भी। खेलो के आयोजन से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है तथा पारंपरिक खेलों इसके द्योतक भी।



खेलों को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक संस्थाओं ने मेहता योगदान दिया है और इसके सकारात्मक परिणाम भी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिले हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला महासचिव डा. विजेंद्र कस्वां, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, संदीप खरसू, रामचंद्र श्योराण, विनोद जांगड़ा, अंकित खरसु, दलबीर पूनिया व विनोद खरसू, संदीप पूनिया, सतबीर जांगड़ा, चांद राम खरसु, विक्की इटकान, प्रवीण पूनिया , सुखबीर मोटू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। पहले दिन वालीबाल मैच बेहद रोमांचक रहे। खिलाड़ियों के आकर्षक प्रदर्शन, टीम भावना और उत्साह ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# पंजाब के पूर्व राज्यपाल शिवराज पाटिल नही रहे

## मोदी सहित अन्य लोगों ने किया शोक व्यक्त

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,12 दिसम्बरः पंजाब के पूर्व राज्यपाल व वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल का शुक्रवार को निधन हो गया है। वह करीब 91 वर्ष के थे। उन्होंने महाराष्ट्र के लातूर स्थित अपने आवास पर आज अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वह 2010 से 2015 तक पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक रहे थे। इसके अलावा वह 2004 से 2008 तक भारत के केंद्रीय गृह मंत्री रहे।वह 1991 से 1996 तक 10वीं लोकसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) भी रहे।उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक करियर में रक्षा मंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया।वह लातूर लोकसभा क्षेत्र से सात बार सांसद चुने गए थे।पाटिल ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत लातूर नगर पालिका के अध्यक्ष के रूप में की और राष्ट्रीय स्तर पर एक सम्मानित राजनेता के रूप में पहचान बनाई। उन्हें एक शांत और गरिमापूर्ण आचरण वाले अनुभवी राजनेता के रूप में जाना जाता था, जिनके निधन पर राजनीतिक जगत में शोक की लहर है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है और सार्वजनिक सेवा में उनके योगदान को याद किया है।(प्रधानमंत्री ने श्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया) :प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज श्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री पाटिल एक अनुभवी नेता थे, जिन्होंने अपना जीवन जनसेवा के लिए समर्पित कर दिया था।अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने श्री पाटिल के निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे और गौरवशाली सार्वजनिक जीवन में विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष और लोकसभा अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर रहकर देश की सेवा की। श्री पाटिल समाज कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट निष्ठा के लिए जाने जाते थे।प्रधानमंत्री ने श्री पाटिल के साथ उनके जीवनकाल में हुई अपनी कई भेटों को याद करते हुए कहा कि उनसे सबसे हाल की मुलाकात कुछ महीने पहले हुई थी जब श्री पाटिल उनके आवास पर आए थे।एक्स पर अलग-अलग पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा श्री शिवराज पाटिल जी के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ है। वे एक अनुभवी नेता थे। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष और लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वे समाज कल्याण में योगदान देने के लिए अत्यंत समर्पित थे। वर्षों से मेरा उनसे कई बार संपर्क रहा, जिनमें से सबसे हाल की भेंट कुछ महीने पहले मेरे आवास पर हुई थी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। ऊँ शांति।

# गोकलपुरा में मादा मोर की संदिग्ध मौत, वन्य जीव विभाग ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**समाज जागरण, ( जिला संवाददाता महेन्द्र जावला बहल )**

बहल 12 दिसंबर। बहल के निकटवर्ती गांव गोकलपुरा में एक मादा मोर ने तड़प तड़प कर प्राण त्याग दिए। मौत को लेकर पर्यावरण संरक्षण प्रेमी लोगों ने गहरी चिंता जताते हुए मोरनी की मौत के कारण जानने वन्य जीव प्राणी विभाग को सूचना देकर मौके पर बुलाकर शव का मुआयना करवाया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। ताकि मादा मोर की मौत का कारण पता लग सके। शुक्रवार सुबह गांव गोकलपुरा में रामचंद्र पूनिया के मकान की छत पर एक मोरनी ने तड़प तड़प कर अपने प्राण तज दिए है। सूचना वन्य जीव जंतु विभाग को दे दी गई और उनसे मांग की गई है कि मोरनी का पोस्टमार्टम करवाया जाए ताकि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मोरनी की मृत्यु के कारणों का पता लगाया जा सके ग्रामीणों ने तड़प तड़प कर हुई मौत को जीव-जंतु वायरस की आशंका जताई है या मृत्यु किसी अन्य बीमारी के कारण हुई है। मादा मौर के शव का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस व वन्य जीव प्राणी विभाग के अधिकारी राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि करेंगे।



# फिरोजपुर रेल मंडल ने कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो ,12 दिसम्बर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा जारी शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मंडल कार्यालय, फिरोजपुर में भंडार/शाखा/फिरोजपुर के कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन



किया । जिसमें श्री मस्तराम मीना, सहायक मंडल सामग्री प्रबंधक /फिरोजपुर एवं श्री सुनील, वरिष्ठ अनुवादक ने व्याख्याता के रूप में कार्य किया । कार्यशाला में राजभाषा हिंदी संबंधित दिशानिदेशों की जानकारी के साथ-साथ कर्मचारियों को हिंदी को अपने सरकारी कामकाज का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया गया तथा दैनिक सरकारी कामकाज हिंदी में करते समय आने वाली कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया गया।

# गोकलपुरा जोहड़ में घायल नीलगाय और दो कंकाल मिले, शिकार की आशंका से ग्रामीणों में हड़कंप

**समाज जागरण, (जिला संवाददाता महेन्द्र जावला बहल)**

बहल 12 दिसंबर। शुक्रवार को गांव गोकलपुरा के पिपलिया जोहड़ में एक घायल नीलगाय और दो नील गायों के कंकाल मिलने के बाद ग्रामीणों व किसानों में कौतूहल की स्थिति हैं और ग्रामीणों ने पुलिस के साथ वन्यजीव प्राणी संरक्षण विभाग को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस व वन्य जीव प्राणी अधिकारी ने मौका निरीक्षण करने के बाद घायल नीलगाय को इलाज के लिए भिवानी भेजा है तथा मिले नीलगायों के दो कंकालों को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लिया है। ग्रामीणों ने शक जताया है कि नील गायों के मिले कंकाल करीब एक महीना पूर्व के हो सकते हैं और अंदेशा यह भी है कि नील गायों का शिकार कर उनका



मांस आदि निकाला जा रहा है। घायल अवस्था में मिली नीलगाय का भी शायद शिकार किया गया है और इसके मरने का इंतजार शिकारी लोग कर रहे थे। पुलिस जांच अधिकारी नरेंद्र कुमार ने मौका स्थल का मुआयना किया है और मौके पर चिंकारा प्रजनन केंद्र कैरू से वन्य जीव जंतु रक्षक भी अपनी टीम लेकर दलबल सहित मौका पहुंचे। घायल नीलगाय को सरकारी गाड़ी में डालकर इलाज करने के लिए चिंकारा प्रजनन केंद्र कैरू ले गए हैं। ग्रामीणों ने थाना बहल के जांच अधिकारी व वन्य जीव जंतु विभाग के जिला निरीक्षक से जांच पड़ताल कर दोषी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की है। इस मौके पर गांव के सरपंच सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे

# अर्न्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब प्रदेश द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए किया गया सहयोग सरांहनीय रहा :उपायुक्त हिमांशु जैन आईएएस

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

मंडी डबवाली,12 दिसम्बर :मंडी डबवाली जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव नवनीत जोशी ने वताया कि पंजाब में पिछले दिनों आई भयंकर बाढ़ के समय जिला प्रसाशन के आग्रह पर अर्न्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब प्रदेश द्वारा जिला रैडक्रास सोसायटी के पास मंडी डबवाली से संस्था के राज्य अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंगला द्वारा दानवीरों के सहयोग से पहुंचाई गई सहायता सामग्री जिन में गद्दे तिरपाल,बाल्टीयां,पानी के कैन शामिल थे यह सामग्री जिला अधिकारीयों द्वारा बाढ़ पीड़ित लोगों को जरूरत के अनुसार वितरित की गई ।उन्होंने बताया कि लुधियाना के गुरू नानक देव भवन के सोहन लाल पाहवा आडीटोरियम में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में जिला उपायुक्त हिमांशु जैन आई.ए.एस.



द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय सरंक्षक सदस्य विपिन जैन श्रमण एवं राज्य महामन्त्री हरकेश मित्तल को सम्मान प्रदान कर संस्था को सम्मानित किया गया, उपायुक्त हिमांशु जैन ने अर्न्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब प्रदेश द्वारा जिला प्रशासन को दिए गये सहयोग को सरांहनीय बताया । संस्था के राज्य अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंगला ने कहा कि उपायुक्त हिमाशुं जैन द्वारा जिस प्रकार दिन-रात वाढ़ पीडितों के बीच रहकर उनकी हर सम्भव सहायता की गई वह एक उदाहरण है ऐसे कर्मठ, ईमानदार, मिलनसार, मधुरभाषी अधिकारीयों द्वारा पीडित लोगों की मदद करना समाज के लिए प्रेरणादायी है । उन द्वारा किए गए सरांहनीय कार्य को देखते हुए संस्था द्वारा उपायुक्त हिमांशु जैन को दिसम्बर माह में "ओ.पी. जिन्दल अवार्ड" द्वारा सम्मानित किया जायेगा इस अवसर पर जीएलएडीए के एडीशनल मुख्य प्रशासक ओजस्वी अलंकार आईएएस सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी,सामाजिक सस्थांयों के प्रतिनिधि एंव गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# एआई का विवेकपूर्ण इस्तेमाल स्वास्थ्य सेवा के लिए वरदान साबित हो सकता है: डॉ. जितेंद्र सिंह

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का विवेकपूर्ण इस्तेमाल स्वास्थ्य सेवा और फार्मा क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो सकता है। साथ ही उन्होंने उभरती जैव प्रौद्योगिकी और जीन थेरेपी परियोजनाओं में निजी क्षेत्र के साथ सरकार के मजबूत सहयोग पर जोर दिया।

कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) फार्मा एंड लाइफ साइंसेज समिट 2025 को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबसे बड़ा परिवर्तन यह रहा है कि सरकार उद्योग जगत से समान उत्साह के साथ संपर्क साधती है, जो एक सच्चे समग्र सरकारी, समग्र उद्योग दृष्टिकोण को दशार्ता है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि एआई अब कोई विकल्प नहीं बल्कि निदान, दवा खोज और स्वास्थ्य सेवा वितरण में एक आवश्यक उपकरण है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसका उपयोग मानव-केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा, "असली चुनौती यह है कि हम एआई को एक ऐसे हाइब्रिड मॉडल में कितने प्रभावी ढंग से एकीकृत करते हैं जो प्रौद्योगिकी और मानवीय सहानुभूति के बीच संतुलन बनाए रखे।"

स्वास्थ्य सेवा में नवाचार के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एआई-आधारित निदान मॉडल अब कल्चर परीक्षण के समय को दिनों से घटाकर मिनटों तक ला रहे हैं, और एआई द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन परियोजनाएं स्थानीय बोलियों में दूरस्थ गांवों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचा रही हैं, जिससे मरीजों का विश्वास और परिणाम काफी बेहतर हो रहे हैं।

भारत की बढ़ती वैज्ञानिक और औद्योगिक क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार जीन थेरेपी, जैव प्रौद्योगिकी और रोग प्रतिरक्षण टीके के विकास जैसे अग्रणी क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के साथ सक्रिय रूप से साझेदारी कर रही है। उन्होंने बताया कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की कई पहलें अब अग्रणी निजी कंपनियों के सहयोग से सिंथेटिक एंटीबायोटिक्स, डीएनए और एचपीवी टीके और जैव-विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी समाधान विकसित करने के लिए काम कर रही हैं।

सरकार के व्यापक अनुसंधान प्रयासों का जिक्र करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने उद्योग जगत के दिग्गजों को हाल ही में घोषित 1 लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान एवं विकास कोष का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया, जो स्वास्थ्य, कृषि और अन्य क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी परियोजनाओं को समर्थन देता है। उन्होंने कहा, ह्लपहली बार सरकार नवाचार के लिए निजी कंपनियों का वित्तपोषण कर रही है, जो भारत के अनुसंधान एवं विकास संबंधी इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।ह्व

डॉ. जितेंद्र सिंह ने उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाओं के आयातक से निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के निर्यातक बनने की दिशा में भारत के बदलाव की सराहना करते हुए टीकों, बायोसिमिलर और किफायती चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में देश की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति का हवाला दिया। उन्होंने कहा, "हम अब उच्च गुणवत्ता वाली तथा सस्ती स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों का उत्पादन कर रहे हैं जिन्हें दुनिया भर में बाजार मिल रहे हैं।"

# प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक अमेरिकी वाताओं और महत्वपूर्ण विश्व दौरों से भारत के वैश्विक गौरव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचायाः सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

चंडीगढ़,12 दिसंबर : राष्ट्रीय भाजपा नेता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भूखड़ी कलां ने कहा कि आज हर भारतीय हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गरमजोशी भरे दूरदर्शी सशक्त करुणामय और वैश्विक स्तर पर सम्मानित नेतृत्व के कारण गर्व कृतज्ञता और गहरी प्रेरणा महसूस कर रहा है। ग्रेवाल ने कहा कि वह पंजाब और भारत राष्ट्र की ओर से प्रधानमंत्री मोदी जी को भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को लगातार नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और हर भारतीय के मन में आत्मविश्वास और आशा भरने के लिए दिल से धन्यवाद और प्रशंसा अर्पित करते हैं।उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आज प्रधानमंत्री मोदी जी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप व्हाइट हाउस के साथ अत्यंत गरमजोशी भरी सकारात्मक और सार्थक टेलीफोन वार्ता की जिसमें दोनों नेताओं ने भारतझ्रअमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में हुई शानदार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रमुख क्षेत्रों में लगातार सुदृढ़ होते द्विपक्षीय सहयोग पर गहरी संतुष्टि जताई। ग्रेवाल ने कहा कि यह सार्थक और रचनात्मक बातचीत प्रधानमंत्री मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में उभरते नए भारत की स्थिति को दशार्ती है और हर नागरिक को अत्यंत गर्व से भर देती है।ग्रेवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने साझा किया कि उनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ चर्चा अत्यंत गरमजोशी भरी सौहार्दपूर्ण सार्थक और शुभेच्छाओं से भरी हुई रही। इससे भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच



विश्वास मित्रता सहयोग और आपसी सम्मान के रिश्ते और मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सकारात्मक विकास हर भारतीय को खुशियों और आत्मविश्वास से भर देते हैं क्योंकि आज विश्व भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार और सराह रहा है।उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह 15 से 18 दिसंबर तक प्रधानमंत्री मोदी जी जॉर्डन इथियोपिया और ओमान के चार दिवसीय दौरे पर होंगे। ग्रेवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का इथियोपिया का यह पहला दौरा होगा और यह हमारे राष्ट्र के लिए एक और गर्व का क्षण है क्योंकि भारत महाद्वीपों में साझेदारी विकास और सद्भाव के रिश्तों को और मजबूत कर रहा है।ग्रेवाल ने बताया कि हमें यह जानकर भी अत्यंत प्रसन्नता है कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी जी को 2026 में इटली दौरे के लिए गरमजोशी भरा निमंत्रण दिया है जिसे हमारे प्रधानमंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। यह निमंत्रण इटली के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एंतोनियो तायानी ने भारत में प्रधानमंत्री मोदी जी से मुलाकात के दौरान दिया। ग्रेवाल ने कहा कि यह भारत और इटली के बीच बढ़ती मित्रता विश्वास सम्मान और सहयोग का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त करुणामय दूरदर्शी और वैश्विक रूप से प्रशंसित नेतृत्व में हमारा राष्ट्र गर्व आनंद एकता आशा और अविरल प्रगति के साथ आगे बढ़ रहा है। ग्रेवाल ने कहा कि आज भारत नई शक्ति और गहरे आत्मविश्वास के साथ विश्व के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय गौरवान्वित है कि प्रधानमंत्री मोदी जी भारत को एक उज्जवल सशक्त और अधिक शांतिपूर्ण भविष्य की ओर ले जा रहे हैं और आज दुनिया भारत की ओर अपार सम्मान और विश्वास के साथ देख रही है।ग्रेवाल ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी जी को अपनी गहन श्रद्धा कृतज्ञता प्रेम और पूर्ण विश्वास के साथ नमन करते हैं जिन्होंने राष्ट्र को ऐसा नेतृत्व दिया है जो हमारे मूल्यों की रक्षा करता है देश को सशक्त बनाता है जनता को उभारता है और हर भारतीय के मन में गर्व प्रेरणा और आनंद की अनुभूति कराता है।

# बुजुर्गो व दिव्यांगजन के जीवन को बाधामुक्त बनाना रेड क्रॉस का मूल उद्देश्य : सचिव

**समाज जागरण,
(जिला संवाददाता महेन्द्र जावला बहल)**

बहल- लोहारू, 12 दिसंबर । उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और रेडक्रॉस सोसायटी ने एक सराहनीय कार्य अरावली पावर कंपनी प्रा0 लि0, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और एलिम्को (भारत सरकार का उपक्रम) के साथ मिलकर बुजुर्गों व दिव्यांगजनों के जीवन को बाधामुक्त करने के लिए सहायक उपरण वितरण प्रदान करने के लिए जिले भर में विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये जानकारी देते हुए सचिव रेड क्रॉस प्रदीप कुमार ने बताया कि इस मुहिम के तहत खंड स्तर पर जाँच शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लोहारू के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजन व वरिष्ठजनों ने पंजीकरण कराया। इस मौके पर रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के जीवन को सुगम और आत्मनिर्भर बनाना है। सचिव प्रदीप कुमार ने जानकारी दी कि जो लाभार्थी किसी कारणवश लोहारू शिविर में नहीं पहुंच पाए, वे निराश न हों। वे अपने नजदीकी ब्लॉक में आगामी दिनों में लगने वाले शिविरों में जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविरों की कड़ी में 13 दिसबर को बहल के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय एवं 14 दिसम्बर को अंतिम जांच शिविर रेडक्रॉस भवन भिवानी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें में एलिम्को के विशेषज्ञों की टीम द्वारा जाँच के बाद जरूरत के अनुसार विभिन्न उपकरणों के लिए पंजीकरण किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, बैसाखी, वॉकर, छड़ी, ट्राइपॉड, क्वाडपॉड, चेयर कमोड, सिलिकॉन सीट, नी-ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट, सर्वाइकल कॉलर, लम्बोसैक्रल बेल्ट, और सीट वाली छड़ी शामिल हैं। सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष या अधिक) के लिए मासिक आय 15 हजार रुपये और दिव्यांगजनों के लिए 22 हजार 500 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदक ने पिछले 5 वर्षों में मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल और पिछले 3 वर्षों में किसी भी सरकारी/गैर-सरकारी योजना से कोई समान उपकरण न लिया हो। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बीपीएल राशन कार्ड, पेंशन प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। सचिव ने बताया कि लाभार्थी अधिक जानकारी के लिए रेड क्रॉस कार्यालय के दूरभाष नंबर 01664-240639 या मोबाइल नंबर 8950504748 पर संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान शिविर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार, जयभगवान, रिहेबएक्सपर्ट मोहित वर्मा, परतोश कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट सुशील सिंह, जयपाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# किसान कम लागत में अधिक उत्पादन के लिए समय पर मिट्टी की जांच कराएं:शैलेन्द्र कुमार

## ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/ किसान पाठशाला।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खंड हरहुआ में ग्रामपंचायत भोपापुर, गोसाईपुर मोहाव,शिवरामपुर, औसानपुर, अहिरान में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। भोपापुर किसान पाठशाला में संयुक्त कृषि निर्देशक शैलेन्द्र कुमार ने किसानों को एफपीओ बनाकर खेती करने का सलाह दिया। जिससे किसानों को कम लागत लगे और अधिक उत्पादन हो। फसल अवशेष प्रबंधन ,मिट्टी में जीवांश कार्बन की मात्रा कैसे बढ़ाए,समय पर मिट्टी की जांच की किसानों की जानकारी दी। उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल ने कृषि में ड्रोन के उपयोग, कृषि यंत्र अनुदान , बीज कैसे बुक करे,अनुदान पर सोलर पम्प, फॉर्मर रजिस्ट्री की जानकारी दी।



उर्वरक एवं कीटनाशी विश्लेषक राजकुमार ने किसानों को उर्वरक , सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेंद्र पाण्डेय ने किसानों को रवि में समसामयिक जानकारी दी।

सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा कुंदन सिंह , प्राविधिक सहायक कृषि कृष्ण कुमार मौर्य ने किसानों को प्राकृतिक खेती में जीवामृत,घनजीवामृत, बीजामृत, जीवांश की मात्रा कैसे बढ़े के बारे में किसानों को जानकारी दी।

किसान पाठशाला में आकांक्षा राय, रामसकल प्रसाद किसान बालचरन, सुभाष चंद वर्मा,शैलेन्द्र सिंह बादल, प्रियांशु ,रीतेश ,सभाजीत ,चंपा देवी, केसरा, गिरजा देवी व प्रेमा देवी सहित कई किसान शामिल रहे।

# गरीबों की सेवा सबसे बड़ा धम:पूर्व जिला पंचायत सदस्य रीतू सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। स्वर्गीय पूर्व ब्लाक प्रमुख अरविंद सिंह के जयंती के अवसर पर शुक्रवार को गरीबों के बीच कम्बल वितरित किया गया। यह आयोजन पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्गीय अरविंद सिंह रिंकू जयंती पर उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रीतू सिंह आयोजित किया था। इस अवसर पर रीतू सिंह ने कहा कि समाज उन्हें सदैव याद करता है जो सामाजिक उत्थान के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। मानवता की सेवा ही सभी धर्मो का मूलमंत्र है। समारोह के दौरान दो सौ से ऊपर गरीबों तथा असहाय के बीच कम्बल का वितरण किया गया।कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे।साथ ही अपने पति





को याद करते हुए कहा आज हम उनके बताए मार्ग पर चल कर लोगो की सेवा कर रही हु जो आगे निरंतर जारी रहेगा।मेरे पति सदैव कहते है थे लोगो की बीच रह कर सेवा कार्य करते रहना चाहिए जिससे लोगो के आशीर्वाद के साथ साथ भगवान की कृपा बनी रहती हैं।इस मौके पर मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी बाबा ने कहा जरूरमंद लोगों की सेवा ही भगवान की सेवा होती हैं जिनसे जितना हो सके लोगो की मददत करना चाहिए।कम्बल वितरित कार्यक्रम में आनन्द सिंह, दुर्गेश पांडेय सहित अन्य क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

# आचार्य टेकनारायण उपाध्याय को मिला कुमारिल शंकर संस्कृति संरक्षक का सम्मान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक,ज्योतिष एवं यजुर्वेद के मूर्धन्य विद्वान आचार्य टेक नारायण उपाध्याय को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित




कुमारिल-शंकर संस्कृति संरक्षक सम्मान से सम्मानित हुए। यह सम्मान इनके कालजयी ग्रन्थ "काशी विश्वनाथ दर्शन"के लिए दिया गया । यह सम्मान 12 दिसम्बर को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र गुरुकलम द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु शंकराचार्य (ज्योतिष पीठ) स्वामी अवमुक्तेश्वरा नन्द सरस्वती जी थे। आचार्य टेकनारायण उपाध्याय जी वेद विभाग, बीएचयू, वाराणसी से गोल्ड मेडलिस्ट और धर्म आध्यात्म पर नियमित पत्र/पत्रिकाओं में लिखते रहे हैं। इस सम्मान की खबर से विश्वनाथ मंदिर परिवार और वाराणसी में हर्ष का वातावरण है। विश्वनाथ मंदिर के अर्चक डां नीरज कुमार पाण्डेय, आचार्य ओम्-प्रकाश मिश्र, सारस्वत परिषद् के अध्यक्ष प्रो विवेकानंद तिवारी आदि ने इस सम्मान के लिए उन्हें बधाई दी।

# कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज युनियन उ. प्र. का 29 वां प्रान्तीय अधिवेशन 13 और 14 दिसम्बर को प्रताप पैलेस कैंट में

वाराणसी। सीबीईयू के प्रदेश महामंत्री सुधीर सिंह ने राही पर्यटन गृह वाराणसी मे शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कोआपरेटिव बैक इम्पलाइज उत्तर प्रदेश का प्रान्तीय अधिवेशन पहली बार पूर्वाचल मे होने जा रहा है। प्रांतीय अधिवेशन बनारस मे 13-14 दिसंबर को प्रताप पैलेस,परेड कोठी वाराणसी कैंट मे होने जा रही है।

हमारा संगठन आज उत्तर प्रदेश के कोआपरेटिव बैक कर्मचारियों की आवाज बन चुका है।संगठन न केवल विस्तारित हुआ है, बल्कि मजबूत और निर्णायक भी बन चुका है। यह अधिवेशन हमारी आवाज को और प्रभावी बनाएगा और भविष्य की नीतियों में हमारी भूमिका को और सशक्त करेगा।

प्रदेश महामंत्री ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी मे



प्रदेश महामंत्री सुधीर सिंह प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए।

आयोजित यह प्रान्तीय अधवेशन कई मामलो मे अपनी अलग पहचान प्रदर्शित करेगा।अधिवेशन मे 16 बैंको के सम्बन्ध में समीक्षा व कर्मचारियों के वेतनमान पुनरीक्षण की प्रगति पर विचार ,जिला सहकारी बैंकों के कर्मचारियों के सी-69 वेतनमान पुनरीक्षण की प्रगति पर विचार,आयुक्त एवं निबन्धक के स्तर पर अन्य लम्बित मॉगों की समीक्षा एवं कार्यवाही पर विचार, पेंशन योजना सहित 15 एजेंडा पर विचार किया जायेगा।

अधिवेशन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सम्पर्क प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश मनोज जी एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के निबन्धन और पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल होगे।।

अधिवेशन के पहले दिन की अध्यक्षता जिला सहकारी बैक वाराणसी की अध्यक्ष सुमन अजय राय करेंगी।

इस मौके पर संरक्षक राजेश्वर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सिंह, मण्डलीय मंत्री आनन्द कुमार त्रिपाठी एवं वाराणसी के मंत्री नायब सिंह मौजूद रहे।

# धान की डिलीवरी पर दें विशेष ध्यान : उत्कर्ष द्विवेदी

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तथा सहायक आयुक्त ने किया धान क्रय केन्द्रो तथा राइस मिल का निरीक्षण।

**समाज जागरण**

वाराणसी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी आईएएस तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को जनपद के विभिन्न धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाप्रबंधक पीसीएफ रोहित गुप्ता , एडीसीओ सदर अवधेशसिंह तथा एडीसीओ घोरावल डाक्टर सुरेश भी मौजूद रहे।



ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सर्वप्रथम गयारतवल बीपैक्स पर पहुंचे जहाँ राजेंद्र सिंह के लगभग डेढ़ दो सौ कुंटल धान की खरीद हो रही थी। केन्द्र प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल द्वारा बताया गया कि अबतक 42 किसानो से 2223.60 कुंटल धान खरीद हुई है। डिलीवरी अभी शून्य है।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने जिलाप्रबंधक पीसीएफ को डिलीवरी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित किसानो से धान क्रय तथा उर्वरक वितरण के बारे मे आ रही दिक्कतो और समस्याओ के बारे मे पूछताछ की।

भरुहा मे खाद्य विभाग के क्रय केंद्र के निरीक्षण मे प्रभारी राजकुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि अबतक कुल खरीद 5292 कुंटल के सापेक्ष 3640 कुंटल डिलीवरी हो चुकी है।उपजिलाधिकारी ने तौल हो चुके कुछ बोरो को अपने सामने तुलवाया। अधिकारीगण ने भरुहा स्थित श्री राइस मिल का भी निरीक्षण किया।समिति के प्रोपराइटर पवन कुमार ने मिल को प्राप्त धान और सीएमआर प्रदाय के बारे मे विस्तार से अवगत कराया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारियो को आगाह किया कि शासन की क्रय नीति का अक्षरशः पालन करते हुए मानक के अनुरूप धान खरीद करें।नियमो और मानक से विचलन की दशा मे कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# रोजगार उद्यम स्थापित कराकर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

**समाज जागरण**

वाराणसी। राजकीय खाद्यविज्ञान केंद्र कचहरी वाराणसी में एक मासिय




मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनाअंतर्गत बेकरी प्रशिक्षण का आज समापन और प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

मुंबई की सामाजिक फाउंडेशन के अध्यक्ष एव पूर्व विधायक सैयदराजा सुभाष पासी की पत्नी रीना पासी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी एव मुख्यमंत्री योगी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिससे लोगो को रोजगार स्थापित कराकर आत्म निर्भर बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के केक ,पाव ब्रेड, नान खटाई,मेल्टिंग, मोमेंट एव काजू बिस्किट इत्यादि को प्रयोगात्मक तरीके से सिखाया गया। समापन के अवसर प्रतिभागियों ने बेकरी प्रोडक्ट तैयार करके प्रदशित किया जिसका निरीक्षण मुख्य अतिथि ने किया।

जिला प्रभारी खाद्यप्रसंस्करण आर. सी. अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी दी और सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर मण्डलीय प्रधानाचार्य पवन कुमार ने भावी उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा उद्योग स्थापित करने में विभागीय वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सोनी चौरसिया,शिवांगी सिंह और शिखा राय को प्रधानाचार्य द्वारा ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।

# सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया गया

**ओंकार नाथ चौधरी**

अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की गई थाना ए0एच0टी0 व विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठकः-

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चन्द्र उत्तम की अध्यक्षता में थाना ए0एच0टी0 व विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में बाल श्रम को रोकने, पॉक्सो एक्ट के साथ-साथ बाल विवाह को रोकने व उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया गया।




अपर पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारीगण से परिचय प्राप्त कर फीडबैक लिया। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी (SOP) अनुसंधान,थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक व जनपद में कार्यरत NGO के समक्ष आ रही समस्या, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, व बाल श्रम पुनर्वास, मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 व बाल विवाह विशेष राष्ट्रीय 100 दिवसीय अभियान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी बाल कल्याण अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर सरकार द्वारा बाल श्रम के विरूद्ध चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करने हेतु बताया गया, जिससे योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाया जा सके।

अपर पुलिस अधीक्षक ने जनपद में बाल विवाह रोकने के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारीगण व समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी , थाना सिरसिया व मल्हीपुर के बाल कल्याण अधिकारी को बताया गया कि सभी लोग इण्डो नेपान बार्डर से सटे गाँवों में निरन्तर जाये और वहाँ चौपाल लगाकर बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित करे साथ ही वहाँ के ग्राम प्रहरियों व अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों को बताये कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई मामला संज्ञान में आये तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस व सीडब्लूसी को दे जिससे समय रहते, कार्यवाही अमल में लायी जा सके। श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ने बैठक के क्रम में निर्देश दिया कि बाल अपराध से जुड़े संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें साथ ही जनपद में बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाए जाएं, पीड़ितों को अधिक से अधिक आवश्यक सहायता प्रदान की जाय तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए। साथ ही बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया जाए ।

उक्त बैठक में अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर श्री संत पाल, रइ से निरीक्षक श्री राहुल कुमार, उपनिरीक्षक थाना एएचटीयू श्री सतीश कुमार , प्रोबेशन ऑफिस से आशुतोष शुक्ला,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री विश्राम पासवान, ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान श्रावस्ती से श्री प्रेम बाबू गिरी, देहात इन्डिया से श्री यूसुफ, मां सरस्वती बलिका शिक्षा समिति से श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव, नीति आयोग से अभिषेक,बाल संरक्षण इकाई/थाना में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी AHT व SJPU के अधिकारी कर्मचारी व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किशोरी समूह गठन का आयोजन किया गया

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर देहात इंडिया के तत्वाधान मे ब्लॉक बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भीखमपुर में टीम लीडर फूलमती के घर के द्वार पर किशोरी समूह गठन का आयोजन किया गया।

जिसमे बच्चों से जुड़े मुद्दों किशोरी समूह गठन के उद्देश्यों,बाल अधिकारों, टोल फ्री नंबर,बाल विवाह बालश्रम,नेतृत्व क्षमता विकसित करना विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

देहात संस्था के प्रोग्राम एसोसिएट शालिनी देवी जी ने बताया कि हमें ऐसे बालहित समाज का निर्माण करना है। जिसमे बच्चों के अधिकार सुनिश्चित हो पाए। और बच्चा जिम्मेदार नागरिक बने।



किशोरी समूह लीडर फूलमती ने बताया कि हमारे समाज में बेटियों को नहीं पढ़ाया जाता है। जिससे हम सभी का जीवन दुर्लभ हो जाता हैं। इसलिए हम सभी को आज यह शपथ लेना है कि हम सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होना है। और सभी को पढ़ने का अधिकार है।

आज के कार्यक्रम में फूलमती, निशा,रानी,सुमन, आसमा ,गायत्री, रीना,सलोचना,कुसुमा, शिवानी, ममता,मालू,देहात संस्था से शालिनी देवी महिलाओं आदि उपस्थित रहे।

# संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद गोंडा,ग्राम पंचायत पूरे सबसुख के गांव पाण्डेय पुरवा में बच्चों एवं समुदाय के लोगों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नागरिक अधिकार, समानता, स्वतंत्रता, बाल अधिकार तथा लोकतांत्रिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल भाषा में जानकारी दी गई।

बच्चों की भागीदारी बढ़ाने और नेतृत्व गुण



विकसित करने के उद्देश्य से गांव में बाल संसद का गठन भी किया गया। इस बाल संसद के माध्यम से बच्चों में निर्णय क्षमता, जिम्मेदारी, अधिकारों की समझ और सामाजिक चेतना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है। फेलो मंजीत कुमार द्वारा बच्चों को खेलों और मजेदार गतिविधियों के माध्यम से उनके अधिकारों, कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों के बारे में जागरूक किया गया। खेल-आधारित सीखने से बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समुदाय के अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।

पी.जी.वी.एस. द्वारा संचालित यह पहल बच्चों और समुदाय दोनों में समानता, सम्मान, सहभागिता और शिक्षा जैसे मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्वांचल ग्रामीण विकास संस्थान के फेलो मंजीत कुमार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गया

# गामरिया एम.ई. स्कूल में हेडमास्टर और SMC अध्यक्ष पर हमला, अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल

**श्रीभूमि संवाददाता समाज जागरण।**

श्रीभूमि जिले के गामरिया एम.ई. स्कूल में बुधवार को दो छात्रों के बीच हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। मारपीट के मामले में हस्तक्षेप करने पर हेडमास्टर बहार उद्दीन बड़भुइया और स्कूल प्रबंधन समिति (SMC) के अध्यक्ष आलाउद्दीन पर हमला कर दिया गया। हमले में अध्यक्ष आलाउद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, दो छात्रों की आपसी भिड़ंत को लेकर एक छात्र के अभिभावक कैयूम अली ने स्कूल पहुंचकर हेडमास्टर से विवाद किया। इसी दौरान विवाद बढ़ता देख SMC अध्यक्ष आलाउद्दीन मौके पर पहुंचे और अभिभावक को शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इससे नाराज अभियुक्त कैयूम अली व उसके समर्थक और उग्र हो गए तथा उन्होंने रटउ अध्यक्ष पर बेरहमी से हमला कर दिया।




स्थिति बिगड़ने पर हेडमास्टर बहार उद्दीन बड़भुइया ने तुरंत कालिबाड़ी पुलिस आउटपोस्ट को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। गंभीर चोटों के कारण अध्यक्ष आलाउद्दीन को पहले कालिबाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां स्थिति नाजुक होने पर उन्हें हाइलाकांडी सिविल अस्पताल, और बाद में हालत और बिगड़ने पर शिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया।

घटना को लेकर पीड़ित के बेटे मुत्तारुल हक ने कालिबाड़ी पुलिस आउटपोस्ट में एक त्र्क्षक्र दर्ज कराई है। FIR में पाँच लोगों को आरोपी बनाया गया है

स्कूल परिसर में हुई इस हिंसक घटना को लेकर स्थानीय समुदाय, शिक्षकों एवं अभिभावकों में भारी आक्रोश है। लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश से 5 साथियों ने राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी की

## उत्तर प्रदेश के संजीव सिन्हा को जन स्वास्थ्य अभियान, इंडिया का राष्ट्रीय संयोजक चुना गया

**ओंकार नाथ चौधरी**

रायपुर, छत्तीसगढ़ पूरे भारत से 19 से ज्यादा राज्यों के लगभग 350 प्रमुख स्वास्थ्य नेतृत्वकर्ता, एक्टिविस्ट्स, जनांदोलनों और समुदाय के प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ रायपुर, छत्तीसगढ़ में 8 और 9 दिसम्बर 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दिनोंदिन गंभीर होती जा रही कठिन स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ आम जनता के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था में नीतिगत बदलावों की मांग और जमीनी स्तर पर जन स्वास्थ्य आंदोलन को रणनीतिक रूप से मजबूत करना था।

सम्मेलन की शुरूआत में स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की मौजूदा प्राथमिकताओं और निजीकरण के बढ़ते खतरे की तरफ ध्यान दिलाते हुए जन स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए ठोस पहलकदमी पर जोर दिया गया। हाल ही में नीति आयोग के एक सर्कुलर को लेकर खास चिंता जताई गई, जिसमें जिला अस्पतालों के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (ढढढ) मॉडल को बढ़ावा दिया गया है। प्रतिभागियों ने चिंता जताई कि इससे देश की सबसे कमजोर और जरूरतमंद आबादी के लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुँच मुश्किल हो जाएगी।

मुख्य वक्ता कम्युनिटी मेडिसिन एक्सपर्ट डॉ. रितु प्रिया ने नजरिए में बड़े बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा, "बहुत लंबे समय से, स्वास्थ्य के बारे में हमारी समझ सिर्फ.डॉक्टरों और अस्पतालों तक ही सीमित रही है।" "हमें समुदाय के तरीकों, पारंपरिक ज्ञान और हमारी आधी आबादी की सेवा करने वाले इनफॉर्मल डॉक्टरों की ताकत को वैलिडेट और इंटीग्रेट करना होगा। एक सच्चा स्वस्थ समाज जमीन




से बनता है, ऊपर से नीचे थोपा नहीं जाता।"

उन्होंने यह भी कहा कि दशकों से, और खासकर 1990 के दशक से, नवउदारवादी नीतियों ने सुनियोजित तरीके से पब्लिक हेल्थ सिस्टम (जन स्वास्थ्य प्रणाली) को कमजोर किया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि मौजूदा सरकार चिकित्सा शिक्षा और सेवा, उपकरणों एवं दवाओं के निजीकरण का व्यापक एजेंडा बना रही है, जिससे हेल्थकेयर असल में अधिकार के बजाय एक बाजार बन गया है।

ग्रीन नोबेल अवार्डी श्री प्रफुल्ल सामंत्रे ने कहा, "हमारी सरकार का मौजूदा रास्ता सिर्फ. जनविरोधी नीतियों का निर्माण नहीं है; यह उस संवैधानिक ताने-बाने पर हमला है जो बराबरी और समावेशी मूल्यों का वादा करता है। वे सुनियोजित तरीके से निजी लाभों के लिए जन स्वास्थ्य का व्यापार कर रहे हैं, और आयुष्मान कार्ड जैसी पॉलिसी मरीजों से ज्यादा कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने में काम आ रही है।"

सम्मेलन के दौरान उठाए गए मुख्य मुद्दों में स्वास्थ्य के लिए सरकारी आवंटन जीडीपी के 1.5% से भी कम है (जो तय न्यूनतम 2.5% से बहुत कम है), विफल स्वास्थ्य बीमा (इंश्योरेंस) मॉडल, पर्यावरणीय और जलवायु परिवर्तन के कारण स्वास्थ्य पर बढ़ते कुप्रभाव, स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण, वंचित समुदायों की स्वास्थ्य सेवाओं की भारी अनदेखी, महिला हिंसा और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आदि प्रमुख थे।

**प्रमुख घोषणाएं और निर्णयः -**

1. व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर एक पखवाड़ा अप्रैल, 2026 में मनाया जाएगा।
2. व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर एक राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य सम्मेलन जयपुर में आयोजित किया जाएगा।
3. स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण के खिलाफ और सार्वजनिक स्वास्थ्य की मजबूती के लिए राष्ट्रीय अभियान।
4. जमीनी स्तर के कार्यकताओं के लिए स्वास्थ्य के विभिन्न मुद्दों पर आधारित एक सात दिवसीय कोर्स की शुरूआत मार्च, 2026 तक करना।
5. देश के 100 जिलों में मजबूत स्वास्थ्य कार्यकर्ता तैयार करना
6. महिला हिंसा और महिला स्वास्थ्य तथा वंचित समुदायों के स्वास्थ्य के मुद्दों पर पृथक समूह का निर्माण।

दो दिवसीय सम्मेलन के अंत में सभी प्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों से तैयार जन स्वास्थ्य घोषणा पत्र जारी किया गया जिसमें जन स्वास्थ्य के मुद्दों का समर्थन करते हुए जमीनी और राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक प्रयास करने और सक्रिय गोलबंदी का संकल्प लिया गया।

इस सम्मेलन में जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया । राष्ट्रीय कन्वीनर में अमिताव गुहा, एस आर आजाद, संजीव सिन्हा, अमूल्य निधि, गौरांग महापात्र, राही रियाज, और चंद्रकांत को चुना गया । राष्ट्रीय सचिवालय में अमूल्य निधि, संजीव सिन्हा, मित्र रंजन, राकेश चंदौरे, दीपमाला, पुनीता और प्रकाश गार्डिया

राष्ट्रीय एडवाइजर में राजकुमार सिन्हा, जगदीश पटेल, प्रफुल्ल सामंता, रितु प्रिया, साबू जार्ज, प्रबीर चटर्जी, साईंबल जेना, वीना शत्रुघ्न और जया वेलेंकर को चुना गया ।

सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण और दवाओं के मुद्दों पर आधारित पुस्तकों का प्रकाशन भी किया गया। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में विषय विशेषज्ञों अमितावा गृह, ऋतु प्रिया, डॉ. सुनीलम, प्रफुल्ल सामंतरा, कैलाश मीना, राजकुमार सिन्हा , अमूल्य निधि, संजीव सिन्हा, गौरांगो महापात्र, चंद्रकांत, राही रियाज एवं समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ ही पीड़ित और प्रभावित दिनेश रायसिंग, चुन्नी जी आदि ने विभिन्न सत्रों में अपने-अपने अनुभव साझा किए।

राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य सम्मेलन में उत्तर प्रदेश से 5 लोगों संजीव सिन्हा, कमल श्रीवास्तव, अजय पटेल, जी डी वर्मा, शिशुपाल आदि ने प्रतिभाग किया।

उत्तर प्रदेश के साथी संजीव सिन्हा को राष्ट्रीय संयोजक चुना गया।

# फांसी लगा दुकानदार ने दी जान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सुल्तानपुर थाना घोष क्षेत्र के प्रेमनगर में घरेलू कलह के चलते 45 वर्षीय युवक ने दुकान के अन्दर फासी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर निवासी घनश्याम सविता का पुत्र उमेश कुमार की कस्बे में ही दुकान है बताया जाता है कि उसने दुकान में फासी लगाकार आत्महत्या कर ली सुबह जब परिजनो को पता चला तो घर में कोहराम मच गया तभी सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के तेदुली के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जब कि अन्य दो घायल हो गयें जिन्हे कानपुर हैलट में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना महाराजपुर बउसर गांव निवासी कमल कुमार का पुत्र मतेश उर्फ प्राजुल अपने अन्य साथी विकास सहित दो लोगो के साथ बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अर्न्तगत इन्गेजमेंट में आया था बताते है कि रात तीनो वापस जा रहे थे तभी तेदुली के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया जिसमें मतेश उर्फ प्राजुल की घटना स्थल पर मौत हो गयी वही उसका साथ विकास व एक अन्य युवक गम्भीर रूप में घायल हो गया जिन्हे कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया। वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दियां हादसे के बाद मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया।

## भतीजी के बाद दादा ने इलाज दौरान तोडा दम

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के पखरौली के समीप लगभग एक पखवारे पूर्व पैदल जा रही दादा भतीजी को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया था जिसमें दो गम्भीर रूप से घायल हो गये थे जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा एक सप्ताह के बाद भतीजी की मौत हो गयी वही गुरुवार को घर पर इलाज दौरान दादा ने दम तोड दिया। बताते चले की पखरौली गांव निवासी स्व0 हनुमान का 70 वर्षीय पुत्र बल्दी अपनी भतीजी रानी के साथ 22 नवम्बर को खेत से पैदल आ रहा था तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिसमें दादा भतीजी गम्भीर रूप से घायल हों गये इलाज दौरार 29 नवम्बर को भतीजी रानी ने इलाज दौरान दम तोड दिया था जब कि बल्दी का इलाज परिजन घर पर ही कर रहे थे सुबह पहर वृद्ध ने भी इलाज दौरान दम तोड दिया। वही सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## दो किशोरियों ने किया जान देने का प्रयास

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत गुरुवार की सुबह परिजनो की डाट से क्षुब्ध दो किशोरियो ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिन्हे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहा एक की हालत गम्भीर देखते हुए कानपुर के लिए रिफर कर दिया जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के बाबादीन का पुरवा गांव निवासी बृजमोहर की 16 वर्षीय पुत्री सोनी देवी को उसकी मां ने काम न करने के पीछे उसे डाट दिया इसी बात से गुस्साई किशोरी ने जहर खा लिया वही कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जैकीखेडी निवासी रामबहादुर की 15 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी ने अपनी मां राजरानी की डाट से क्षुब्ध जहर खा लिया कुछ समय बाद दोनो की हालत बिगडने लगी तो परिजनो ने उन्हे तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स के द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहा इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने सोनी की हालत गम्भीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

## अनियत्रिंत बाइक गिरी युवक घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियाव थाना क्षेत्र के बिलंदा के समीप एनएचटू में गुरूवार की सुबह अनियत्रित होकर बाइक गिर जाने से 17 वर्षीय किशोर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हथगाव कस्बा निवासी अमानउददीन का पुत्र साहिल गुरूवार की सुबह बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था जब वह बिलंदा के समीप एनएचटू में पहुचा तभी अनियत्रित होकर बाइक गिर जाने से बुरी तरह घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुची सरकारी एम्बुलेन्स ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# जनपद में प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

जिले में उनके प्रथम आगमन पर 12 दिसंबर 2025 को छिवली बॉर्डर से लेकर फतेहपुर स्थित जिला भाजपा कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उन्हें 21 किलो की फूल माला और पगड़ी पहनाई गई। सुबह से ही फतेहपुर में हर जगह पर भाजपा कार्यकताओं का जमावड़ा शुरू हो गया था।, सम्राट अशोक चौराहे पर उन्हें विशेष रूप से 51 किलो की फूल माला पहनाई गई। वहीं पूरे नगर का भ्रमण करते हुए सम्राट अशोक चौराहे पर पहुंचे जहां कार्यकताओं में भारी जोश देखा गया और वे "अन्नू भैया जिंदाबाद" तथा "भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद" के नारे लगा रहे थे। सैकड़ों गाड़ियों का काफिला लगभग एक किलोमीटर तक फैला हुआ था। इस अवसर पर सम्राट अशोक चौराहे पर भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, नितिन मिश्रा, सोनू कुमार, अनुज कुमार, नितिन पटेल, रवि नरेश, अनुराग सोनी, आदित्री सहित कई दिग्गज नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। चौडगरा कस्बे में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकताओं से 2027 में योगी सरकार बनाने का आह्वान भी किया।

# जिलाधिकारी द्वारा जारी रोस्टर के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार मुख्य विकास अधिकारी समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी द्वारा जारी रोस्टर के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्था यूपी सिड़को के अधिशासी अभियन्ता उपस्थित नहीं हुए, उनके प्रतिनिधि के रूप में अवर अभियन्ता के बिलम्ब से उपस्थित होने पर चेतावनी देते हुए भविष्य में समय से बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गये। अवर अभियन्ता के द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय पुलखडीत, एका में 800 मीटर बाउण्ड्रीवाल एवं मुख्य भवन की नीव स्तर पर कार्य कराया जा रहा है, ऑवरआल 10 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय लालऊ में अभ्युदय ब्लॉक पर बाहर से प्लास्टर का कार्य चल रहा है, एम0डी0एम0 शैड व दिव्यांग शौचालय की चिनाई का कार्य पूर्ण हो गया है तथा गार्ड रूम का कार्य लेन्टल लेवल तक पूर्ण हो गया है। कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। विद्यालय परिसर से जा रहे हाई विद्युत हाई टेंशन लाइन को एक सप्ताह में हटाये जाने के निर्देश दिये गये तथा अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड जसराना, टूण्डला व फिरोजाबाद के द्वारा 03 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी विद्युत हाई टेंशन लाइन को नहीं हटाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत असंतृप्त विद्यालयों की सूची सम्बन्धित खण्ड विकास अधि कारियों को उपलब्ध कराते हुए संतृप्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वह अपने-अपने विकास खण्ड के समस्त परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित कक्षाओं के सापेक्ष कक्षा-कक्षों की आवश्यकता का चिन्हांकन करते हुए प्रस्ताव 17-18 दिसम्बर, 2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये, जिससे प्रत्येक कक्षा हेतु क्लास रूम की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जर्जर विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण से प्राप्त शतप्रतिशत धनराशि को विद्यालयों के एस0एम0सी0 खातों में जमा कराये जाने के निर्देश दिये गये। सी0एम0 डैशबोर्ड पर विद्यालय निरीक्षण में अपेक्षित ग्रेड प्राप्त करने हेतु जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा प्रेरणा एप के माध्यम से माह दिसम्बर, 2025 के विद्यालय निरीक्षण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की वास्तविक उपस्थिति दर्ज किये जाने एवं डिजिटल रजिस्टर पर प्रतिदिन ऑनलाइन किये जाने के निर्देश के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने दो सूत्री मांगों का अधिशाषी अभियंता विद्युत को ज्ञापन सौपा

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित श्रीकांत उपाध्याय की अध्यक्षता में एक ज्ञापन शुक्रवार को अधिशाषी अभियंता विद्युत को सौंपा गया है। श्रीकांत उपाध्याय ने ज्ञापन के माध्यम से बताया। कि समय समय पर योगी सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को लाभकारी योजना प्रदान करती है। जिसमें उपभोक्ताओं को विद्युत बिल बकाया व चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट दी जाती रही है। व हालिया बिजली बिल राहत योजना 2025/26 लागू की गई है। जिसमें संगठन दो बिंदुओं पर मांग करता है। 1- तमाम ऐसे उपभोक्ता है। जिन्होंने भवन खरीदकर अब तक बिना देरी किए ईमानदारी से अपना बिल भरा है। उन भवन स्वामी पर मकान खरीद से पहले के विद्युत चोरी के प्रकरण बताकर नोटिस दिए गए है। व लाभकारी योजना में लाभ लेने के लिए बोला गया है। जबकि उन्हें सालों तक विभाग द्वारा बिजली चोरी की न सूचना दी गई। और न ही उनके बिल में बिजली चोरी के राजस्व की बढ़ोतरी की गई थी। उक्त प्रकरण में निष्पक्ष जांच व उन भवन स्वामी उपभोक्ताओं को राहत देने व उनका शोषण रोकने का आदेश दिया जाए। व विभाग को आदेशित किया जाए। कि जिस व्यक्ति द्वारा विद्युत चोरी की गई। उसके ही भवन से विभाग राजस्व धनराशि की वसूली की जाए। 2- ऐसे उपभोक्ता जिन पर बिल बकाया या विद्युत चोरी के मामले है। और उनके घर मे हालिया कोई कमाने वाला नहीं या कमाने वाले का देहांत हो गया। ऐसे उपभोक्ताओं को शतप्रतिशत बिल माफी राहत देने व विद्युत चोरी को रोकने के लिए प्रधानमंत्री सहज बिजली योजना के अंतर्गत निःशुल्क नए कनेक्शन दिए जाए। संगठन आपसे अनुरोध करता है। कि आप इस ज्ञापन की छाप को अपने प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से छापे जिससे गरीब व ईमानदार उपभोक्ताओं को शासन प्रशासन द्वारा सरकार की लाभकारी योजना में लाभार्थी कर राहत देने का काम करें। ज्ञापन देने में आनंद शर्मा, पवन शर्मा, गौरव शर्मा, नितिन शर्मा, अयांश उपाध्याय, प्रदेश गुप्ता, विवेक शर्मा, पप्पू, मनीष शर्मा, राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने वोट बनवाने लोगों को किया जागरूक!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला के जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का हिमायूंपुर बगीची व गॉव लालऊ फिरोजाबाद में भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने मतदाता विशेष पुनः परीक्षण ( एसआईआर) के संदर्भ में क्षेत्रीयजनों को जागरूक किया और इस अभियान में पात्र मतदाताओं व नए मतदाताओं के वोट बनवाने का आग्रह किया। लोकतंत्र के मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी है और उसी प्रक्रिया का नाम रक्फ़्रहै। दौरान प्रमुख रूप से डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , नीटू शर्मा पार्षद , मंडल अध्यक्ष गौतम कुशवाह , करन राठौर ,सुनील सागर सोनू मंडल उपाध्यक्ष राहुल प्रजापति प्रधान प्रतिनधि लालऊ प्रवेश कुमार , सत्यवीर यादव , बबलू , नवीन हरिओम, विकास ,पूरन सिंह, मुकेश कुलदीप प्रजापति अन्य लोग उपस्थित रहे!

## शिकोहाबाद विधायक ने ग्राम पंचायत सचिवालय का किया उद्घाटन

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! मक्खनपुर के इंदुमई ग्राम पंचायत सचिवालय का शिकोहाबाद विधायक डॉ मुकेश वर्मा किया उद्घाटन इस मौके पर सचिव विनय कुमार ग्राम प्रधान जगमोहन यादव BLO छविनाथ सिंह मौजूद थे उन्होंने बताया कि पंचायत सचि वालय में जिसकी लागत 194 0000. 00 लागत से बनाया गया है निर्माण वर्ष 2025 से 2026 तक इस सचिवालय भवन में चार कमरे ब मीटिंग हॉल ब दालान बढ़िया तरह से बनाया गया है इसके आसपास ग्राम पंचायत में ऐसा भवन नहीं बनाया गया है इस भवन में वाई-फाई की सुविधा की गई है डॉ मुकेश वर्मा विधायक ने बताया इस भवन के निर्माण के लिए लखनऊ सरकार से स्वीकृत कराकर कार्य कराया गया था काफी दिन से पैसा ना आने पर काम रुका हुआ था विधायक ने यह मामला विधानसभा उठाते हुए पैसा पास कराया तब निर्माण हुआ इसी क्रम में विधायक ने बताया शिकोहाबाद की आरोज पुलिया का अंडरपास का सांसद अक्षय यादव और उनके दोनों के प्रयासों से अंडरपास का काम चालू कराया कई जगह अधिकारियों से बातचीत कर इस काम को आगे बढ़ाया इस मौके पर उषा राजपूत पूर्व प्रधान पर समस्त ग्राम वासी मौजूद थे!

# कन्नौजः ग्राम करनौली में आयुष विभाग का स्वास्थ्य शिविर, 452 ग्रामीणों ने लिया लाभ

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




लखनऊ। राज्य आयुष सोसाइटी, लखनऊ के पब्लिक हेल्थ आउटरीच कैंप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद कन्नौज के ब्लॉक छिबरामऊ स्थित ग्राम करनौली में आज आयुष विभाग निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय कुमार यादव तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया।शिविर का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन ग्राम प्रधान पति यदुनाथ सिंह यादव द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, क्योंकि इससे लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श अपने ही गांव में सहज रूप से प्राप्त होता है। कार्यक्रम में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी तथा योग पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षकों ने विभिन्न रोगों से संबंधित जांच, परामर्श, उपचार एवं औषधि वितरण की निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कीं। के साथ ही ग्रामीणों को विशेष रूप से मौसमी बीमारियों से बचाव, सही आहार-विहार, जीवनशैली में सुधार तथा योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ के बारे में जागरूक किया गया। आयुष विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाने हेतु ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्यक्षेत्र में लाभान्वित किया जा सके। आयुष विभाग की टीम में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. रमन वर्मा व फार्मासिस्ट ललित अवस्थी, यूनानी चिकित्सक डॉ. मो. साकिब व फार्मासिस्ट कमरुद्दीन खान, होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. कोमल राठौर व फार्मासिस्ट विनय प्रताप, तथा योग प्रशिक्षक शिव प्रताप शामिल रहे। टीम द्वारा कुल 452 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक औषधियाँ एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ आदित्य निरूपण सिंह, रिजवान सहित आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# कन्नौजः निष्क्रिय खातों में जमा 59 करोड़ 23 लाख रुपये वापस कराने की प्रक्रिया तेज

### आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान से लाभान्वितों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी आपकी पूँजी-आपका अधिकार अभियान के तहत आज विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में एक व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड संस्थानों, एनबीएफसी तथा अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़े पैमाने पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खाते, बीमा दावे, म्यूचुअल फंड यूनिट्स, पीएफ एवं अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की वास्तविक आधिकारिक दावेदार की पहचान कर उन्हें उनकी अपनी पूंजी पुनः लौटाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला धिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में जिला धिकारी ने कहा कि कि जनपद में संचालित इस अभियान के अंतर्गत अब तक 236,794 खातों की कुल राशि 59 करोड़ 23 लाख रुपये की धनराशि उनके वैध लाभार्थियों को वापस दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आपकी पूँजी, आपका अधिकार केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का सशक्त प्रयास है। कई परिवार अनभिज्ञता के कारण वर्षों तक अपनी ही पूंजी से वंचित रहते हैं। यह अभियान ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों तक उनकी पूंजी पहुंचाने के लिए सरकार का गंभीर और संवेदनशील प्रयास है।शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने संचालन करते हुए बताया कि आज आयोजित इस विशेष शिविर में विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा लगभग 1,000 निष्क्रिय खातों को पुनर्जीवित करने तथा उनके करीब 7 करोड़ रुपये उनके वास्तविक दावेदारों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की जा रही है, जिससे लाभान्वितों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। उन्होंने कहा कि समन्वित प्रयासों से जनपद में बड़े पैमाने पर निष्क्रिय खातों की पहचान की जा रही है और लाभार्थियों को उनकी पूंजी बिना किसी जटिलता के उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि नागरिक उद्गम पोर्टल के माध्यम से भी अपनी निष्क्रिय पूंजी—जैसे बैंक बैलेंस, बीमा राशि, म्यूचुअल फंड यूनिट्स, पीएफ, एनपीएस अथवा डाकघर खातों की जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों को निर्देशित किया कि इस अभियान को प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक दावों का निस्तारण सुनिश्चित करें और जनता को इस प्रक्रिया की सहज एवं स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं। शिविर में डी.डी.ओ. नरेंद्र देव द्विवेदी, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, मत्स्य अधिकारी अजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण, तथा सभी बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फिरोजाबाद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 43 जोड़ों का विवाह संपन्न, वैवाहिक सामग्री के साथ दिया गया आशीर्वाद

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! नगर पंचायत मक्ख नपुर सिरसागंज) एवं विकास खण्ड फिरोजाबाद के चिन्हित पात्र जोड़ों के विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आर0एस0एस0 रिसोर्ट निकट रहना की पुलिया में सम्पन्न हुये। जिसमें नगर निगम फिरोजाबाद के 28, नगर पंचायत मक्खपुनर 3 विकास खण्ड फिरोजाबाद के 12 इस प्रकार कुल 43 जोड़ों उपस्थित हुये। जिनमें 30 हिन्दू जोडे एवं 13 मुस्लिम जोडे इस प्रकार कुल 43 उपस्थित जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सम्पन्न कराये गये।

उक्त के कार्यक्रम में सम्मिलित हुये जोड़ों को क्रमशः 05 साडी ब्लाउज सहित, 05 पेटीकोट, चुनरी, पैन्ट का कपडा, शर्ट का कपडा, फेंटा/गमछा, चॉदी की पायल (एक जोडी), चॉदी की बिछिया (एक जोडी), स्टील डिनर सैट, प्रेषर कुकर, कढाई, ट्रॉलीबैग, वैनिटी किट, दीवार घडी, सीलिंग फेन, कूल केज, आयरन प्रेस, डबल बेड चादर, 02 पिलो कवर, कम्बल-02, गद्दा/मैटेज्स-02, तकिया-02 नग, सिन्होरा, चूडी, कंगन, ड्राई फ्रूट्स, मिष्ठान, आदि वैवाहिक सामग्री प्रदान की गयी। कार्यक्रम में श्रीमती कामिनी राठौर महापौर नगर निगम फिरोजाबाद, श्री लक्ष्मीनारायन यादव ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद, श्री उदयप्रताप सिंह मा0 जिलाध्यक्ष भा.ज.पा., श्री रामनरेश कटारा जिला उपाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मा0 महापौर श्रीमती कामिनी राठौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक गरीब कन्याओं की शादी कराने की जिम्मेदारी ली है और इसी क्रम में आज बेटियों की शादी इस प्रागंण में हो रही है। सरकार की तरफ से नये दाम्पत्य जीवन की शुरूआत करने लिए के मंगल कामनाओं सहित शुभकामनाऐं प्रदान की गयी। अध्यक्ष भाजपा श्री उदयप्रताप सिंह जी ने कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वंचित वर्ग के आवेदकों को योजना का दिलाए जाने का काम कर रही है। श्री लक्ष्मीनारायन यादव ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद जी ने अपने सम्बोधन कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐं संचालित की जा रही है, उन्ही योजनाओं में एक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना है जिसमें गरीब कन्याओं के विवाह कराए जाते है तथा गृहस्थी की शुरूआत करने के लिए वैवाहिक सामग्री प्रदान की जाती है तथा उपस्थित जन-समूह को योजना के बारे में बताते हुए अपेक्षा की गयी कि अपने आस-पास के क्षेत्रों में योजना के बारे में बतायें ताकि आने वाले कार्यक्रमों में और अधिक से अधिक पात्र लोग लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम में उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त श्री विनोद कुमार पाण्डेय सिटी मजिस्ट्रेट, सुर्दशन सिंह उप-जिलाधिकारी, आशीष कुमार पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, के0एम0 सिंह जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी , अब्बास नकवी अपर नगर आयुक्त नगर निगम फिरोजाबाद, राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारी, निधि सिंह जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के साथ साथ सभी खण्ड विकास अधिकारी फिरोजाबाद एवं सम्बन्धित नगरीय निकाय के अधिकारी तथा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। मंच का संचालन प्रेमस्वरूप पारस द्वारा किया गया।

## कन्नौजः बिजली बिल राहत योजना के तहत लगे शिविरों में 612 उपभोक्ता लाभान्वित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। अधीक्षण अभियंता विद्युत ने जानकारी देते हुए बताया है कि ह्लबिजली बिल राहत योजना-2025 के अंतर्गत जनपद कन्नौज में चौथरियापुर, बरौली, हरेईपुर, धर्मपुर, मन्सुखपुर्वा, मोतीपुर्वा, भुन्ना, बलारपुर, सांडा, शाहजाहंपुर, सिपाही ठाकुर, मानपुर एवं ग्राम हाजिरपुर, मिजार्पुर, भवानीसराय,रामपुर,परौर, बहा दुरपुर, रतनपुर, महमूदपुरखास, नवादा, नेकपुर, भूडपुर्वा एवं धीरपुर में कैम्पों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 612 उपभोक्ताओं के द्वारा योजना का लाभ उठाया गया और आयोजित कैम्पो के दौरान धनराशि रू0 37.28 लाख उपभोक्तओं द्वारा जमा किया गया है। उन्होंने बताया कि कल मिश्रीपुर, अटारा, फगुआ, कचाटीपुर, जलापुर,सिपाही ठाकुर ,सरायगली,जनेरी, चौकी मुस्तफाबाद, कडेरा, द०खुडावा,तिर्वा रोड,कुसुमखोर,लालीपुर, खेमकरन नगला,भौराजपुर, औराई, बूंचपुर, विराहिमपुर,विशम्भरपुर, विचपुर्वा व सहरोई में आयोजित किए जाएगे।

# कन्नौजः मुखिया की आईडी से राशन कार्ड संशोधन की सुविधा उपलब्धः डीएसओ

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त राशन कार्डधारको को सूचित किया है कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग के निदेर्शानुसार खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा विभागीय बेवसाइट के पब्लिक डोमेन पर आम जनमानस हेतु राशन कार्ड से सम्बन्धित विभिन्न सेवाएँ यथा राशन कार्ड विभाजन हेतु आवेदन, यूनिट स्थानान्तरण हेतु आवेदन, राशन कार्ड स्थानान्तरण हेतु आवेदन, राशन कार्ड समर्पण हेतु आवेदन, यूनिट निरस्तीकरण हेतु आवेदन तथा मृत्यु की दशा में राशन कार्ड की मुखिया परिवर्तन हेतु आवेदन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है जिनके माध्यम से आवेदक अपने राशन कार्ड से सम्बन्धित इन सेवाओं हेतु अपने राशन कार्ड नम्बर, तथा राशन कार्ड से लिंक्ड मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओ०टी०पी० वेरिफिकेशन के पश्चात आवेदन कर सकेगें। इन सुविधाओं हेतु अब राशन कार्डधारको को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक उपरोक्त सुविधाओं हेतु स्वयं आवेदन कर सकेगें तथा इनके आवेदन सक्षम अधिकारियों की लॉगिन पर स्वतः प्रदर्शित हो जायेगें तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा नियमानुसार प्राप्त आवेदनों को 15 दिवस के भीतर निस्तारित किया जायेगा।

## कन्नौजः एसडीएम सदर के अड़ियल रवैये के विरोध में हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। आज संयुक्त अधिवक्ता संघ की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यगणों ने उप जिलाधिकारी सदर कन्नौज सुश्री वैशाली के अधिवक्ताओं के प्रति उपेक्षापूर्ण व असम्मानजनक व्यवहार करने व नकारात्मक सोच के साथ न्यायिक कार्य व जन समस्याओं के निराकरण न करने और न्यायिक कार्य में कोई रूचि न लेने के विरोध में पूर्व में संघ द्वारा किये गये प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक पहल न करने पर सभी उपस्थित सदस्यगणों ने चिन्ता व्यक्त की और विरोध स्वरूप चली आ रही हड़ताल को कायम रखने का निर्णय लिया।

सभी उपस्थित सदस्यगणों ने एक मत से निर्णय लिया गया कि उक्त समस्याओं के विरोध में सभी सदस्यगण समस्त चकबन्दी व राजस्व न्यायालयों में आज 12 दिसम्बर को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। 15 दिसम्बर को इस सम्बन्ध में पुनः बैठक कर स्थिति की समीक्षा के बाद अग्रिम निर्णय लिया जायेगा।

## मरवाही में कब होगा नवीन भवन निर्माण

**समाज जागरण**

मरवाही। जीपीएम जिले के अंतर्गत नवगठित नगर परिषद मरवाही में नवीन भवन का निर्माण नहीं होने के कारण परिषद के कर्मचारी एवं मरवाही के नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत मरवाही का उन्नयन लगभग ढाई वर्ष पूर्व नगर परिषद में हुआ था।



अभी भी ग्राम पंचायत के भवन में ही नवगठित नगर परिषद का कार्यालय संचालित हो जा रहा है जो की सुविधा के हिसाब से बहुत ही छोटा है और यहां पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं है जिसके कारण कर्मचारी एवं आने वाले नागरिकों को अपने वाहन सड़क के किनारे ही खड़ा करना पड़ रहा है। नगर परिषद की अध्यक्ष लगातार प्रयासरत भी हैं कि नवीन भवन निर्माण हो जाए लेकिन ऐसी जन चर्चा है कि नगर परिषद अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी की हैं और उसे कारण विपक्षी रोड़ा भी अटका रहे हैं।

## डीजल चोरी करने वाले को निवार पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश कर भेजा जेल

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी ।पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा व्दारा क्षेत्र मे बढ़ रही चोरियो का खुलासा करने एवं चोरी करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन मे श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्ची सिया , थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी निवार अंजनी कुमार मिश्र द्वारा क्षेत्र में डीजल चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार एवं चोरी गया मशरूका करीब 83000 हजार रुपए का किया जप्त । घटना का संक्षिप्त विवरण मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि वरिष्ठ अधिकारियो के मार्ग दर्शन मे क्षेत्र मे चोरो की धडपकड हेतु लगातार भ्रमण कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था जो प्रार्थी रिपोर्ट करता धीरज जग्गी पिता हरवंश लाल जग्गी उम्र 38 साल निवासी निवार थाना माधव नगर का थाना उपस्थित होकर




रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनाँक 09/12/25 को मेरे एल एन,टी, लोडर को चालक करन कोल व्दारा ले जाकर निवार रेल्वे स्टेशन अनुज तिवारी की बाक्साईड को रेल्वे रैक मे लोड करने गया था जो रात मे रेल्वे मालबाहन डिब्बे मे बाक्साईड लोड करके लोडर को जरवाही रोड तरफ लाकर खडा कर चालक रेल्वे रैक तरफ चला गया था और करीबन 20 मिनट मे लोडर पास वापस पहूँचा तो देखा दो लोग एल,एन,टी, लोडर की डिजल टंकी मे लगा ताला को तोड कर पाईप डाल कर डीजल निकाल रहे थे चालक के चिल्लाने पर गाँव टिकरिया के शिवम पटेल करन पटेल दोनो एक गुम्मा मे भरा डीजल करीबन 25 से 30 लीटर डीजल कीमती 3000/रुपए का निकाल कर अपनी मोटर साईकिल मे लेकर भाग गये मुझे चालक करन कोलआकर सुबह बताया तो रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर बिवेचना मे लिया गया । मुखबिर सूचना पर तत्काल चौकी निवार पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपी-(1) शिवम,पटेल (2) करन पटेल दोनो निवासी ग्राम टिकरिया थाना माधवनगर कटनी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर धीरज जग्गी की मशीन डीजल टैंक का ताला तोड़कर चोरी करना बताएं जिनके पास से चोरी गए डीजल को एवं एक मोटर साइकिल पुलिस ने जप्त लिया है बाद दोनों आरोपियों को न्यायलय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है पुलिस कार्यवाही मे विशेष भूमिका चौकी प्रभारी अंजनी कुमार मिश्र ,सउनि कमलेश्वर शुक्ला , प्र आर गौरव सेन ,देवेश कोस्टा, आर.352 अरविन्द कुशवाहा ,आर .549 वकील यादव की विशेष भूमिका रही

# GPM में कांग्रेस का बड़ा राजनीतिक धमाका

**गजमती भानु बनीं नई जिला अध्यक्ष - पार्टी में खुला विद्रोह, दावेदार हक्का-बक्का!**

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (GPM) जिले में कांग्रेस संगठन का नया अध्याय शुरू तो हुआ, लेकिन शुरूआत से ही हलचल, असंतोष और विरोध की लहर उठ खड़ी हुई है। पार्टी ने गजमती भानु को जिला कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी है, पर यह फैसला जितना अचानक आया, उतना ही संगठन के भीतर विवाद भी पैदा कर गया।

नाम दौड़ में नहीं, फिर भी अध्यक्ष पद!

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा आम है कि गजमती भानु का नाम अध्यक्ष पद की रेस में कहीं भी नहीं था। संगठन के अंदर जिन तीन नामों को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा था, वे थे—

**समाज जागरण**
**पंकज तिवारी उत्तम**
**वासुदेव मनोज गुप्ता**

इन तीनों नेताओं की सक्रियता, जनसंपर्क और लंबे समय से संगठन में योगदान को देखते हुए कार्य कताओं को पूरा भरोसा था कि इनमें से ही कोई नया जिला अध्यक्ष बनेगा। लेकिन अचानक गजमती भानु के नाम की घोषणा ने समर्थकों और स्थानीय नेतृत्व को चौंका दिया।

**अंदरूनी कलह खुलकर सामने**

फैसले के बाद से ही कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकताओं में नाराजगी साफ दिखाई दे रही है। कई युवा कांग्रेसी खुलकर विरोध जता रहे हैं। कुछ वरिष्ठ नेता भी इस निर्णय से असहमत बताए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी कार्यकताओं के तीखे तेवर देखे जा रहे हैं। कई स्थानीय कार्यकताओं का कहना है कि संगठन पहले से कमजोर स्थिति में है, ऊपर से ऐसा फैसला अंदरूनी एकता को और कमजोर कर सकता है।

**विधानसभा हार के बाद बढ़ी बेचैनी**

यह भी कहा जा रहा है कि हाल ही में कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे समय में पार्टी को जरूरत थी लोकप्रिय, सक्रिय और जनसमर्थन वाले चेहरे की, ताकि संगठन को दोबारा मजबूत किया जा सके। लेकिन अचानक हुए इस निर्णय ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं k

**समर्थक बोले नई दिशा देने का प्रयास**

गजमती भानु के समर्थक इस फैसले को सही ठहराते हुए कह रहे हैं कि पार्टी उच्च नेतृत्व ने सोच-समझकर यह कदम उठाया है। उनका मानना है कि नए चेहरे से संगठन को नया उत्साह और नई दिशा मिल सकती है।

**आगे क्या?**

जिला कांग्रेस कमेटी के अंदर अभी माहौल पूरी तरह शांत नहीं है। क्या विरोध और तेज होगा? क्या दावेदार खुलकर मैदान में आएंगे? क्या गजमती भानु कार्यकताओं को साथ लेकर चल पाएंगी? इन सवालों पर पूरे जिले की नजरें टिक गई हैं। फिलहाल एक बात साफ है—GPM कांग्रेस में नए अध्यक्ष की घोषणा ने संगठन के भीतर बड़ा उबाल ला दिया है, और आने वाले दिनों में राजनीतिक तापमान और भी बढ़ सकता है।

## शादी का आश्वासन देकर बलात्कार कर शादी से इन्कार करने वाले आरोपी की जमानत निरस्त

**समाज जागरण अनूपपुर**

लोक अभियोजकपुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि आरोपी मो0 इस्तयाक मंसूरी पिता मो0 मुस्ताक उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम रघुनाथगंज, जिला रीवा, हाल निवास-वार्ड नंबर 03, राठौर मोहल्ला, थाना अनूपपुर, जिला अनूपपुर ने अपनी जान पहचान की अभियोक्त्री जो कि अन्य समाज से संबंधित पीड़िता को दिनांक 02.10.2025 को मंदिर घुमाने के लिये बोलकर राजेन्द्रग्राम बुलाया। वंहा से बस में बैठाकर पहले इन्दौर एंव इन्दौर से पानीपत ले गया, जंहा किराये के कमरे में दोनो रहते थे अभियुक्त पीड़िता को शादी की बात कहकर अभियोक्त्री के साथ शारीरिक संबंध बनाया तथा बाद में शहडोल लाकर पीड़िता को शादी नहीं करने की बात कहकर छोड़कर भाग गया। जिससे व्यथित होकर अभियोक्त्री/पीड़िता ने थाना कोतवाली अनूपपुर में रिपोर्ट लिखवाई। थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा अपराध के संबंध में अपराध क्रमांक 549/2025 भारतीय न्याय संहीता की धारा 69 एंव अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(2)(अ) में पंजीकृत किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोपी की ओर से माननीय विशेष न्यायाधीश महोदया श्रीमती माया विश्वलाल (एसटीएससी एक्ट) के न्यायालय में जमानत पर छोड़े जाने हेतु याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए और शासन की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक श्री पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा रखे गए तर्कों और बहस तथा मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए बलात्कार के आरोपी मो0 इस्तयाक मंसूरी की जमानत याचिका को निरस्त कर दिया गया। आरोपी वर्तमान में दिनांक 03.12.2025 से जिला जेल अनूपपुर में निरुद्ध है ।

# सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो को लेकर मचा घमासान - गरमाया माहौल

**पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह के नाम पर ऑडियो वायरल**

**भाजपा कार्यकर्त्ता ने नगर परिषद बनगवा अध्यक्ष यशवंत सिंह की वॉइस सैंपल लेकर जांच करने उठाई मांग**

**समाज जागरण अनूपपुर**

सोशल मीडिया पर गाय को गाली देते हुए कथित ऑडियो के वायरल होते ही रामनगर में माहौल सुलग उठा है। हिंदू आस्था का अपमान समझे जा रहे इस कथित ऑडियो ने स्थानीय नागरिकों और राजनीतिक कार्य कताओं में गहरा रोष पैदा कर दिया है। साथ ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व वर्तमान केंद्रीय मंत्री और पूर्व नगरी प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह वर्तमान विधायक को 90 लाख देने की बात से मामला गर्म हो गया मामला तूल पकड़ते ही एक भाजपा कार्यकर्ता ने थाना रामनगर पहुँचकर शिकायत दर्ज कराते हुए इसे हिंदू धार्मिक भावनाओं पर सीधा हमला बताया और उक्त ऑडियो की जांच की मांग की जिससे सच्चाई सामने आ सके और पार्टी की छवि को बचाया जा सके! राजनगर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं से जुड़ी सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक ऑडियो क्लिप ने जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है। इस ऑडियो को लेकर राजनगर की एक सक्रिय भाजपा नेत्री ने नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया है और ऑडियो की जाँच तथा कठोर कार्रवाई की मांग की है।

**क्या है मामला**

भाजपा की सक्रिय सदस्य ने राजनगर थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन में दावा किया है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऑडियो में नगर परिषद बनगवा अध्यक्ष यशवंत सिंह ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व नेता पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्तमान केंद्रीय मंत्री और तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री व वर्तमान विधायक भूपेन्द्र सिंह का नाम लेकर 90 लाख रुपए देने की बात कहीं जा रही है साथ ही गौ माता को गाली दिया गया जो वायरल ऑडियो में साफ तौर पर सुना जा रहा है और कह रहे हैं कि जब कांग्रेस की सरकार आएगी तो रिजाइन मारकर कांग्रेस जॉइन करने की बात कही जा रही है! ऑडियो वायरल होने के बाद से ही नगर के चौक चौराहे पर शीर्ष नेतृत्व के नाम आने से नगर सहित पूरे जिले में चौक चौराहे पर प्रमुख रूप से चर्चा का विषय बन गया है जिसको लेकर भाजपा की सक्रिय सदस्य होने के नाते उक्त वायरल ऑडियो की जाच करवा कर सत्यता सामने लाने की बात कही गई जिससे हमारी पार्टी की छवि धूमिल होने से बचाया जा सके!

**वायरल ऑडियो में गौ माता को गाली देने पर लोगो मे आक्रोश**

सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित ऑडियो में गाय को गाली देने के मामले ने लोगों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। हिंदू धार्मिक भावनाओं से जुड़े मुद्दे को लेकर स्थानीय नागरिकों और जिले के सामाजिक संगठन ने नाराजगी जताई है। वायरल ऑडियो सुनने के बाद कई लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऑडियो की सत्यता की जाँच कराने और संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है हालांकि उक्त मामले पर भाजपा कार्यकताओं ने शिकायत दर्ज कर दी है अब देखना यह है कि उक्त मामलेमे कितना जल्दी जांच हो पाएगा!

**भाजपा कार्यकर्ता ने जांच की उठाई मांग**

इस तरह से ऑडियो वायरल होने से भाजपा की सक्रिय सदस्य ने थाना प्रभारी रामनगर को आवेदन देते हुए निवेदन किया कि वे वायरल ऑडियो की विशेषज्ञों से फोरेंसिक जाँच करवाएं। साथ ही बनगवा नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह से वॉइस सैंपल लेकर क्रॉस चेक करने की मांग की गई है ताकि सच सामने आ सके। जिससे हो रही भाजपा पार्टी व सिर्फ नेतृत्वकताओं की किरकिरी को रोका जा सके!

**स्थानीय स्तर पर प्रतिक्रिया**

ऑडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज है। कई लोगों ने इसे ह्वआस्था पर सीधी चोटह्व बताते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है साथ ही भाजपा के बड़े नेताओं का नाम लेकर बदनाम करना जो सीधे-सीधे पार्टी की छवि को धूमिल करता है उक्त ऑडियो में कितनी सच्चाई है नगर परिषद बनगवा अध्यक्ष यशवंत सिंह की वाइस सैंपल ले लेकर निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाये जाने की चर्चा तेज हों गई है क्षेत्रीय कार्यकताओं का कहना है कि ऐसे मामलों में ढिलाई समाज में और तनाव पैदा कर सकती है।

**इनका कहना है**

भाजपा कार्यकर्ता से जांच के लिए शिकायत प्राप्त हुई है इस पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन प्राप्त कर कार्रवाई की जाएगी!

## अमरकंटक-गौरेला टैक्सी विवाद सुलझा: एकीकृत दर सूची लागू, पारदर्शिता की ओर बड़ा कदम

**समाज जागरण**

अमरकंटक। पवित्र धरती अमर कंटक में बीते एक सप्ताह से चल रहे टैक्सी विवाद का शनिवार को सुखद अंत हो गया। नगर पंचायत सभागार में एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में अमरकंटक एवं छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा क्षेत्र के टैक्सी चालकों के बीच चला आ रहा तनाव सौहार्दपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ।

बैठक में पेंड्रा रोड के एसडीएम विक्रांत कुमार अंचल, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी, एस डीओपी गौरेला श्याम कुमार सिदार, SHO सौरभ सिंह, थाना प्रभारी अमरकंटक लाल बहादुर तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में वाहन मालिक-चालक उपस्थित रहे।

**पर्यटन ठप, यात्रियों को परेशानियों का सामना**

पिछले कुछ दिनों से अमरकंटक और पेंड्रा रोड के टैक्सी चालकों के बीच उपजे विवाद के चलते दोनों ही क्षेत्रों में आवागमन लगभग ठप हो गया था। पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले पर्यटक व तीर्थयात्री, साथ ही अमरकंटक से पेंड्रा जाने वाले स्थानीय लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए। पर्यटन नगरी की छवि पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा था। मामला मीडिया में गूंजा तो प्रशासन हरकत में आया और तत्काल संयुक्त बैठक बुलाकर समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया। वन-वे प्रणाली पर सहमति, विवाद हुआ शांत बैठक में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी समस्याएँ खुलकर रखीं। अमरकंटक के चालकों ने स्टेशन पर होने वाली सवारियों की खींचातानी, दरों में असमानता तथा स्थानीय चालकों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने जैसी स्थितियों को विवाद का मूल कारण बताया। लंबी और गंभीर चर्चा के बाद प्रशासन ने दोनों क्षेत्रों के लिए वन-वे प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया, जिस पर सर्वसम्मति बनी। पेंड्रा क्षेत्र के वाहन – पेंड्रा से सवारियाँ लाकर अमरकंटक छोड़ सकेंगे, पर वापसी में सवारी नहीं उठाएँगे। अमरकंटक के वाहन – अमरकंटक से यात्रियों को पेंड्रा रेलवे स्टेशन तक छोड़ सकेंगे, लेकिन स्टेशन से अमरकंटक की सवारी नहीं ले जाएँगे। पूर्व-निर्धारित बुकिंग, पारिवारिक यात्रा और निजी पर्यटक बुकिंग पहले की तरह जारी रहेंगी। सहमति बनते ही दोनों क्षेत्रों में आवागमन सामान्य हो गया पर्यटन दर सूची लागू, हर वाहन और संस्थान में अनिवार्य प्रदर्शन बैठक में अमरकंटक के पर्यटन स्थलों, परिक्रमा तट परिवर्तन और स्थानीय भ्रमण हेतु एक समान पर्यटन दर सूची भी स्वीकृत की गई। अमरकंटक टैक्सी यूनियन अध्यक्ष आदित्य जायसवाल द्वारा प्रस्तुत सूची को एसडीएम वसीम अहमद भट्ट ने अनुमोदित किया और निर्देश दिया कि अब सभी वाहन इन्हीं अधिकृत दरों पर यात्रियों को सेवा देंगे।

हर टैक्सी को अपनी गाड़ी के आगे यह दर सूची चस्पा करनी होगी।

यदि कोई चालक निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूलता पाया गया, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। महत्वपूर्ण यह भी कि यह दर सूची केवल वाहनों तक सीमित नहीं रहेगी। अमरकंटक के सभी होटल, आश्रम, धर्मशालाएँ और आवासीय संस्थान भी इसे अपने परिसर में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे, जिससे पर्यटक बिना किसी भ्रम के उचित दरों की जानकारी प्राप्त कर सकें।

**कड़ाई से पालन का निर्देश**

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि दोनों यूनियनों के बीच सहमति से बनी शर्तों का पालन अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर 2100 रुपये का अर्थदंड तथा अधिकतम सात दिनों की वाहन जब्ती की कार्रवाई लागू होगी। पर्यटन सेवाओं में पारदर्शिता और व्यवस्था की नई शुरूआत प्रशासन का मानना है कि यह नई प्रणाली न केवल विवादों को समाप्त करेगी, बल्कि अमरकंटक की पर्यटन सेवाओं को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और पारदर्शी भी बनाएगी। स्थानीय प्रशासन, चालकों और पर्यटन व्यवसायियों के संयुक्त प्रयास से अमरकंटक में पर्यटन अनुकूल वातावरण पुनः स्थापित हो गया है।

## कोटा विधानसभा में अब भाजपा को विकल्प की तलाश

**समाज जागरण**

गौरेला ।जिले के मरवाही विधानसभा में भाजपा की स्थिति कुछ हद तक मजबूत हो गई है और पहली बार सफलता मिली लेकिन कोटा में अभी भी सशक्त दावेदार भाजपा से न मिलने की वजह से वहां स्थिति कमजोर है। ऐसे में कोटा से सशक्त दावेदार की जरूरत होनी चाहिए। उसके लिए भाजपा को अब नए युवा दावेदारों की जरूरत होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष कन्हैया राठौर एवं किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष तिवारी का नाम प्रमुख रूप से माना जा सकता है। जो कि सरल स्वभाव होने सहित हर क्षेत्र में वह काम कर गरीबों की सेवा करने में लगातार काम कर रहे हैं। मालूम हो कि संभावित दावेदार गरीबों की सेवा, युवाओं के चहेते होने सहित हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं। उनमें अहम की भावना नहीं है। जिस वजह से उनका नाम प्रमुख रूप से माना जा सकता है। हालांकि वर्तमान विधायक अटल श्रीवास्तव के मुकाबले प्रबल दावेदार कन्हैया राठौर एवं संतोष तिवारी ही हो सकते हैं।

**हार के बाद प्रबल ने जनता से बना ली दूरियां**

देखा जाए तो हार-जीत होती है लेकिन जो स्थितियां ढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में देखी जा रही है उसमें विधानसभा चुनाव लड़ चुके प्रबल प्रताप सिंह अब जनता से दूरियां बना लिए हैं। उनके सुख-दुख में शामिल होना भी उचित नहीं समझ रहे हैं। जिस वजह से जनता में काफी नाराजगी भी है। ऐसे में अब जनता को भाजपा से नए युवा चेहरों की जरूरत है। जिस वजह से लोग यह मानते हैं कि कोई अच्छा युवा समाजसेवी आएंगे तो कोटा में भाजपा का खाता खुल सकता है ।

**भाजपा की अब कोटा में युवा प्रत्याशी की है जरूरत**

मालूम हो कि विधानसभा चुनाव में भाजपा कोटा में कभी नहीं जीत पाई। ऐसे में अब आगामी विधानसभा चुनाव भले ही अभी दूर है। लेकिन 2028 के चुनाव के पहले अभी से मंथन करना भाजपा शुरू कर देगी। जिस वजह से वहां के सक्रिय नेताओं की पतासाजी भी शुरू होगी। जिसमें यह तय माना जा रहा है कि यदि भाजपा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया राठौर एवं युवा भाजपा नेता संतोष तिवारी पर भरोसा करेगी तो भाजपा वहां कहीं कमजोर नहीं हो सकती है।

# अवैध पार्किंग और ओवरलोड सवारी दे रही हादसों को दावत

**सडको पर खून बहने के बाद जागता प्रशासन**

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- बीते दिनों घुनघुटी राजमार्ग पर 43 में हुए हृदय विदारक सड़क दुर्घटना के बाद यह उम्मीद की जाती है की अब कम से कम नेशनल हाईवे में वाहनों के ऊपर नजर रख पुलिस प्रशासन ऐसे अनहोनी को रोकने के लिए सतत रूप से प्रयास रत रहेंगी, लेकिन कुत्ता की पूंछ तभी तक सीधी रहती है जब तक वह सीधे पोंगरी में रहती है वर्ना वह फिर टेडी की टेडी हो जाती है,यही हाल घुनघुटी पुलिस का नजर आ रहा है। घटना में चाहे खून बहे, कोई जान से जाये, किसी के घर का दीपक बुझे इन सब बातों से किसी को कोई लेना देना नहीं है। घटना में बहे लहू के छींटे बदरंग भी नही हुए हैं फिर वही रेलम पेल अनियंत्रित रफ्तार ओभर लोड वाहनों का सड़क पर खड़ा होना शुरू हो गया। मुख्य चौराहे पर हुए भीषण हादसे से लगा था कि एक बार प्रशासन को नींद से झकझोर कर जगा देगी अब प्रशासन चाक चौबंद रहेगा, अब सो कर बेकसूर वरो की जान से नहीं खेलेगा। कम से कम ऐसी घटनाओं की पुर्नरावृत्ति नहीं होगी लेकिन जो देखने में आता है, वह सबकी उम्मीदों पर न सिर्फ पानी फेर रहा बल्कि अपना वही पुराना चाल चरित्र और असंवेदनशीलता को जाहिर कर दिया है। प्रशासन फिर मदमस्त होकर कुम्भकर्णनीय नींद में सो गया है जिसको मरना है मरे, अपनी जान से जाये।देखने में आया है कि माल वाहक वाहनों में माल के साथ साथ 30-40 व्यक्तियों को सवार कर पहाड़ पर मालवाहक नागिन की चाल में पहाडो चढते उतरते है। छोटे ऑटो जैसे वाहनों जिनकी क्षमता मे 4-5 सवारी की जगह होती है उनमें 15 से 20 सवारियों को बैठा कर हवाई जहाज की तरह नेशनल हाईवे पर उड़ाया जा रहा है और ये खूनी खेल घुनघुटी पुलिस चौकी की नाक के नीचे चल रहा है गाड़ी मालिकों को लाभ पहुँचाने हेतु मासूमो की जान का सौदा किया जाना कहाँ तक उचित है । सडक बेलगाम वाहनों की धमा चौकड़ी को देखकर लगता है कि यातायात के सारे नियम कानूनो को मुँह चिढ़ाते हुए चल रहा है। हर दिन शाम होते ही ढाबो के सामने बेतरतीब वाहनों की लाइनों को खडी कर ढाबों मे महफिले सज जाती है जहां वाहन चालकों को सुर-सूरा की व्यवस्था करायी जाती है। मानो ढाबा संचालको शाम 7 बेचे से अगले दिन तक नेशनल हाईवे 43 का परमिट सौंप दिया जाता हो.. घुनघुटी क्षेत्र मे हो रहे लगातार हादसों से ना गाड़ी मालिकों को कोई फर्क पड़ रहा है न की यहाँ के प्रशासन को कोई लेना देना है ऑटो और पिकउप मालवाहक वाहनों को हाईवे मे घंटो खड़ा कर के रखना व मुख्यमंत्री चौराहे को एक्सीडेंटल पॉइंट बनाना रोजाना की कहानी है जिससे आम जनता को जान माल का खतरा तो रहता ही है साथ मे नेशनल हाईवे मे सफर कर रहे यात्री को भी हादसे का खतरा बना रहता है । विद्यालयों मे पढ़ने वाले नौनिहालों को भी सडक पार कर जाना पड़ता है जिन पर भी हादसे का भय बना रहता है। देखना है कि आये दिन हो रहे सडक हादसों में बेगुनाह इंसानों को जान के खिलवाड़ का खेल कब तक चलेगा बीतो हाईवे मे खडे ट्रक मे दूसरे ट्रक ड्राइवर द्वारा पीछे से सीधी टक्कर और ड्राइवर के 8 रेस्क्यू का विषय और उसमे पुलिस विभाग द्वारा समय मे दिखाई सामवेदनशिलता को हर किसी ने अंगीकार किया और पुलिस विभाग की तारीफओ के पुल बांधे लेकिन फिर से सडक पर जाम जैसी स्तिथि से दोबारा किसी बड़े हा दसे को नाकारा नहीं जा सकता है अब देखना प्रशासन कब गंभीर हो कर इसका शर्तिया इलाज करेगा

## खालेकठई में जल संरक्षण का संगम, उमरिया परियोजना प्रदेश की टॉप-10 में शामिल

**समाज जागरण**

उमरिया जिले के करकेली जनपद अंतर्गत खालेकठई ग्राम पंचायत के कृषक सुविधा केंद्र में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत वाटर शेड महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह, उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र जैन और जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहारिया उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में यह आयोजन उत्साह और सहभागिता का प्रतीक बना। महोत्सव के दौरान वाटर शेड विकास कार्यों की उपलब्धियों और ग्रामीणों की भागीदारी पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बोरी बधान कार्यक्रम रहा, जिसमें अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान करते हुए जल संरक्षण के सामूहिक संकल्प को मजबूत किया। इस सामूहिक प्रयास ने न केवल जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया, बल्कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनभागीदारी की मिसाल भी पेश की। वाटर शेड महोत्सव के मंच से ग्रामीणों को जल संरक्षण, भूमि सुधार और कृषि उत्पादकता बढ़ाने संबंधी तकनीकों की जानकारी भी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जिले में विभिन्न स्तरों पर उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिनका प्रत्यक्ष लाभ किसानों को मिल रहा है ।गौरतलब है कि उमरिया जिले की परियोजना क्रमांक-1 को वाटर शेड जन भागीदारी कप 2025 में देश की शीर्ष 10 परियोजनाओं में स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले के लिए गर्व की उपलब्धि है। इस सम्मान ने न केवल स्थानीय स्तर पर किए जा रहे जल संरक्षण प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है, बल्कि अन्य पंचायतों को भी प्रेरित किया है।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण और सतत कृषि विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान बांधवगढ़ विद्यायक शिव नारायण सिंह ने करोडो की लागत के विकास कार्यों को भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया साथ ही बिरहुलिया से आये आदिवासी कलाकारों के द्वारा शानदार सांस्कृ तिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई जो आकर्षण का केंद्र रही

# कानपुर पुलिस ने शुरू किया वसूलीबाजों के खिलाफ

**ऑपरेशन 500,गलत सूचना वालों के खिलाफ भी होगी कार्रवाई**

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर ।वसूलीबाज यूट्यूबर्स, कथित पत्रकार, थाने के दलाल और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों पर शिकंजा कसने के इरादे से यहां के पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल द्वारा ऑपरेशन 500" शुरू कर दिया गया है। इस ऑपरेशन के तहत इसके लिए एक वॉट्सऐप नंबर जारी किया गया है।

वसूली बाजों के खिलाफ इस अभियान के मुताबिक सूचना देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। हालांकि सूचना झूठी मिलने पर उनके खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी। अवगत कराते चलें कि पूर्व पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के ऑपरेशन महाकाल के बाद कमिश्नरेट पुलिस का यह दूसरा ऑपरेशन है जिसके शुरू होने से वसूलीबाजों में हड़कंप मचा है।

इस अभियान के बारे में जानकारी देतेहुए पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस को लगातार वसूलीबाज, रंगदारी, थानों में दलाली और जांच के नाम पर पीड़ितों से उगाही की सूचनाएं मिल रहीं थी। इसे देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने ऑपरेशन 500 की शुरूआत की है। इस बारे में जो योजना बनाई गई है ।उसके मुताबिक यह ऑपरेशन लगातार 500 घंटे तक चलेगा। पीड़ित आसानी से सूचनाएं दे सकें इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस ने वॉट्सऐप नंबर 7839863274 जारी किया है। आमजन से सही सूचना और शिकायत देने की अपील करते हुए पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि पीड़ित इस नंबर पर साक्ष्यों के साथ अपनी शिकायत भेज सकते हैं। शिकायत भेजने के बाद कमिश्नरेट पुलिस अपना काम शुरू कर देगी। पीड़ित यदि इस नंबर की बजाय अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखना चाहें तो वह भी कार्यालय के समय में आकर शिकायत व साक्ष्य दे सकते हैं। पुलिस के इस ऑपरेशन से वसूलीबाजों में हड़कंप भी मचा हुआ है।

## कलेक्टर ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भरौला का किया निरीक्षण।

**प्रबंधक को खरीदी केन्द्र में समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के दिए निर्देश**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बांधवगढ तहसील अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भरौला का औचक निरीक्षण किया तथा केंद्र में उपस्थित किसानों से रूबरू चर्चा करते हुए व्यवस्था के संबंध में आवश्यक पूछताछ की । इस दौरान उन्होने प्रबंधक को खरीदी केंद्र स्थल पर बारदाना, पीने के पानी, बिजली व्यवस्था,टेंट, मौसम खराब होने की स्थिति में तिरपाल की व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि खरीदी के पश्चात ही परिवहन की व्यवस्था की जाए,ताकि समय रहते धान यथा स्थान तक पहुंच सके । निरीक्षण के दौरान प्रबंधक ने बताया कि अब तक 717.6 क्विटल धान की खरीदी की गई है ।

प्राप्त बारदानो की संख्या 9 हजार है । निरीक्षण के समय सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# भगवान जीव के अवगुण नहीं उसके अंतर्मन के सत्कर्म और सद्गुण देखते हैं: महाराज सच्चिदानंद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। चोपन बैरियर स्थित सोन नदी के तट पर सोनेश्वर महादेव मंदिर के समीप आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथावाचक पूज्य महाराज श्री ने इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की मनोहर बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर भक्तगण भावविभोर हो उठे। महाराज श्री ने पूतना वध प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण दैत्य पूतना का वध अवश्य करते हैं, किन्तु जब गति प्रदान करने की बात आती है तो उसे मातृगति देते हैं। उन्होंने कहा– ह्लभगवान जीव के अवगुण नहीं, उसके अंतर्मन के सत्कर्म और सद्गुण देखते हैं। पूतना ने शत्रु भाव से सही, परंतु मातृभाव से दुग्ध पान कराया था, इसलिए भगवान ने उसे भी उसी गति से नवाजा जो अपनी मैया यशोदा को देते हैं। आगे कथा में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा हेतु गोवर्धन पर्वत को एक ही नख पर धारण करने की दिव्य लीला का विस्तृत वर्णन किया गया। सात वर्ष की अल्पायु में सात कोष लंबे-चौड़े गोवर्धन पर्वत को सात दिन और सात रात्रि तक धारण कर भगवान ने स्वयं को गिरधारी कहलवाया। अंततः इंद्र ने अपने अहं का त्याग कर भगवान के चरणों में कृतज्ञता पूर्वक प्रणाम किया। इस दौरान गोवर्धन पूजा के पावन प्रसंग में 56 प्रकार के व्यंजनों का भव्य भोग अर्पित किया गया, जिससे समूचा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। कथा स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालु अगली कड़ी की कथा को सुनने के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस दौरान मुख्य यजमान बाबूलाल केशरी, श्रीमती लालदेई केशरी, कन्हैया केशरी, उदित केशरी, महेंद्र केशरी, पम्मी केशरी, कमले शानंद, प्रदीप अग्रवाल, विकास चौबे, पुनीत पाठक, सहित भारी संख्या में कथाप्रेमी मौजूद रहे।

# चोपन में 170 जोड़ों का सामूहिक विवाह, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़ा 1 लाख रुपये खर्च

**विजय कुमार अग्रहरी, ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को चोपन ब्लॉक के रेलवे मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुस्लिम जोड़ों सहित कुल 170 दूल्हा-दुल्हन पूरे रीति-रिवाज के साथ परिणय सूत्र में बंधे। सुबह से ही वर-वधू और उनके परिवार के सदस्य शादी मंडप में पहुंचने लगे थे। शासन ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 188 जोड़ों की शादी का लक्ष्य निर्धारित किया था। हालांकि, अपात्र पाए जाने के कारण कुछ जोड़ों को निराशा हाथ लगी। इस योजना के तहत प्रति जोड़े पर खर्च की जाने वाली धनराशि बढ़ाकर अब एक लाख रुपये कर दी गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने इस लक्ष्य को सभी ब्लॉक और नगरीय निकायों में आवंटित किया है। शासनादेश के अनुसार, प्रति जोड़े पर 1,00,000 रुपये खर्च करने का प्रावधान है। इसमें से 60,000 रुपये की सहायता राशि कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली और गृहस्थी स्थापित करने के लिए सीधे उसके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है। इसके अतिरिक्त, कन्या को वैवाहिक उपहार सामग्री के लिए 25,000 रुपये खर्च किए जाते हैं। शेष 15,000 रुपये प्रति जोड़े पर कार्यक्रम के आयोजन, जैसे भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत/ प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं। इस योजना के लिए आवेदन की कुछ निर्धारित पात्रता शर्तें हैं। कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने चाहिए। कन्या या उसके परिवार की वार्षिक आय 3.00 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवाह की तिथि पर कन्या की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष पूरी हो चुकी हो। आयु की पुष्टि के लिए विद्यालय का शैक्षिक रिकॉर्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड या आधार कार्ड मान्य होंगे। आवेदन के लिए कन्या का बैंक खाता और कन्या व वर के पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक हैं। इस योजना में निर्धन परिवार की अविवाहित कन्याओं के विवाह के साथ-साथ विधवा, परित्यक्ता या कानूनी रूप से तलाकशुदा महिलाओं का पुनर्विवाह भी शामिल है। अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निराश्रित कन्याओं, विधवा महिलाओं की पुत्रियों, दिव्यांग अभिभावकों की पुत्रियों और स्वयं दिव्यांग कन्याओं को विवाह के लिए प्राथमिकता दी जाती है। इस दौरान. समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड, सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, मंडल अध्यक्ष चोपन भगवान दास केसरी सहित भाजपा के पदाधिकारियों और विभाग से सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक खेल महाकुंभ का वैदिक मंत्रोच्चार से भूमि पूजन, 25 दिसंबर से आयोजन शुरू, युवाओं के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद में आगामी 25 दिसंबर से शुरू होने वाले विधायक खेल महाकुंभ की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को हाइडिल मैदान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं का सर्वांगीण विकास और खेल के माध्यम से आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देना है। भूमि पूजन के दौरान कार्यक्रम की सफलता के लिए भगवान का आह्वान किया गया। मैदान में "सोन की माटी सोन का दम, आओ मिलकर खेलें हम" जैसे नारे लगाए गए, जिन्होंने उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, सदर विधायक भूपेश चौबे और जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भूमि पूजन के बाद सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि विधायक खेल महाकुंभ युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी समरसता, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। विधायक चौबे ने यह भी बताया कि अब खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि ये आर्थिक उन्नति का एक बड़ा माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को शिक्षा में छूट के साथ-साथ विभिन्न नौकरियों में विशेष अवसर मिल रहे हैं। खेल कोटे के माध्यम से भी अनेक नियुक्तियाँ की जा रही हैं। विधायक चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी के निर्देश पर पूरे प्रदेशभर में ग्रामीण स्तर पर खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि गांव के खिलाड़ियों को मंच मिल सके। खेल महाकुंभ में ग्रामीण अंचल के खेल जैसे खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी और क्रिकेट शामिल हैं। यह आयोजन सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित है। खेल की शुरूआत 25 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम और अमृत खेल रस्साकशी से होगी। अगले दिन से क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ की जाएगी। 1 से 6 जनवरी के बीच सभी विधानसभा में पड़ने वाले 6 ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी, जिसके बाद 11 और 12 जनवरी को फाइनल प्रतियोगिताएं होंगी और 12 या 13 जनवरी को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, मंडल अध्यक्ष चूर्क दिलीप चौबे, डॉ. सिद्धार्थ शंकर मिश्रा, संजय जयसवाल, ओम प्रकाश यादव, सुनील सिंह, गुडिया तिवारी, ज्योति खरवार, अजय पांडे, अजय मिश्रा, गौरव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# खड़िया की बेटी ने लंदन में नाम किया रोशन: प्रतिभा पांडेय ने इंटरनेशनल रिलेशनशिप की डिग्री की हासिल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। शक्तिनगर। सोनभद्र के शक्तिनगर स्थित खड़िया की निवासी प्रतिभा पांडेय ने लंदन में भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने बर्मिंघम यूनिवर्सिटी, लंदन से इंटरनेशनल पॉलिटिकल रिलेशन में मास्टर्स डिग्री हासिल की है। यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रतिभा पांडेय को यह डिग्री प्रदान की गई। यह उपलब्धि उनके परिवार और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। प्रतिभा पांडेय के पिता अमरेश पांडेय खड़िया के जाने-माने व्यवसायी और समाज सेवी हैं। उनकी इस सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त की है। प्रतिभा के दादा संकटा पांडेय और चाचा दिनेश चंद्र पांडेय ने भी उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि प्रतिभा परिवार की पहली बेटी हैं जिन्होंने विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी।

# चोपन में रेल कर्मचारी यूनियन की चेतना रैली, जीत की पहली वर्षगांठ पर कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




चोपन/ सोनभद्र। शुक्रवार को चोपन में ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन की चेतना रैली आयोजित की गई। यह रैली यूनियन की जीत की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में थी। इसमें बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली को संबोधित करते हुए चोपन रेलवे ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष संतोष कुमार दुबे ने यूनियन की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यूनियन पुरानी पेंशन बहाली, रेलवे में निजीकरण पर रोक, जर्जर रेलवे आवासों में सुधार, तथा लाल फीताशाही और कर्मचारियों के शोषण को समाप्त करने जैसी प्रमुख मांगों को लेकर संघर्षरत है। चेतना रैली ने रेलवे स्टेशन, बुकिंग ऑफिस और विद्युत कार्यालय सहित विभिन्न रेल कार्यस्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान कर्मचारियों को यूनियन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अलारसा के शाखा सचिव जावेद अख्तर, संगठन सचिव रोशन सोनार, शंभू कुशवाहा, रोहित कुमार, आनंद कुमार, सूरज कुमार, मुकेश कुमार, कृष्ण ठाकुर, सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, वीरेंद्र यादव सहित कई रेल कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने यूनियन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तथा सहायक आयुक्त ने किया धान क्रय केन्द्रो तथा राइस मिल का निरीक्षण

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी आईएएस तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को जनपद के विभिन्न धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाप्रबंधक पीसीएफ रोहित गुप्ता, एडीसीओ सदर अवधेशसिंह तथा एडीसीओ घोरावल डाक्टर सुरेश भी मौजूद रहे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सर्वप्रथम गयारतवल बीपैक्स पर पहुंचे जहाँ राजेंद्र सिंह के लगभग डेढ़ दो सौ कुंटल धान की खरीद हो रही थी। केन्द्र प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल द्वारा बताया गया कि



अबतक 42 किसानो से 2223.60 कुंटल धान खरीद हुई है। डिलीवरी अभी शून्य है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने जिलाप्रबंधक पीसीएफ को डिलीवरी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित किसानो से धान क्रय तथा उर्वरक वितरण के बारे मे आ रही दिक्कतो और समस्याओ के बारे मे पूछताछ की। भरुहा मे खाद्य विभाग के क्रय केंद्र के निरीक्षण मे प्रभारी राजकुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि अबतक कुल खरीद 5292 कुंटल के सापेक्ष 3640 कुंटल डिलीवरी हो चुकी है।उपजिलाधिकारी ने तौल हो चुके कुछ बोरो को अपने सामने तुलवाया। अधिकारी गण ने भरुहा स्थित श्री राइस मिल का भी निरीक्षण किया।समिति के प्रोपराइटर पवन कुमार ने मिल को प्राप्त धान और सीएमआर प्रदाय के बारे मे विस्तार से अवगत कराया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारियो को आगाह किया कि शासन की क्रय नीति का अक्षरशः पालन करते हुए मानक के अनुरूप धान खरीद करें।नियमो और मानक से विचलन की दशा मे कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**ब्यूरो चीफ/ सोनभद्र समाज जागरण**



सोनभद्र। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, सोनभद्र में आज महिला कल्याण विभाग सोनभद्र की ओर से एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 270 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाल विवाह, बाल संरक्षण, बाल श्रम, और बाल तस्करी जैसे गंभीर मुद्दों के प्रति जागरूक करना था। विशेषज्ञों ने बताया कि बाल विवाह के दुष्परिणाम क्या होते हैं और कैसे बच्चे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से ऐसी घटनाओं की सूचना दे सकते हैं। बाल कल्याण समिति, सोनभद्र के मजिस्ट्रेट (सदस्य) अमित चंदेल, संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, चाइल्ड हेल्पलाइन की केस वर्कर सीमा शर्मा, काउंसलर अमर कुमार सोनकर, और जिला समन्वयक स्निग्धा आहूजा ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य, इंजीनियर सचिन चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विपिन मिश्रा, राहुल वर्मा, शिक्षक संदीप दुबे, निहारिका जायसवाल, वर्तिका श्रीवास्तव सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

यह कार्यक्रम बच्चों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें सुरक्षित समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने में सफल रहा।

# दो बाइकों के टक्कर में तीन घायल

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। हाथी नाला थाना से महज लगभग पांच सौ मीटर पहले दो बाइक सवार आपस भिड़ंत गए जिसमें कुल तीन लोग घायल हो गए मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर लगभग एक बजे हाथी नाला थाना से महज लगभग पांच सौ मीटर पहले एक बाइक सवार तेज बली पुत्र राधे श्याम निवासी कटौली दुद्धी कोटा गांव से अपने घर दुद्धी जा रहा था और विपरित दिशा से आ रही दुसरे बाइक सवार अंरगपानी म्योरपुर निवासी जगनरायण पुत्र छोटे लाल ने पहले बाइक सवार को जोर दार टक्कर मार दिया जिसमें कुल तीन लोग घायल हो गए वहीं राहगीरों ने तीनों को पास के ही निजि क्लीनिक इलाज करवाया गया दोनों आपसी बातचीत कर अपने घर को चले गए वहीं इस घटना की जानकारी हाथी नाला के पुलिस को नहीं मिली।

जहा घायल में तेजबली के साथ एक अज्ञात जो कि एक बाइक पर सवार थे, और दुसरे बाइक पर जगनरायण सवार रहा जो तीनों घायल हो गए।

# अज्ञात हाइवा ने बाइक सवार को मारा जोरदार टक्कर, तीन घायल ट्रामा सेंटर रेफर।

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बारी ओवर ब्रिज के पास स्थित सुभाष पेट्रोल टंकी के सामने शुक्रवार को सुबह लगभग 5:30 बजे डाला से चोपन के तरफ जा रहे बाइक सवार को हाईवा गाडी घूमने के चक्कर में बाइक को साइड से जोरदार टक्कर मार दिया मौके से हाइवा फरार हो गया जानकारी के मुताबिक एक बाइक पर तीन लोग सवार पर रोहित पुत्र रामदुलारे उम्र 26 वर्ष निवासी जवारीडाड, किशन कुमार परौहा पुत्र अजय कुमार परोहा उम्र 25 वर्ष निवासी अमादार गांव आमदरा सतना मध्य प्रदेश, अनूप तिवारी पुत्र उमेश प्रसाद तिवारी उम्र 22 वर्ष निवासी रिंगरा पोस्ट तहसील मैहर सतना मध्य प्रदेश सवार होकर डाला से चोपन के तरफ जा रहें थे और सड़क दुघर्टना के शिकार हो गया वहीं सूचना पाकर मौके पहुंची पीआरबी 112 की पुलिस व डाला पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदद से एंबुलेंस की सहायता से चोपन अस्पताल भेज दिया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति नाजुक देखते हुए तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिसके उपरांत वहीं घायल रोहित को जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और दो लोग को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

# पॉक्सो एक्ट: दोषी जुल्फिकार उर्फ कल्लू को 20 वर्ष की कठोर कैद

**50 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**

**अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी**

**तीन आरोपी साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त**

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब 3 वर्ष पूर्व से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कई बार हुए दुष्कर्म और गर्भवती होने पर गर्भपात कराने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी जुल्फिकार उर्फ कल्लू को 20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। वहीं तीन आरोपियों राजा, राजकुमार सिंह व आंचल मौर्या को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 23 सितंबर 2024 को घोरावल कोतवाली में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह और उसकी पत्नी मजदूरी करने घर से रोज मार्केट चले जाते हैं। उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर जुल्फिकार उर्फ कल्लू पुत्र इजहार निवासी बनौरा, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र हाल पता ग्राम जुडिया, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र करीब 2 वर्ष से शारीरिक संबंध बनाता रहा।जब बेटी गर्भवती हो गई तो 23 सितंबर 2024 को घर से ले जाकर जबरजस्ती गर्भपात करवा दिया। इस तहरीर पर घोरावल कोतवाली पुलिस ने 24 सितंबर 2024 को दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान राजा, राजकुमार सिंह व आंचल मौर्या का नाम प्रकाश में आया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने जुल्फिकार उर्फ कल्लू, राजा, राजकुमार सिंह व आंचल मौर्या के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी जुल्फिकार उर्फ कल्लू (20) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

वहीं तीन आरोपियों राजा, राजकुमार सिंह व आंचल मौर्या को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# रोडवेज बस पर असामाजिक तत्वों ने मारा पत्थर, सवारियों में दहशत

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र/ बीजपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत जरहा गांव के अजीर नदी के पास गुरुवार की रात वाराणसी से बीजपुर आ रही रोडवेज बस पर अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा पत्थर मार दिए जाने से अफरा-तफरी मच गई। अचानक हुए इस हमले से बस का सामने का शीशा टूट गया और वाहन को नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि बस चालक आशीषधर दुबे बालझ्बाल बच गए, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटना के बाद चालक व परिचालक ने बस को साइड में रोककर पत्थर फेंकने वालों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वे फरार हो गए । परिचालक अर्मेन्द्र कुमार सिंह ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह की हरकत बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। बस में सवार एक सवारी ने बताया कि पत्थर इतनी जोर से शीशे पर लगा कि सभी यात्री दहशत में आ गए थे।

# सड़क पार कर रहे हैं युवकों को बाइक सवार ने मारा धक्का, दो जख्मी।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र/ बीजपुर। शुक्रवार के सुबह ग्राम सभा सिरसोती में एक बाइक ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार और पैदल चल रहा है युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार सौरभ पुत्र पीके तिवारी बीजपुर से नौगढ़ थाना बैढ़न जा रहा था। वही अंजनी पुत्र दीनदयाल बियार निवासी गोभा मध्य प्रदेश सिरसोती सड़क पार कर रहे एक युवक को जोर से टक्कर मार दी जिसमें दोनों बीच सड़क पर गिर गए । वहां आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिससे मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को गम्भीर अवस्था में एनटीपीसी धनवंतरि चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हालत गंभीर देखते हुए। बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय बहेराडाड़ का किये औचक निरीक्षण

**बेहतर पठन-पाठन के लिए शिक्षकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज प्राथमिक विद्यालय बहेराडाड़ का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों द्वारा पठन-पाठन कार्य करते पाये गये। जिलाधिकारी ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से वार्ता कर उनके बौद्धिक स्तर का जायजा लिये और बेहतर शिक्षण कार्य के लिए अध्यापक/ अध्यापिकाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत 69 में से 52 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्राधानाचार्य को पंजीकृत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को अधिकाधिक बढ़ाने के निर्देश दियें, उन्होंने कहा कि पंजीकृत छात्र-छात्रा विद्यालय आये, इसके लिए अभिभावकों को भी प्रेरित किया जाये। उन्होंने मीनू के अनुसार बनने वाले भोजन के सम्बन्ध में बच्चों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में बनाये जा रहे रसोई कक्ष का जायजा लिये और मीनू के अनुसार बनाये गये भोजन के बारे में रसोईयों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि निर्धारित मीनू के अनुसार विद्यालय में भोजन तैयार कर बच्चों को समय से दिया जाये। विद्यालय में परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर किया जाये। उन्होंने विद्यालय में पीने के पानी की स्थिति, शौचालय, दिव्यांग शौचालय, किचन में खाद्यान्न की स्थिति का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा भी लिये। इसी प्रकार से मा0 मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौड़, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह द्वारा मनरेगा मिनी स्टेडियम जुगैल का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि स्टेडियम में खेल को बढ़ावा के लिए स्थानीय युवक/युवतियों को खेल के प्रति प्रेरित किया जाये, जिससे खेल के क्षेत्र में यहां के बच्चे आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में खेल सुविधा को देखते हुए आवश्यक प्रबन्ध किये जाये। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान व सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किये स्टेडियम में जो भी खेल सामग्री की जरूरत है, को उपलब्ध कराया जाये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सहित विद्यालय प्रधानाचार्या, अध्यापक, अध्यापिका उपस्थित रहें।

# नबीनगर पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न, लिए गए कई निर्णय

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर के सोखा बाबा मंदिर परिसर में शुक्रवार को पेंशनर एसोसिएशन प्रखंड इकाई नबीनगर की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र उपाध्याय ने की और संचालन सचिव शंकर प्रसाद ने किया। जानकारी देते हुए सचिव शंकर प्रसाद ने बताया कि बैठक में



नवनिर्वाचित विधायक चेतन आनंद को संगठन की ओर से बधाई दी गई ।वहीं 18 दिसंबर को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पेंशनर दिवस एवं स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक के अंत में वयोवृद पेंशनर महावीर चौधरी के निधन पर दो मिनट मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गई। मौके पर पेंशनर शिव शंकर तिवारी, रामजन्म राम, सुदीप राम, कृष्ण कुमार सिन्हा, सुनैना देवी, सूरज प्रसाद मौजूद थे।

# पटना में स्कार्पियो पलटने से एक कि मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मोकामा प्रखंड के शिवनार क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के घायल होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो शिवनार मार्ग से होकर गुजर रही थी। बताया जा रहा



है कि रास्ते में अचानक सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जोरदार आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गए। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान गुहन महतो के रूप में हुई है। यह शिवनार के रहने वाले नहीं बताए जाते हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोकामा सदर अस्पताल भेजा गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने स्कॉर्पियो में फंसे लोगों को बाहर निकाला और घायल व्यक्तियों को निजी वाहन से अस्पताल भेजा। घटना की सूचना मिलते ही मोकामा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गाड़ी को सड़क से हटाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस का कहना है कि यह हादसा तेज रफ्तार के कारण हो सकता है। मामले की जांच जारी है और चालक से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि दुर्घटना के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सके।

# पटना के दुल्हिन बाजार में मनाया गया जीएन पुस्तकालय सह संग्रहालय का 113 वां स्थापना दिवस

- पुस्तकालय सह संग्रहालय के विकास के लिए हर सम्भव करेंगे प्रयास:- पालीगंज एसडीएम
- आसपास में बनेगी स्टडी हॉल:- बिधायक डॉ. संदीप सौरभ

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ शुक्रवार को जिले के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के भरतपुरा गांव स्थित गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहालय का 113 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर पालीगंज एसडीएम गरिमा लोहिया ने पुस्तकालय सह संग्रहालय के विकास के लिए हर सम्भव प्रयास करने कज आश्वासन दी। जबकि स्थानीय बिधायक डॉ. संदीप सौरभ ने पुस्तकालय के समीप ही छात्रों के लिए स्टडी हॉल निर्माण कराने का भी आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार दुल्हिन बाजार प्रखण्ड के भरतपुरा गांव में भारत मे सातवां स्थान रखनेवाला गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहालय स्थित है। जिसका 113 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम शुरू होने के पहले पूर्व सचिव ध्रुपद नारायण सिंह के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण किया गया। उसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय सह पालीगंज के माले बिधायक डॉ. संदीप सौरभ, पालीगंज एसडीओ सह कार्यकारिणी के पदेन अध्यक्ष गरिमा लोहिया, पुस्तकालय सचिव मुकेशधारी सिंह व पालीगंज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. श्यामनन्दन शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों को शॉल व गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पुस्तकालय के सचिव मुकेशधारी सिंह ने पुस्तकालय के विकास से सम्बंधित कई मांगे रखी। वही कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. श्यामनन्दन शर्मा ने कहा कि पुस्तकालय आर्थिक संकट से गुजर रही है। ऐसे हालत में संकट से निकलने के लिए जनता की सहयोग अतिआवश्यक है। वही बिधायक डॉ. संदीप सौरभ ने कहा कि यदि सरकार छात्रों के लिए भरतपुरा में स्टडी हॉल बनवाती है तो ठीक है अन्यथा मैं खुद यहां स्टडी हॉल का निर्माण अपनी ओर से करवाऊंगा। जबकि एसडीएम गरिमा लोहिया ने कही की इस पुस्तकालय सह संग्रहालय के विकास तथा आकर्षक बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करूंगी। जिसके लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखी जा रही है। पालीगंज में इस तरह की पुस्तकालय सह संग्रहालय का होना बहुत ही गर्व की बात है। अंत मे पूर्व सचिव स्व. ध्रुपद नारायण सिंह की याद में एक मिनट का मौन धारण कर शोक मनाया। मौजूद लोगों ने कहा कि इस तरह की हजारों पांडुलिपियां, अति प्राचीन व दुर्लभ पुस्तके, पंचमार्क सिक्के सहित हजारों प्राचीन सिक्के, सैकड़ो प्रतिमाओं, सिकन्दर नामा, फिरदौसी रचित शाहनामा, बसावन की पेंटिंग, त्रिपुट सुंदरी सहित दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह कर महान कार्य किये है। इस पुस्तकालय सह संग्रहालय के साथ ही ध्रुपद नारायण सिंह का नाम अमर हो चुकी है।

मौके पर पुस्तकालय सह संग्रहालय के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. श्यामनन्दन शर्मा, प्रभातधारी सिंह, शिवेन्द्रधारी सिंह, अशोक शर्मा, शब्जा शर्मा, सुमेर सिंह, पूर्व मुखियापति दिलीप सिंह, विश्वनाथ पाठक, अर्चना कुमारी, सौम्या कुमारी, भिखारी भगत व जयप्रकाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विभिन्न मांग को लेकर कुलपति से मिला एबीभीपी का प्रतिनिधि मंडल

**समाज जागरण**



हजारीबागअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग इकाई के द्वारा अठारह सूत्री मांग को लेकर विश्वविद्यालय कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया । इस दौरान अभाविप के कार्यकताओं बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् हमेशा से छात्र हित में काम करते आ रही है।एक छात्र संगठन होने के नाते शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर हमेशा अपनी बात रखते आई है । विद्यार्थी परिषद् विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर अठारह सूत्री मांग पत्र सौंपा जिसमें विगत कई वर्षों से बंद हो चुके छात्रसंघ चुनाव को पुनः से शुरू किया जाए विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय में शिक्षक और कर्मचारी के घोर कमी है जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है, महाविद्यालय में शिक्षक और कर्मचारी की कमी को जल्द से जल्द दूर किया जाए। विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय के अंदर महाविद्यालय में वोकेशनल कोर्स (बीसीए, बी एम एल टी ) का लैब की कमी को जल्द पूरा किया जाए ।एनइपी2020 के तहत सभी महाविद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तक के व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए। विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए जैसे, शौचालय,पेयजल ,क्लासरूम की सफाई, टूटे बेंच डेस्क की मरम्मत आदि।विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।विश्वविद्यालय में नया ट्राइबल भवन बन कर तैयार हुए कई वर्ष हो चुके हैं लेकिन उसमें किसी प्रकार की कोई गतिविधि नहीं हो रहा है उसे जल्द शुरू किया जाए।

सभी महाविद्यालय का वेबसाइट को दुरुस्त किया जाए।सेल्फ फाइनेंस कोर्स में शिक्षकों की कमी को जल्द से जल्द दूर किया जाए विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में खेल शिक्षकों की नियुक्ति जल्द से जल्द किया जाए।ऊएएळ की परीक्षा जल्द आयोजित की जाए। स्पेशल जेनेरिक परीक्षा की तिथि की घोषणा जल्द किया जाए ।गिरिडीह महाविद्यालय में इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, हिंदी, भौतिकी, केमिस्ट्री विषयों में मास्टर डिग्री की पढ़ाई प्रारंभ करवाया जाए। श्री आर के महिला महाविद्यालय में स्नातकोतर की जंतु विज्ञान और राजनीतिकविज्ञान की नामांकन शीट को बढ़ाया जाए।

विश्वविद्यालय के अंदर सभी संध्याकालीन महाविद्यालय के मनमानी पर अंकुश लगाया जाए।जे जे कॉलेज झुमरीतिलैया में स्नाकोत्तर की पढ़ाई अधिसूचना जारी होने के बाद भी पढ़ाई प्रारंभ नहीं हुआ है स्नाकोत्तर की पढ़ाई जल्द की जाए।जे जे कॉलेज झुमरीतलैया के परिसर में अपना बैंक नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को कई प्रकाश के परेशानी हो रही है। सभी मांग को विश्वविद्यालय 20 दिनों के अंदर पूरा नहीं करेगी तो विद्यार्थी परिषद् चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी जिम्मेवारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल मेहता , पुर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवलेश सिंह, पूर्व विश्वविद्यालय छात्र संघ रितेश यादव , प्रदेश सह मंत्री रोहित पाण्डेय, विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौर, नगर मंत्री साहिल सिंह, प्रभात कुमार, यशवंत कुमार, कुणाल राजपूत, उज्ज्वल तिवारी, नितेश तिवारी, ( कोडरमा संगठन मंत्री) अतुल आनंद,राहुल कुमार, कृष्णा त्रिवेदी, नीरज चौधरी, सौरभ, लवनीत,आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

# पटना में दोस्तों ने पीट-पीट कर की किशोर की हत्या

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के महादेव स्थान, शिव कॉलनी धनखेती मुहल्ला निवासी मनोज यादव के 17 वर्षीय पुत्र अमर कुमार को दोस्तो ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है। हत्या की घटना चौक थाना के कचौड़ी गली नारायणी स्कूल के पास हुई है। पिटाई से जख्मी हुए अमर को उपचार के लिए दोस्त ही बाइक से लेकर एनएमसीएच आया था। जहा भर्ती करा कर दोस्त फरार हो गये है। डीएसपी डॉ गौरव कुमार ने बताया कि जख्मी अमर के बाइक से ले जाने का सीसीटी फुटेज मिलने और मेहंदीगंज थाना पर परिवार की ओर से संपर्क करने के बाद उनके नेतृत्व मे मेहंदीगंज थानाध्यक्ष किशोर



कुणाल झा के नेतृत्व मे छापेमारी कर तीन चार दोस्त को हिरासत मे लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों ने बताया कि अमर को शाम में ही दोस्तों ने फोन कर बुलाया था। रात करीब 9 बजे परिवार को सूचना मिली कि अमर को उसके साथियों ने मिलकर जमकर पीटा है। अमर को गंभीर हालत में एनएमसीएच ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिवार ने बताया कि अमर पढ़ाई के साथ साथ ऑटो चलाकर परिवार की मदद करता था। फिलहाल पुलिस पकड़े गये संदिग्ध से पूछताछ कर रही है।

# पटना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ किया छापेमारी

**पटना जिला संवाददाता वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बेऊर थाना अंतर्गत अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग व पटना जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी की गई। जिसमे पटना सदर अनुमंडल पदाधिकारी, फुलवारी शरीफ एसडीपीओ, पटना





जिला खनन पदाधिकारी व सभी खान निरीक्षक, एवं बेऊर थानाध्यक्ष समिल्लित थे। जांच के क्रम में बेऊर थाना अंतर्गत 70 फीट एवम बेऊर मोर के समीप बालु लदे ट्रैक्टर्स की जांच की गई जिसमे रोड के किनारे बालु मंडी बनाकर अवैध रूप से बालू की बिक्री करते पाया गया । जिसके आलोक में मंडी में लगे सभी 09 ट्रैक्टरो को ट्रॉली सहित जप्त करते हुए संबंधित वाहन मालिक के विरुद्ध बेऊर थाना के प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही 1 व्यक्ति को उक्त कार्य में समिल्लित होने के कारण गिरफ्तार भी किया गया। सभी 09 ट्रैक्टरो पर बिहार खनिज (रियायत, अवैध खनन निवारण, परिवहन एवं भंडारण) नियमावली के तहत कुल 10.5 लाख रुपए जुमार्ना लगाई गई है।

# विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के चेडरा से 207 वैन की चोरी।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, समाज जागरण।**

बगोदर।विष्णुगढ़ क्षेत्र के चेडरा स्थित ब्लॉक रोड के पास से एक 207 चार पहिया वैन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है।चेडरा निवासी रणजीत कुमार पिता किशुन प्रसाद वर्णवाल ने विष्णुगढ़ थाने में 207 चार पहिया वाहन चोरी होने का आवेदन दिया।उन्होंने बताया प्रखंड कार्यालय के नजदीक उनका मकान है जहां रोज रात्रि में वाहन खड़ी रहती थी।गुरुवार की सुबह 5 बजे जब बाहर निकलकर देखा तो गाड़ी गायब मिली।जिसके बाद उन्होंने



खोजबीन शुरू कर दी लेकिन वाहन का कुछ पता नहीं चला।जिसके बाद थाने में जेएच 02 एम 1171 वाहन रजिस्टेशन नंबर आवेदन देकर पुलिस से गाड़ी को खोजबीन करने का अनुरोध किया है।

# उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिला उद्योग केंद्र पदाधिकारी अनिल कुमार मंडल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

बैठक में महाप्रबंधक , जिला उद्योग केंद्र पदाधिकारी अनिल कुमार मंडल के द्वारा लक्ष्य से काफी पीछे रहने वाले बैंकों से अगले महीने के मीटिंग से पहले लक्ष्य को प्राप्त करने का निदेश दिया गया। गौरतलब हैं कि पीएमईजीपी वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 71 निर्धारित किया गया है जिसमें 32 सेंक्शन्ड, 72 मार्जिन मनी का दावा एवं 56 डिसबर्स्ड किया गया है। पीएमएफएमई वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 01.04.2025 से 11.12.2025 तक) में लक्ष्य 138 निर्धारित किया गया है जिसमें 85 सेंक्शन्ड, एवं 47 डिसबर्स्ड किया गया है। पी एम विश्वकर्म योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा स्टेज 2 में लंबित आवेदन पत्र 127 है एवं स्टेज 2 से 3 में अग्रसारित आवेदन पत्र 5243 है, जन शिक्षण संस्थान किशनगंज द्वारा 1358 लाभुकों को प्रशिक्षण दिया गया।

पी एम विश्वकर्म योजना के अंतर्गत बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत लाभुकों की कुल संख्या 366 है साथ ही इसमें बैंक द्वारा 357.82 लाख की राशि की स्वीकृति दी गई है जिसमें बैंक द्वारा भुगतान किए गए लाभुकों की संख्या 293 तथा बैंक द्वारा भुगतान की गई राशि 285.52 लाख है। बिहार लघु उद्यमी योजना 2023-24 एवं 2024-25 में प्रथम किस्त प्राप्त लाभुकों की संख्या 554 एवं 995 कुल मिलाकर 1549 रहा है एवं वित्तीय वर्ष 2023- 24 में द्वितीय किस्त प्राप्त लाभुकों की संख्या 431 है एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में द्वितीय किस्त प्राप्त लाभुकों की संख्या शून्य है। वित्तीय वर्ष 2023- 24 में तृतीय किस्त प्राप्त लाभुकों की संख्या 116 है एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में तृतीय किस्त प्राप्त लाभुकों की संख्या शून्य है।

मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति उद्यमी, अति पिछड़ा वर्ग, महिला, युवा एवं अल्पसंख्यक उद्यमी योजना के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित लाभुकों की कुल संख्या 145 है जिसमें प्रथम किस्त प्राप्त लाभकों की संख्या 142 है एवं द्वितीय किस्त प्राप्त लाभुकों की कुल संख्या 59 एवं तृतीय किस्त प्राप्त लाभुकों की संख्या 05 है।

बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र द्वारा जानकारी दी गई कि किशनगंज जिला रिकवरी के मामले में प्रदेश में दूसरा स्थान पर है और वर्तमान में जिले की रिकवरी दर 31 प्रतिशत है।

एलडीएम ने बैठक में प्रत्येक बैंक द्वारा लक्ष्यों की प्राप्ति, ऋण वितरण की प्रगति तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की क्रमवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी कार्य तो करते हैं, लेकिन आवश्यकता इस बात की है कि वास्तव में डिसर्वर्स एवं जरूरतमंद लाभार्थियों के हित में अधिक संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि योजनाओं का लाभ सही व्यक्तियों तक प्रभावी रूप से पहुँच सके।

महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पदाधिकारी ने सभी लंबित आवेदन के मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र अनिल कुमार मंडल, एलडीएम एवं अन्य बैंक के कर्मी उपस्थित थे।

# 216 परिवारों को मालिकाना हक देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विभागीय मंत्री संदीप कुमार सोनू से मिले मनमोहन सिंह

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 11 दिसंबर 2025: आदित्यपुर ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के 216 परिवारों को मालिकाना हक देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ चुकी है. इसी मुद्दे को लेकर आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 29 की दिवंगत पार्षद राजमणि देवी के पुत्र मनमोहन सिंह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विभागीय मंत्री संदीप कुमार सोनू से मुलाकात की और किराया खरीद समझौता (हायर परचेस एग्रीमेंट) के तहत अधिकार देने की मांग दोहराई.

मनमोहन सिंह ने बताया कि झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने वर्ष 1980 में आदित्यपुर में ईडब्ल्यूएस के 216 आवासों का आवंटन किया था. लगभग 45 वर्षों से परिवार यहां रह रहे हैं, लेकिन मालिकाना हक अब तक नहीं मिल सका है. इसके विपरीत, इसी क्षेत्र में स्थित एस-टाइप, आई-टाइप, आर-टाइप, ओल्ड एम-टाइप और जनता फ्लैट के लाभुकों को बोर्ड ने हायर परचेस एग्रीमेंट के माध्यम से मालिकाना हक प्रदान कर दिया है, जिसकी योजना का ईडब्ल्यूएस परिवार भी लगातार इंतजार कर रहा है.

उन्होंने बताया कि वर्षों पहले विभागीय मंत्री द्वारा भी इस संबंध में विभाग को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है. इसी बीच विभाग द्वारा कॉलोनी में अचानक सर्वे शुरू कर दिया गया, जिससे भय और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है. वहीं स्थानीय अखबारों में प्रकाशित एक खबर में यह दावा किया गया कि लाभुकों पर एक सप्ताह में 5.50 लाख रुपये की देनदारी नोटिस जारी की गई है, हालांकि कॉलोनी के किसी परिवार को ऐसा कोई नोटिस नहीं मिला है.

मनमोहन सिंह ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के 216 परिवार गरीब एवं अल्प आय वर्ग से आते हैं, जो नए पुनर्विकास मॉडल की भारी लागत वहन करने में सक्षम नहीं हैं. उन्होंने मांग की कि विभाग द्वारा पूर्व में किए गए आश्वासनों के अनुरूप इन परिवारों को भी हायर परचेस एग्रीमेंट योजना के तहत वर्तमान आवास पर मालिकाना हक प्रदान किया जाए.

उन्होंने कहा कि यह कदम न सिर्फ नीतिगत रूप से न्यायसंगत होगा बल्कि 45 वर्षों से एक ही स्थान पर रह रहे हजार से अधिक लोगों को स्थायी सुरक्षा भी प्रदान करेगा. परिजनों और स्थानीय निवासियों ने उम्मीद जताई है कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील निर्णय लेगी. इस अवसर पर ईचागढ़ की विधायक सविता महतो एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सदस्य काबलू महतो भी मौजूद रहे.

# इंद्रपुरी बराज के समीप से अज्ञात शव बरामद जॉच में जुटी पुलिस

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र से एक अज्ञात शव बरामद किया गया है।जानकारी के अनुसार शव पर कोई भी चोट का निशान नहीं है।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि इंद्रपुरी बराज के समीप नहर के बगल में सड़क किनारे से एक शव बरामद किया गया है ।शव की पहचान नहीं हो सकी है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है ।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा कि किस कारण



मौत हुई है ।वैसे पुलिस द्वारा आस पास के थाना को फोटो भेजा गया है ताकि शव का पहचान हो सके।मामले में पुलिस जांच में जूट गई है

# अयोध्या में श्री राम मंदिर के दर्शन के दौरान प्रतिनिधियों ने बेहद भावुक क्षणों का अनुभव किया

काशी तमिल संगमम 4.0 के अंतर्गत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से आए प्रतिनिधिमंडलों के चौथे बैच ने गुरुवार को एक बेहद भावुक और यादगार दिन बिताया। समूह ने हनुमानगढ़ी स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर और पवित्र सरयू नदी के तट के दर्शन किए। इन अनुभवों ने प्रतिनिधिमंडल पर अमिट छाप छोड़ी। भगवान श्री राम की प्रतिमा के दर्शन करते हुए प्रतिनिधिमंडल अत्यंत भावुक हो गया। उन्होंने इस क्षण को आध्यात्मिक रूप से सार्थक बताया। हनुमानगढ़ी में प्रतिनिधिमंडल ने भक्तिमय वातावरण में भगवान श्री हनुमान के मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस यात्रा ने उन्हें आंतरिक शक्ति का अनुभव कराया। उन्होंने बताया कि हनुमानजी की उपस्थिति ने उनमें नए सिरे से आत्मविश्वास जगाया।

दोपहर में प्रतिनिधिमंडल ने सरयू नदी के किनारे समय बिताया। उन्होंने पाया कि काशी तमिल संगम ने आस्था, इतिहास और आध्यात्मिकता के साथ सार्थक जुड़ाव प्रदान किया है, जिसमें श्री राम मंदिर के दर्शन विशेष रूप से यादगार रहे।

# असम में श्रमिकों को ले जा रहे वाहन का दुखद हादसा

- असम सरकार के मंत्री बिमल बोरा ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया
- बचाव अभियान का निरीक्षण किया
- दुर्घटना 8 दिसंबर को हुई थी और प्रशासन को इसकी सूचना दो दिन बाद मिली
- आज छह शव बरामद किए गए
- दुर्घटनास्थल तक पहुंच न होने के कारण बचाव अभियान स्थगित

**समाज जागरण**



असम के उद्योग, वाणिज्य और सार्वजनिक संस्थान मंत्री बिमल बोरा ने आज पीड़ितों के बचाव अभियान का जायजा लेने के लिए दुर्घटनास्थल का दौरा किया। तिनसुकिया विधायक संजय किसान के साथ डिब्रूगढ़ से आठ घंटे की यात्रा के बाद मंत्री दुर्घटनास्थल पहुंचे और जिला प्रशासन, भारतीय सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों से जानकारी ली, जो सुबह से बचाव अभियान चला रहे हैं।

पहाड़ों में एक गहरी खाई से वाहन में सवार छह मजदूरों के शव शाम तक बरामद कर लिए गए हैं। कड़ाके की ठंड और दुर्घटनास्थल बेहद दुर्गम और खतरनाक होने के कारण बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी।*मजदूरों को ले जा रहा वाहन 8 दिसंबर की रात को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन दुर्घटना में बच निकले एक मजदूर ने घटनास्थल से कई किलोमीटर पैदल चलकर दो दिन बाद एक मजदूर शिविर में घटना की सूचना दी। दुर्घटना की सूचना सड़क निर्माण के प्रभारी जनरल इंजीनियरिंग रिजर्व फोर्स (GRIFF) शिविर को दी गई। ठअऋ और सेना ने इलाके में बचाव अभियान शुरू किया।

घटनास्थल इतना दुर्गम है । सुबह से चल रहे बचाव अभियान के बाद दोपहर करीब 2 बजे खाई से पहला शव निकाला गया।इससे पहले, उद्योग मंत्री बोरा ने अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले का दौरा किया और जिला आयुक्त, पुलिस अधीक्षक और तेजू आईटीबीपी कमांडेंट के साथ पीड़ितों के बचाव अभियान पर महत्वपूर्ण चर्चा की और फिर घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।जंगल क्षेत्र में घने कोहरे और अंधेरे के कारण शाम होते ही बचाव अभियान रोक दिया गया, लेकिन कल सुबह फिर से शुरू होगा।

यह उल्लेखनीय है कि वाहन तिनसुकिया कस्बे के पास स्थित गेलापुखुरी चाय बागान से अरुणाचल प्रदेश के अंजाओ जिले में निर्माण कार्य के लिए 22 लोगों को ले जा रहा था, तभी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने दुर्घटना ग्रस्त परिवार के लोगों से मुलाकात की।